आदिवर्ण तमसः परस्तात्
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, सोमवार, 12 जनवरी 2026 कृष्ण पक्ष-नवमीं, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 264 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

तथाकथित बाबा राम रहीम को एक बार फिर चालीस दिनों के लिए पेरोल पर छोड़ दिया गया। यौन शोषण और हत्या के मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा हुई है। जब से वे जेल में हैं पंद्रहवी बार पेरोल पर बाहर आये हैं। अब तक 405 दिन वे जेल से बाहर रह चुके हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि अन्य कैदियों को यह सुविधा क्यों नहीं मिलती? राम रहीम में ही ऐसे कौन से सुर्खाब के पर लगे हैं कि वे अंदर बाहर होते रहते हैं? इससे तो अच्छा है उन्हें रिहा कर दिया जाये।

एनटीपीसी करने जा रही है प्रदेश में 10,000 करोड़ का निवेश

रायपुर/नवप्रदेश। एनटीपीसी छत्तीसगढ़ में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से कोयला से सिंथेटिक नेचुरल गैस (एसएनजी) बनाने वाली सुविधा स्थापित करेगी। कंपनी के एक सीनियर अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी एसएनजी उत्पादन के तहत कोयले के प्यूरीफिकेशन और गैसीकरण जैसी विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए टेक्नोलॉजी साझेदारों की तलाश कर रही है। एनटीपीसी ने अक्टूबर 2025 में कोयले से एसएनजी बनाने के लिए इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। एनटीपीसी की रिसर्च एंड डेवलपमेंट ब्रांच 'नेत्रा' 'कोयले को ग्रीन बनाने जैसी तकनीकों को बढ़ावा देने के तहत इस पहल का नेतृत्व कर रही है।

कितनी होगी क्षमता?

अधिकारी के अनुसार, यह परियोजना छत्तीसगढ़ के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शेयरों की स्थिति पिछले एक साल में अच्छी नहीं रही

शुक्रवार को एनटीपीसी लिमिटेड के शेयर बीएसई में 2.34 प्रतिशत की गिरावट के बाद 336.05 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते एक साल में एनटीपीसी के शेयरों की कीमतों में महज 5 प्रतिशत की तेजी आई है। जोकि सेंसेक्स इंडेक्स के 7.67 प्रतिशत के रिटर्न की तुलना में भी काफी कम है। हालांकि, 5 साल में यह सरकारी कंपनी अपने पोजीशनल निवेशकों को शेयर बाजार में 235 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रही है।

शीतलहर का अलर्ट, और बढ़ेगी ठंड, 14 जनवरी तक रहें सावधान

नई दिल्ली। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2-3 दिनों तक राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, बिहार और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में दिन के समय भी ठंड ज्यादा रहने की संभावना है, जिसे कोल्ड डे कहा जाता है. 10 और 11 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में शीतलहर चल सकती है. 10 जनवरी को उत्तराखंड, मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार में भी ठंड बढ़ने के आसार हैं. वहीं 11 से 14 जनवरी के बीच राजस्थान में तेज शीतलहर चलने की बहुत अधिक संभावना जताई गई है. विभाग के अनुसार, 9 और 10 जनवरी को तमिलनाडु के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है. वहीं 11 जनवरी को भी राज्य के कुछ स्थानों पर भारी बारिश देखने को मिल सकती है.

विकास तिवारी कांग्रेस से निष्कासित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ प्रवक्ता विकास तिवारी को पार्टी ने प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। झीरम मामले में गठित न्यायिक जांच आयोग को लेकर उन्होंने बयान दिया था। कारण बताओ नोटिस का जवाब असंतोषजनक होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर उन्हें निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता विकास तिवारी सोमवार को कांग्रेस भवन पहुंचे और झीरम घाटी कांड से जुड़े दस्तावेजी सबूत पेश किए थे। उन्होंने कारण बताओ नोटिस का लिखित जवाब भी दिया। कांग्रेस भवन पहुंचने पर विकास तिवारी ने सबसे पहले झीरम घाटी हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दावा किया कि उनके पास ऐसे ठोस सबूत हैं, जिनके आधार पर इस मामले में कई बड़े चेहरों का सच सामने आ सकता है। वे केवल सच्चाई सामने लाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से उन्होंने जांच एजेंसियों को पत्र लिखा था।

भारत में 100 करोड़ की 'डिजिटल डकैती' का भंडाफोड़

नई दिल्ली/नवप्रदेश। दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इसमें हजारों लोगों को कथित तौर पर 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर डरा-धमकाकर लगभग 100 करोड़ रुपये की ठगी की गई। आरोप है कि यह ठगी करने वाला गिरोह खुद को एंटी टेररिस्ट स्क्वाड का अधिकारी बताकर लोगों को कॉल करता था और कहता था कि उनके मोबाइल नंबर आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े मामलों में इस्तेमाल हुए हैं। इस सिंडिकेट के तार पाकिस्तान समेत कई देशों तक फैले हुए हैं। पुलिस ने अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के डिप्टी कमिश्नर विनीत कुमार ने बताया कि सितंबर 2025 से शुरू हुई इस ठगी में फ्रॉडस्टर्स पीड़ितों को फोन कर पहलगाम हमला और दिल्ली के रेड फोर्ट ब्लास्ट जैसे आतंकी मामलों से उनके फोन नंबरों के जुड़े होने का आरोप लगाते थे।

अधिकारी-कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 से बढ़ाकर 58 प्रतिशत करने की घोषणा की

कर्मचारियों की मेहनत, निष्ठा और अनुशासन से ही साकार होती हैं शासन की नीतियां : साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महंगाई भत्ता केंद्र सरकार के समान बढ़ने की घोषणा की है। अब 55% से बढ़कर महंगाई भत्ता 58% कर दिया गया है। इससे प्रदेश के करीब 5 लाख सरकारी कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। साथ ही कर्मचारियों की मासिक आय में बढ़ोतरी होगी। बढ़ती महंगाई के असर से कुछ राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी संघ के आठवें राज्य सम्मेलन के दौरान की है। डीए बढ़ोतरी की घोषणा के बाद लंबे समय से मांग कर रहे कर्मचारी खुश नजर आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि देश के कई राज्य अभी भी केंद्र के महंगाई भत्ते से पीछे हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र के बराबर डीए देने का फैसला किया है। हमारी सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति सजग है। समय-समय पर उनके हित में आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

5 महीने पहले भी बढ़ा था 3% डीए

इसके पहले राज्य सरकार ने अधिकारी-कर्मचारी के लिए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया था। प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा था। अब 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर 58 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले राज्य सरकार ने 3 मार्च को विधानसभा में साल 2025-26 के वार्षिक बजट में 53 प्रतिशत डीए दिए जाने की घोषणा की थी। राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी करके 53 प्रतिशत कर दिया गया था।

सरकार पर सालाना 540 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा

सातवें वेतन आयोग के तहत काम करने वाले कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ाया गया, जबकि छठे वेतन आयोग के तहत कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 7 प्रतिशत बढ़ाया गया। यह बढ़ोतरी 1 मार्च, 2025 से लागू हुई। इसका भुगतान अप्रैल में मार्च 2025 की सैलरी के साथ शुरू हुआ। महंगाई भत्ते में इस 3% की बढ़ोतरी से राज्य सरकार पर सालाना 540 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। इसके अलावा पेंशनभोगियों को 3 प्रतिशत महंगाई राहत देने से सालाना 108 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।

पीएम मोदी ने वाइब्रेंट गुजरात में विकास व विरासत का दिया मंत्र

नई दिल्ली/ए.। वाइब्रेंट गुजरात में पीएम मोदी ने कहा- 2026 की शुरुआत के बाद यह गुजरात का मेरा पहला दौरा है. यह और भी ज्यादा सुखद है क्योंकि 2026 की मेरी यात्रा सोमनाथ दादा के चरणों में नमन करके शुरू हुई. मैं गुजरात के दिल राजकोट में इस शानदार कार्यक्रम में हिस्सा ले रहा हूं. इसका मतलब है विकास और विरासत दोनों. यह मंत्र हर जगह गूंज रहा है.

जब भी वाइब्रेंट गुजरात समिट का मंच सजता है, तो मैं सिर्फ एक समिट नहीं देखता, मैं 21वीं सदी के आधुनिक भारत की यात्रा देखता हूं, एक ऐसी यात्रा जो एक सपने से शुरू हुई थी और अब अटूट विश्वास के मुकाम तक पहुंच गई है. दो दशकों में, वाइब्रेंट गुजरात की यात्रा एक ग्लोबल बेंचमार्क बन गई है. अब तक दस एडिशन हो चुके हैं, और हर एडिशन के साथ इस समिट की पहचान और भूमिका और मजबूत हुई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा 7 जिलों (अमरेली, भावनगर, जामनगर, कच्छ, मोरबी, राजकोट और सुरेंद्रनगर) में 3540 एकड़ से ज्यादा एरिया में बने 13 नए स्मार्ट इंडस्ट्रियल एस्टेट का उद्घाटन किया. वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "मैं पहले दिन से ही वाइब्रेंट गुजरात समिट के विजन से जुड़ा हुआ हूं, शुरुआती दौर में, हमारा मकसद दुनिया को गुजरात की क्षमता से परिचित कराना था. हम चाहते थे कि लोग यहां आएं, यहां निवेश करें, और भारत को इसका फायदा हो. ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रंप के अमेरिका में नया आतंक... नाम है गुलाबी कोकीन

■ खाते ही शरीर पड़ जाता है नीला

वाशिंगटन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई चल रही है। वेनेजुएला जैसे देशों में ड्रग बोट्स पर हमले, वेनेजुएला जैसे देशों पर सैन्य ऑपरेशन, और बड़े पैमाने पर जब्तियां। लेकिन फिर भी अमेरिका में नया खतरनाक ड्रग पिंक कोकीन (जिसे तुसी या Tuci भी कहते हैं) क्लबों और पार्टियों में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

A&ios की ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह ड्रग अब बड़े शहरों से ग्रामीण इलाकों तक पहुंच चुका है, और स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। असल में यह कोकीन नहीं है, बल्कि एक खतरनाक कॉकटेल है यानी कई नशीले पदार्थों का मिश्रण। मुख्य रूप से इसमें केटामाइन (डिसोसिएटिव) और एमडीएमए (एक्सटेसी) होते हैं। जांच में अक्सर मेथामफेटामाइन, ओपिओइड्स, फेंटानिल जैसे घातक तत्व भी मिलते हैं। ऊपर से इसे आकर्षक बनाने के लिए गुलाबी फूड कलरिंग मिलाई जाती है, जो देखने में 'कूल' ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी, जानें डॉक्टर ने क्या दी सलाह

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की सेहत में सुधार के बाद उनको अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। सोनिया गांधी को 5 जनवरी 2026 की शाम को चेस्ट इन्फेक्शन के कारण ब्रोंकियल अस्थमा बढ़ने की वजह से सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में डॉ. अरूप बसु (सीनियर कंसल्टेंट चेस्ट मेडिसिन) की देखरेख में सोनिया गांधी का इलाज चल रहा था। सर गंगाराम अस्पताल के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, उन्होंने इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दी है और उनकी सेहत में अच्छा सुधार हुआ है।

रेलवे अवार्ड का जश्न, यात्रियों पर पड़ा भारी

राजधानी एक्सप्रेस रोकी गई, वीआईपी स्वागत पर उठे सवाल, यात्री परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 मिलने की खुशी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का जश्न यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया। नई दिल्ली-बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस पहले से ही विलंब से चल रही थी, लेकिन रायपुर स्टेशन पर वीआईपी स्वागत के चलते ट्रेन को और रोक दिया गया, जिससे यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। भारतीय रेल द्वारा 9 जनवरी को नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में 70वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को उत्कृष्ट कार्यों के लिए तीन प्रतिष्ठित शील्ड से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर लौटने के बाद रविवार को रायपुर और बिलासपुर स्टेशन पर जोन के वरिष्ठ अधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। खास तौर पर पीसीसीएम प्रवीण पांडेय के सम्मान में आयोजित स्वागत कार्यक्रम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

विडंबना... 300 करोड़ के बजट की जरूरत, अधिकारियों ने खड़े किए हाथ

2 साल बाद भी शुरू नहीं हुआ मैनपाट में झंडा पार्क बनाने का काम

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में देश का दूसरा सबसे ऊंचा तिरंगा पार्क बनाने की योजना पर काम बजट के अभाव में शुरू नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार ने तिरंगा पार्क बनाने के लिए जिला प्रशासन को एक करोड़ रुपए जारी किया हुआ है, लेकिन यह रुपये बेहद कम है इसकी वजह से मैनपाट में तिरंगा पार्क निर्माण का काम अब अटक गया है। तिरंगा पार्क निर्माण के लिए देश की प्रतिष्ठित बजाज कंपनी के तकनीकी विशेषज्ञों ने मैनपाट में पहुंचकर निर्माण स्थल का जायजा लिया था और उसके बाद बताया था कि इसके निर्माण में करीब 300 करोड़ रुपए खर्च होंगे, इतना भारी भरकम बजट के बारे में जब जिला प्रशासन के अधिकारियों को बताया गया तो उन्होंने भी अब इस पूरे मामले से हाथ खड़ा कर लिया है, क्योंकि सरकार से इतना बड़ा बजट फिलहाल मिलने की उम्मीद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

2 साल बाद भी शुरू नहीं हुआ मैनपाट में झंडा पार्क बनाने का काम

मैनपाट में देश का दूसरा सबसे ऊंचा तिरंगा पार्क बनाने की पीछे की वजह थी कि इसकी वजह से मैनपाट का पर्यटन तेजी से बढ़ेगा। यहां दूर-दूर से पर्यटक पहुंचेंगे और स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा इसके साथ ही देश और दुनिया के मानचित्र में मैनपाट का अपना अलग पहचान भी बनेगा लेकिन 2 साल का वक्त बीत जाने के बावजूद अब तक पार्क निर्माण के लिए एक ईंट तक नहीं रखा जा सका है। मैनपाट में देश का दूसरा सबसे ऊंचा झंडा पार्क निर्माण की घोषणा दो साल पहले की गई थी। तब बताया गया था कि झंडे की ऊंचाई 412 फीट होगी। भारत में सबसे ऊंचा झंडा

पार्क अटारी के बाघा बार्डर में है। जिसकी ऊंचाई 418 फीट है। इसके लिए सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, सरगुजा के तत्कालीन कलेक्टर विलास भोस्कर समेत जनप्रतिनिधियों ने नर्मदापुर में स्टेडियम के बगल में 20 एकड़ जमीन चिन्हांकित किया था। कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले को उस जमीन को झंडा पार्क के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए थे।

केरल में भाजपा सरकार बनाना हमारा लक्ष्य : अमित शाह

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का केरल में अंतिम लक्ष्य कमल चिन्ह के नीचे सरकार बनाना है। नवनिर्वाचित स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों की सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने तिरुवनंतपुरम स्थानीय चुनावों में हालिया जीत को एक पड़ाव बताया। शाह ने पार्टी के उद्देश्य पर जोर देते हुए कहा कि केरल को पूर्ण रूप से विकसित बनाना, राष्ट्र-विरोधी ताकतों से बचाना और सदियों से चली आ रही आस्था की शक्ति की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि केवल नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला एनडीए ही ये लक्ष्य हासिल कर सकता है।

अमित शाह ने कहा, 'यह जीत हमारा लक्ष्य नहीं है, बल्कि हमारे लक्ष्य की ओर एक कदम है। हमारा अंतिम लक्ष्य केरल में कमल चिन्ह के नीचे सरकार बनाना और भाजपा का मुख्यमंत्री लाना है। हमारा लक्ष्य केरल को पूर्ण विकसित केरल बनाना, केरल को राष्ट्र-विरोधी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ शासन

"उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए"
—— स्वामी विवेकानंद जी

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

सशक्त युवा | विकसित छत्तीसगढ़

- शासकीय भर्तियों में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट
- प्रदेश के 34 नगरीय निकायों में 'नॉलेज बेस्ड सोसायटी' के प्रतीक के रूप में अत्याधुनिक लाइब्रेरी की स्थापना
- 5 नए पॉलिटेक्निक शुरू
- 484 करोड़ रुपए की लागत से राज्य के 160 आईटीआई का मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन
- 4 नए आईटीआई प्रारंभ
- 5 सीजीआईटी संस्थानों की स्थापना हेतु प्रशासनिक स्वीकृति
- 2 एम-टेक तथा बी-फार्मेसी (60 सीट्स) पाठ्यक्रमों को मंजूरी
- नवाचार और उद्यमिता के विकास हेतु आई हब गुजरात के साथ एमओयू
- ओलंपिक खेलों में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक अर्जित करने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को क्रमशः तीन, दो व एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि

राष्ट्रीय युवा दिवस
12 जनवरी 2026

स्टार्टअप एंड इनोवेशन सेंटर की स्थापना
युवाओं को सशक्त बनाने के लिए 'छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति'
युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने के लिए 'युवा रत्न सम्मान'
5 नए मेडिकल कॉलेज

युवाओं के प्रेरणा स्रोत
स्वामी विवेकानंद जी
की जयंती पर शत्-शत् नमन

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

S- 46517

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 2026

मुख्य अतिथि
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

समापन समारोह
12 जनवरी, 2026
दोपहर 02.30 बजे
ग्राम - दुधली, जिला-बालोद, छत्तीसगढ़

अध्यक्षता
डॉ. अनिल जैन (पूर्व सांसद राज्यसभा)
माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष, बी.एस.जी.

अति विशिष्ट अतिथि

श्री गजेन्द्र यादव — माननीय शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
श्री भोजराज नाग — माननीय सांसद, लोकसभा कांकेर
डॉ. के.के. खण्डेलवाल (आई.ए.एस. रिटा.) — माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त
श्रीमती संगीता सिन्हा — माननीय विधायक, वि.स. बालोद
श्रीमती अनिला भेड़िया — माननीय विधायक, वि.स. डौंडी लोहारा
श्री कुंवर सिंह निषाद — माननीय विधायक, वि.स. गुण्डरदेही

विशिष्ट अतिथि

श्री राकेश यादव — माननीय जिला मुख्य आयुक्त, बीएसजी, छ.ग
श्रीमती तारणी चंद्राकर — माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत, बालोद
श्री तोरण लाल साहू — माननीय अध्यक्ष नगर पालिका, दल्ली राजहरा
श्रीमती प्रतिभा चौधरी — माननीय अध्यक्ष नगर पालिका, बालोद
श्री पी.जी.आर. सिंधिया — माननीय सेक्रेटरी जनरल प्रेसीडेंट इन काउंसिल
डॉ. के.पी. मिश्रा — माननीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बी.एस.जी.
श्री इंदरजीत सिंह खालसा — माननीय राज्य मुख्य आयुक्त, बी.एस.जी., छ.ग.
श्री अमर बी. छेत्री — माननीय कार्यकारी निर्देशक बी.एस.जी.
श्री राजेंद्र राय — माननीय पूर्व विधायक, गुण्डरदेही
श्री वीरेन्द्र साहू — माननीय पूर्व विधायक, गुण्डरदेही
श्री प्रीतम साहू — माननीय पूर्व विधायक, बालोद
श्रीमती कुमारी बाई साहू — माननीय पूर्व विधायक, बालोद

आप सभी आमंत्रित हैं...

आयोजक - भारत स्काउटस् एवं गाइडस् जम्बूरी काउंसिल

यात्री शिकायत निवारण में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को बोर्ड स्तर पर सर्वोच्च सम्मान

रेल मदद शील्ड से हुआ गौरवान्वित, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक का शील्ड लेकर आगमन पर स्टेशन में सम्मान समारोह आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। यात्रियों की शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं संवेदनशील निवारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को प्रतिष्ठित 'रेल मदद शील्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान रेल मंत्री द्वारा 9 जनवरी 2026 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 70वें रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह - अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 के दौरान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने यह प्रतिष्ठित शील्ड प्राप्त की। आज 11 जनवरी को प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के 'रेल मदद शील्ड' के साथ बिलासपुर आगमन पर बिलासपुर रेलवे स्टेशन में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इस उपलब्धि को उत्साहपूर्वक सेलिब्रेट किया गया। समारोह के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सांस्कृतिक टीम द्वारा 'रेल मदद' के माध्यम से यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं एवं सहायता को दर्शाते हुए नुक्कड़ व संगीत मय प्रस्तुति दी गई। वहीं स्काउट एवं गाइड टीम द्वारा जीवंत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेल मदद ऐप को डाउनलोड करने की प्रक्रिया, इसके लाभ तथा यात्रियों को मिलने वाली त्वरित सहायता की जानकारी दी गई।

सभी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, लगन से मिली उपलब्धि: पाण्डेय

अपने संबोधन में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने इस उपलब्धि को सभी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, लगन और यात्रियों की हर संभव सहायता के संकल्प को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 'पिछली बार हम 11वें स्थान पर थे, लेकिन आप सभी के अथक प्रयासों से आज हम प्रथम स्थान पर पहुँचे हैं। इस उपलब्धि को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि रेल मदद भारतीय रेल का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसकी मॉनिटरिंग जोन एवं मंडल स्तर पर वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा की जाती है। यह प्लेटफॉर्म शिकायत निवारण, पूछताछ एवं यात्री सहायता के लिए विकसित किया गया है। इसके माध्यम से यात्री स्वच्छता, सुरक्षा, चिकित्सा सहायता, खानपान सहित अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतें दर्ज कर सकते हैं, उनकी स्थिति ट्रैक कर सकते हैं तथा मोबाइल ऐप, वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से फीडबैक भी दे सकते हैं। यह प्रणाली यात्रियों की समस्याओं के त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करती है, जिससे रेल यात्रा अनुभव में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है।

न्यूज गैलरी

लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने किया श्रद्धांजलि अर्पित

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण-शहर की ओर से लालबहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में देश के दूसरे प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शास्त्री जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज़िला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री शारीरिक रूप से भले ही दुबले-पतले थे लेकिन उनके इरादे बेहद मजबूत थे। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उस समय नेतृत्व किया, जब अधिकांश वरिष्ठ नेता गिरफ्तार हो चुके थे। शास्त्री सादगी, सरलता और सौम्यता के प्रतीक थे। उन्होंने प्रशासनिक क्षेत्र में कई ऐसे नियम लागू किए, जो आज भी प्रचलन में हैं। उन्होंने कहा कि शास्त्री की स्पष्ट सोच थी कि देश की सीमाओं की रक्षा सैनिक करते हैं और देश के भीतर किसानों के अन्न से राष्ट्र आर्थिक रूप से सशक्त बनता है। इसी विचार से उन्होंने जय जवान-जय किसान का नारा दिया जिससे सैनिकों और किसानों दोनों का मनोबल बढ़ा।

स्टंटबाजी बनी मौत का कारण, सकरी थाना क्षेत्र के आसमा सिटी के पास की घटना

बाइक से रेसिंग कर रहा नाबालिग नाले में गिरा, मौके पर ही गई जान

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में तेज रफ्तार और स्टंटबाजी एक बार फिर जानलेवा साबित हुई है। रविवार सुबह करीब 7 बजे सकरी थाना क्षेत्र के आसमा सिटी के पास आर15 बाइक से रेसिंग कर रहे एक नाबालिग युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाबालिग युवक अत्यधिक तेज गति से बाइक चला रहा था। उसके साथ दो से तीन अन्य युवक भी अलग-अलग बाइक से रेसिंग कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और आर15 बाइक सड़क किनारे लगे पान ठेले को तोड़ते हुए सीधे नाले में जा गिरी। हादसे में पान ठेला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि बाइक सवार युवक उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक की पहचान प्रेम कुमार सिंह, पिता रामबाबू सिंह, उम्र 16 वर्ष, निवासी राजकिशोर नगर, सरकंडा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सकरी पुलिस भी मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों के साथ-साथ रेसिंग में शामिल अन्य युवकों की भूमिका की भी जांच कर रही है। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर शहर में नाबालिगों द्वारा तेज रफ्तार वाहन चलाने, स्टंटबाजी और यातायात नियमों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रहे ऐसे हादसे सड़क सुरक्षा और पुलिस की निगरानी व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा रहे हैं।

पान ठेले से टकराई

तीन बाइक सवारों के बीच स्टंटबाजी की होड़ लगी थी, तभी एक बाइक अनियंत्रित होकर पहले पान ठेले से टकराई और फिर सीधे नाले में जा गिरी। अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक अनियंत्रण हो गई और वह हादसे का शिकार हो गया। बाइक समेत नाबालिग युवक पहले पान ठेले से टकराई फिर नाले में गिर गया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही मौत हो गई। सकरी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि नाबालिग को बाइक किसने उपलब्ध कराई और किन परिस्थितियों में वह वाहन चला रहा था।

देशी शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। देशी शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक आरोपी को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 33 पाव देसी प्लेन शराब जिसकी कीमत 2640 रुपए है को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पंकज पटेल , नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली गगन कुमार के मार्गदर्शन में अवैध शराब का धंधा करने वालों के ऊपर अंकुश लगाने व उनके विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करने के अनुक्रम में थाना कोनी पुलिस को 10 जनवरी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि संजय सूर्यवंशी नामक व्यक्ति ग्राम रमतला पानी टंकी के पास देशी प्लेन शराब रखा हैं बेच रहा हैं कि मुखबिर सूचना पर कोनी पुलिस रवाना होकर मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर घेराबंदी कर संजय सूर्यवंशी पिता स्व केसनंद सूर्यवंशी उम्र 40 वर्ष निवासी

ग्राम रमतला थाना कोनी के हाथ में एक सफेद रंग के थैला मिला जिसे चेक करने पर 33 नग देशी प्लेन शराब कीमती 2649 रुपए कांच की शीशी प्रत्येक में 180-180 एम एल भरा हुआ मिला शराब रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया उपरोक्त देशी प्लेन शराब को जप्त कर पुलिस कब्जा में लिया गया आरोपी संजय सूर्यवंशी का कृत्य धारा 34 (2)आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष रिमांड में पेश किया जाएगा।

भगवान की भक्ति और नाम जपने का मतलब यह नहीं कि आप मेहनत करना छोड़ दें: जया

■ मिनोचा कॉलोनी कथा स्थल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री प्रेम सेवा परिवार द्वारा मिनोचा कॉलोनी में आयोजित विश्व विख्यात कथा वाचक जया किशोरी के नानी बाई का मायरा भजन गायन में आज दूसरे दिन भी मिनोचा कॉलोनी में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भक्ति गीतों में जमकर झूमे। आज मायरो कथा का अंतिम दिन है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, परिवार सहित भजन कीर्तन सुनने पहुंचे। जया किशोरी ने आज की कथा में बतायाकी ठाकुर महाराज ने कैसे नरसिंह मेहता के लिए मायरा भेजने की तैयारी कराई। उन्हें निमंत्रण मिला तो नरसिंह के पास मायरा भेजने के लिए कुछ नहीं था। टूटी हुई बैलगाड़ी में कपड़े लंगोट और तुंबा भरकर मायरा भेजने की तैयारी करने लगे। लोग उनके आसपास के लोग भी उसे समय उनसे दूरी बनाने लगे। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू,प्रदेश शासन के पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, बिलासपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला ,अटल श्रीवास्तव, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, अनेक जनप्रतिनिधि ने आज प्रख्यात कथा वाचक जया किशोरी के मायरो कथा का श्रवण पान किया। जया किशोरी ने नानी बाई का मायरो कथा एवं भजन में कहा है कि भक्ति का मतलब यह नहीं की मेहनत करना आप छोड़ दो। काम तो करना पड़ेगा, पढ़ाई तो करनी पड़ेगी? परीक्षा में भगवान पेपर बनाने नहीं आते।

राम कथा का मिला आमंत्रण

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल ने जया किशोरी को बिलासपुर में संत विजय कौशल महाराज की राम कथा 12 जनवरी से प्रारंभ होने वाले राम कथा कलश यात्रा का निमंत्रण भी दिया। आज की कथा में जया किशोरी ने बताया कि नरसिंह जी के मायरा की गाड़ी में चलने की कोई तैयार नहीं था। क्योंकि उनके पास एक कपड़े की पोटली और तुंबा हीथा। नरसी को निधन जानकर सब साथ छोड़ रहे थे और चर्चा भी होने लगी मेरा भरने जा रहे हैं कुछ है भी नहीं। नरसिंह की गाड़ी का पहिया भी टूट गया बैलों को चोट लग गई ठाकुर जी जब बोलने लगे मुझे भी साथ ले लोतो नरसिंह मना करने लगे लेकिन जब उनकी गाड़ी ठाकुर जी ने बना दी तो वह ठाकुर साहब को साथ चलने आग्रह करने लगे और नरसिंह भगवान को मानने लगे।

केमिस्ट बनने शामिल हुए अभ्यर्थी पूछे गए कठिन सवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल मे केमिस्ट भर्ती परीक्षा का आयोजन व्यापमं ने रविवार को किया। पिछले साल इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया 14 नवंबर तक चलायी गई। बिलासपुर मे बनाये 12 परीक्षा केन्द्रों पर 2229 अभ्यर्थी उपस्थित रहे पर्यावरण संरक्षण मंडल मे केमिस्ट का ज्ञान पर्यावरण रसायन भौतिकी के अलावा जीव विज्ञान भी है। रविवार को इसके के लिए व्यापम ने प्रदेश के पांच संभागों मे परीक्षा का आयोजन किया।

दिव्यांग को बैटरी चालित ट्राईसिकल मिली, आसान हुई दिनचर्या

बिलासपुर/नवप्रदेश। गणेश नगर पानी टंकी स्कूल के सामने स्थित यादव किराना स्टोर के संचालक के पुत्र समीर यादव दिव्यांग होने के कारण दैनिक जीवन में आवागमन की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे थे। कहीं भी आने-जाने में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए वार्ड क्रमांक 46 के पार्षद इब्राहिम खान (अब्दुल) ने संवेदनशील पहल करते हुए उन्हें बैटरी चालित ट्राई सायकल उपलब्ध कराई। इस सकारात्मक कदम से समीर यादव की दिनचर्या अब काफी हद तक

सुगम हो गई है और उन्हें आत्मनिर्भरता की नई राह मिली है। यह पहल न केवल एक दिव्यांग व्यक्ति के जीवन में बदलाव लेकर आई, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना का भी उत्कृष्ट उदाहरण बनी है। वार्ड पार्षद इब्राहिम खान (अब्दुल) द्वारा सदैव वार्डवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान की दिशा में कार्य किया जाता है। जनहित से जुड़े मुद्दों के निराकरण में उनकी सक्रियता और प्रतिबद्धता लगातार देखने को मिलती है। वार्ड के समग्र विकास के साथ-साथ जरूरतमंदों, विशेषकर दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे उनके प्रयास सराहनीय हैं। दिव्यांग समीर यादव को ट्राई सायकल उपलब्ध कराए जाने पर उनके परिजनों ने पार्षद इब्राहिम खान (अब्दुल) के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस मानवीय पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह कदम समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशील नेतृत्व का संदेश देता है।

आकस्मिक निधि कर्मचारियों को सेवामुक्त करने का आदेश निरस्त

संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं रायगढ़ ने दिया था आदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधिपूर्वक अपनाई गई चयन प्रक्रिया में नियुक्त चतुर्थ श्रेणी आकस्मिक निधि कर्मचारियों को उप-संचालक पशु चिकित्सा सेवायें रायगढ़ ने जबरन सेवामुक्त करने का आदेश दे दिया। इस मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सेवा समाप्ति आदेश को अपास्त कर दिया। साथ ही पूर्व में उच्च न्यायालय द्वारा निराकृत की जा चुकी रिट याचिका के अनुसरण में कार्यवाही करने निर्देश दिया है। पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी आकस्मिक निधि परिचारक सह चौकीदार भर्ती प्रक्रिया में 44 कर्मचारी चयनित हुए इनका नियुक्ति

आदेश दिनांक 16 जुलाई 2012 को जारी किया गया था। इसके बाद से गणेश राम यादव, वीरेन्द्र कुमार राठिया, सुरेन्द्र कुमार बेहरा, दिगम्बर प्रसाद राठिया, श्रीधर पांडा यह सब याचिकाकर्ता इस विभाग में काम करते आ रहे थे। उप-संचालक पशु चिकित्सा सेवायें रायगढ़ ने 8.मई 2025 को सेवा समाप्ति का आदेश पारित कर दिया जिसके विरुद्ध उच्च न्यायालय के समक्ष इस आदेश को अधिवक्ता सुनील सोनी के माध्यम से चुनौती दी गई। पूर्व में नियुक्ति आदेश 16 जुलाई 2012 के समाप्ति आदेश के विरुद्ध याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी, जिसमें सेवा समाप्ति आदेश के विरुद्ध स्थगन आदेश जारी किया गया। उक्त रिट याचिका में पारित अंतिम आदेश (28 फरवरी 2023) के तहत इन्हें सेवा प्रदान की जा रही थी, किन्तु 8 मई 2025 को उप-संचालक पशु चिकित्सा सेवायें रायगढ़ ने बिना वजह इन सबका सेवा समाप्ति आदेश पारित कर दिया गया। इससे व्यथित होकर याचिकाकर्ता को दोबारा उच्च न्यायालय की शरण में जाना पड़ा जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की एकल पीठ ने सुनवाई करने के बाद सेवा समाप्ति आदेश को अपास्त करते हुये पूर्व में उच्च न्यायालय द्वारा निराकृत की जा चुकी रिट याचिका के अनुसरण में कार्यवाही करने निर्देश दिया है।

पीएचई में 26 अभियंता पदोन्नत निलंबित 6 ईई किए गए बहाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के काम-काज में कसावट तथा विभागीय कार्य प्रणाली में सुधार लाने प्रशासनिक स्तर पर बड़े बदलाव किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने वरिष्ठ स्तर पर राज्य कार्यालय, जल जीवन मिशन मुख्यालय और मैदानी कार्यालयों के 34 अधिकारियों का स्थानांतरण व जिम्मेदारी बदल दी गई है। विभाग ने मैदानी स्तर पर कार्यों को और गति देने 26 उप अभियंताओं को सहायक अभियंता के रूप में पदोन्नत किया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मैदानी कार्यों में कसावट लाने दोहरे प्रभार पर चल रहे अधीक्षण अभियंता संजीव बृजपुरिया को अपने ओएसडी के प्रभार से मुक्त कर दिया है। अब उनके पास केवल दुर्ग मंडल के अधीक्षण अभियंता की जिम्मेदारी रहेगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कार्यों में लापरवाही बरतने एवं त्रुटिपूर्ण रिपोर्टिंग के चलते निलंबित किए गए 6 कार्यपालन अभियंताओं की बहाली के भी आदेश जारी किए हैं।

धोखाधड़ी

बुजुर्ग महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

जीवित सास का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर बहु पर जमीन हड़पने का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपनी ही बहू और नातिन पर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी रंजना शर्मा एवं दृष्टिका तिवारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 3(5) और 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। प्रार्थी शैल शर्मा पति स्वर्गीय देवनारायण शर्मा, वर्तमान में नटराज स्वीट्स के पास मन्नू चौक टिकरापारा, बिलासपुर की निवासी हैं तथा मूल रूप से ग्राम नारायणपुर, पुलिस चौकी मारो, थाना नांदघाट, जिला बेमेतरा की रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी विधवा बहू रंजना शर्मा ने वर्ष 1993 में उनके जीवित रहते हुए धोखाधड़ी कर उनकी मृत्यु 26 मार्च 1993 दर्शाते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कराया। शिकायत के अनुसार, उक्त कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर ग्राम सोनौरा, पटवारी हल्का सेजहटा, तहसील रघुराजनगर, जिला सतना स्थित जमीन का नामांतरण अपने तथा अपनी बेटी दृष्टिका तिवारी के नाम करवा लिया गया, जिससे अवैध रूप से धन लाभ अर्जित किया गया।पीड़िता ने बताया कि उन्हें इस फर्जीवाड़े की जानकारी बाद में लगी, जिसके बाद उन्होंने थाना सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। उन्होंने अपनी बढ़ती उम्र और अस्थमा व मधुमेह जैसी बीमारियों का हवाला देते हुए मामले की शीघ्र जांच कर दोषियों को दंडित करने तथा फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र को निरस्त करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दस्तावेजों की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फर्जी वकील बनकर माप-जोख का आरोप

करबला कोदू होटल के पास से फर्जी वकील बनकर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप सामने आया है। इस मामले में एक नागरिक द्वारा थाना सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें दुकान और मकान की माप-जोख के दौरान कथित रूप से गलत पहचान और अधिकार के दावे की बात कही गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी दुकान और मकान से जुड़े भूमि सीमांकन को लेकर कुछ लोग पहुंचे और स्वयं को वकील तथा शासकीय अधिकार से जुड़ा हुआ बताते हुए माप-जोख करने लगे।

सुविचार

लोगों को अक्सर उनकी बेवकूफी नहीं बल्कि उनकी जरूरत से ज्यादा होशियारी ले डूबती है। - अज्ञात

डोनाल्ड ट्रंप ने फिर फोड़ा टैरिफ बम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर टैरिफ बम फोड़ने की धमकी दी है। अमेरिका में भारत, चीन और ब्राजील पर 500 प्रतिशत टैरिफ वाले बिल को डोनाल्ड ट्रंप ने हरी झंडी दिखा दी है। यह टैरिफ कब से लागू होगी यह तो पता नहीं लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ वार करके भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है। गौरतलब है कि रूस से तेल खरीदने के कारण डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। जिसका भारत और अमेरिका के बीच हो रहे व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। भारत के कई उद्योग इसकी वजह से संकट में आये हैं। लेकिन ज्यादा नुकसान तो अमेरिका को ही भुगतना पड़ रहा है। जहां भारतीय उत्पाद की कीमत बढ़ गई है। अब यदि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका कर संसद में इस नए बिल को पारित कराकर लागू करते हैं तो जाहिर है इससे भी भारत को नुकसान तो होगा ही लेकिन ज्यादा नुकसान अमेरिका को उठाना पड़ेगा। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप इस नए बिल के जरिए उन देशों पर दबाव बनाना चाहते हैं जो रूस और यूक्रेन जंग के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। ट्रंप का कहना है कि इससे रूस को जंग लड़ने में मदद मिल रही है। रही बात भारत की तो डोनाल्ड ट्रंप ने 50 प्रतिशत टेरिफ लगाकर भारत पर दबाव बनाया था लेकिन भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया। इसी वजह से डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली डील को लटका दिया है। इस बारे में भारत और अमेरिका के बीच बातचीत के बाद लगभग सहमति बन चुकी थी। किन्तु भारत अमेरिका के शर्तों के मुताबिक डील करने के लिए तैयार नहीं था। उस पर भी सहमति बन सकती थी लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह चाहते थे कि इस बारे में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनसे फोन पर बात करें। किन्तु नरेन्द्र मोदी ने उनसे फोन पर बात नहीं की। जिसकी वजह से डील के लिए निधारित समय सीमा समाप्त हो गई और यह डील अब अधर में लटक गई है। इसी लेकर भी डोनाल्ड ट्रंप ने यह झूठ बोला था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनसे मिलने की ईच्छा व्यक्त की थी किन्तु उनके इस झूठ का अमेरिका के वाणिज्य मंत्री ने ही पर्दाफाश कर दिया। उन्होंने बयान दिया है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस डील के प्रावधानों से संतुष्ट नहीं थे इसलिए उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं लगाया। जबकि पूरी डील लगभग फाइनल थी। यदि डोनाल्ड ट्रंप और नरेन्द्र मोदी में बात हो जाती तो डील हो गई होती। कुल मिलाकर डोनाल्ड ट्रंप भारत के प्रति अपने बयानों से दुर्भावना ही दिखा रहे हैं। वे कभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हैं तो कभी उनकी आलोचना करते हैं। उनके बयानों को भारत ने अब गंभीरता से लेना ही बंद कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप के बयानों पर भारत सरकार की ओर से संयमित प्रतिक्रिया दी जा रही है। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। शायद यही बात डोनाल्ड ट्रंप को खल रही है कि भारत के खिलाफ टैरिफवार करने के बावजूद भारत उनके सामने झुक क्यों नहीं रहा है। इसीलिए अब वे पांच सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की कवायद कर रहे हैं। जिसकी वजह से आगे चलकर भारत और अमेरिका के बीच डील होने की संभावना ही खत्म हो जाएगी और दोनों देशों के बीच रिश्ते और खराब हो जाएंगे। किन्तु डोनाल्ड ट्रंप को सनक सवार है और वे लगातार भारत सहित अन्य कई देशों पर टैरिफ लगाकर खुद को दुनिया का चौधरी साबित करने पर तुले हुए हैं। उनके इस आत्घाती कदम से खुद अमेरिका में ही उनका विरोध शुरू हो गया है। वहां की विपक्षी पार्टी ट्रंप के टैरिफवार को लेकर अपना विरोध जता चुकी हैं और उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। इसके बावजूद डोनाल्ड ट्रंप अपनी विवादास्पद बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं और टैरिफ बम की धमकी देकर अमेरिका को सबसे ताकतवर देश के रूप में दिखा रहे हैं। इसके लिए वे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की भी धज्जियां उड़ा रहे हैं। इस बारे में जब न्यूयॉर्क टाइम्स ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने दो टूक शब्दों में जवाब दिया कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय कानून की परवाह नहीं है उनकी शक्तियों पर केवल एक ही व्यक्ति रोक लगा सकता है और वो व्यक्ति खुद डोनाल्ड ट्रंप हैं। उनका यह दंभ बताता है कि डोनाल्ड ट्रंप की मनोदशा ठीक नहीं है और वे अपनी जिद पर अड़ कर दुनिया में उथल पुथल मचाना चाहते हैं। इससे खुद ऐसा करके वे अपना पैर खुद ही कुल्हाड़ी पर मारने की मुर्खता कर रहे हैं।

डॉ. संजय शुक्ला

स्वस्थ युवाओं से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। विवेकानंद जी ने युवाओं को सदैव अध्यात्मिक बल के साथ ही शारीरिक बल में बढ़ोतरी के लिए प्रेरित किया था। उन्होंने युवाओं को अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम, योग, प्रार्थना, साधना और ध्यान को शामिल करने पर बल दिया था ताकि युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। आज हमारे युवा थोड़ी सी असफलता से हताशा और अवसादग्रस्त हो रहे हैं लिहाजा उन्हें विवेकानंद के असफल होने पर हार नहीं मानने और नाकामी से सबक लेकर संघर्ष करने पर अंततः जीत मिलने के संदेश को आत्मसात करना होगा।

स्वामी विवेकानंद ही हैं युवाओं के आदर्श

राष्ट्रीय युवा दिवस विशेष

महान आध्यात्मिक गुरु, विचारक और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी को हर साल ÷राष्ट्रीय युवा दिवस÷ के रूप में मनाया जाता है। भारत सरकार द्वारा 1985 में विवेकानंद के विचारों और जीवन दर्शन को युवाओं के भविष्य निर्माण में प्रेरक मानते हुए उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया गया। इस युवा दिवस की थीम ÷उठो, जागो और अपनी शक्ति को पहचानो÷ है। यह युवाओं को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है जिसका लक्ष्य ÷विकसित भारत - 2047÷ है।गौरतलब है कि युवाओं के जनसंख्या के मुताबिक भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है जहां कि 65 फीसदी आबादी युवाओं की है। युवा वर्ग ही किसी देश में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक बदलाव के सबसे बड़े संवाहक होते हैं। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि युवाओं में अपार शक्ति होती है और यदि उनके शक्ति का उपयोग सकारात्मक दिशा में किया जाए तो न केवल वे स्वयं अपने जीवन को सफल बना सकते हैं बल्कि देश और समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

युवा ही किसी देश के सबसे बड़े वर्कफोर्स यानि 'कार्यबल' होते हैं इसके दृष्टिगत स्वामी विवेकानंद का विचार था कि युवा अपने उद्देश्यों में तभी सफल हो सकते हैं जब वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों। विडंबना है कि देश के युवाओं और किशोरों की एक बड़ी संख्या आधुनिक जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण बड़ी तेजी से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोगों का शिकार हो रही है वहीं ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन के चलते युवा अपराध, अनैतिक व्यापार, अवसाद और आत्महत्या जैसे त्रासदी भोग रहे हैं। युवाओं में पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण के चलते इतना खुलापन आ गया है कि वे तमाम सामाजिक वर्जनाओं को तोड़ने में भी नहीं हिचक रहे हैं।अहम सवाल यह कि युवाओं में पनप रही अपसंस्कृति आखिरकार देश और समाज को कहां ले जाएगी? भारत में स्वामी विवेकानंद ऐसे युवा हुए जिन्होंने देश और दुनिया में सांस्कृतिक,आध्यात्मिक और सामाजिक परिवर्तन लाया। विवेकानंद चाहते थे कि युवा सामाजिक गतिविधियों में भाग लें उन्होंने धर्म और ईश्वर को मानव सेवा से जोड़ते हुए कहा था कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा है '। अलबत्ता सामाजिक दायित्वों से विमुख हो रहे आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद के उक्त विचारों को आत्मसात करना चाहिए।

युवाओं में पैदा होती अपसंस्कृति और असमानता के लिए बहुत हद तक सरकार और समाज भी जवाबदेह है।आज समाज और परिवार का ताना-बाना इस तरह से गूंथ चुका है कि उनके पास युवा मन के उलझनों को दूर करने का वक्त ही नहीं है वहीं सरकार और राजनीतिक दल भी उनके समस्याओं से बेपरवाह हैं। नयी पीढ़ी हताशा और अकर्मण्यता के उस भंवर में उलझे हैं कि उन्हें इस झंझावात से बाहर निकलने का रास्ता ही नहीं सूझ रहा है। बिलाशक युवाओं से जुड़े तमाम विसंगतियों का एकमात्र हल स्वामी विवेकानंद स्वयं हैं क्योंकि उन्होंने अपने अल्पायु में ही युवाओं से जुड़े तमाम चुनौतियों और इसका हल ढूंढ लिया था। विवेकानंद का जीवन युवाओं को अनुशासन, नैतिकता, कर्तव्यनिष्ठा, समानता और सहजीवन की सीख देती है। उन्होंने युवाओं को धैर्य, व्यवहारों में शुचिता,आपस में नहीं लड़ने, पक्षपात नहीं करने और हमेशा संघर्षरत रहने का संदेश दिया था। वे ईश्वर और सत्य को आत्मविश्वास जागृत करने का सबसे बड़ा साधन मानते थे,उनका मानना था कि दुनिया एक बड़ी व्यायामशाला है जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं। विवेकानंद ने युवाओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिए मूलमंत्र दिया था कि ÷ उठो,जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।÷

÷विकसित भारत -2047÷ का लक्ष्य हम तभी हासिल करते हैं जब हमारे युवा अपनी ऊर्जा को साकारात्मक दिशा में लगाएं इसके लिए उन्हें आत्ममंथन करने की जरूरत है। वर्तमान संक्रमण काल में जब युवा भटकाव की राह पर हैं तब उन्हें अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए विवेकानंद को ही अपना रोल मॉडल चुनना होगा क्योंकि उनके विचारों में राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की क्षमता और जिम्मेदारियों का भाव निहित है। स्वस्थ युवाओं से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। विवेकानंद जी ने युवाओं को सदैव अध्यात्मिक बल के साथ ही शारीरिक बल में बढ़ोतरी के लिए प्रेरित किया था । उन्होंने युवाओं को अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम, योग, प्रार्थना, साधना और ध्यान को शामिल करने पर बल दिया था ताकि युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। आज हमारे युवा थोड़ी सी असफलता से हताशा और अवसादग्रस्त हो रहे हैं लिहाजा उन्हें विवेकानंद के असफल होने पर हार नहीं मानने और नाकामी से सबक लेकर संघर्ष करने पर अंततः जीत मिलने के संदेश को आत्मसात करना होगा। देश में पनप रहे धार्मिक असहिष्णुता और अंधविश्वास के निर्मूलन में विवेकानंद के धर्म और विज्ञान के बारे में उनके विचार आज सबसे ज्यादा प्रासंगिक हैं।भारत एक विविधतापूर्ण, बहुधर्मी और बहुसंस्कृति संपन्न देश है लेकिन हाल के दिनों में देश में विवेकानंद के सोच के विपरित राजनीतिक ,धार्मिक, जातिगत और सांस्कृतिक भेदभाव की खाई लगातार बढ़ती जा रही है। चूंकि युवा ही देश का भविष्य हैं लिहाजा उन्हें स्वामी विवेकानंद के सपनों का एक ऐसे भारत के निर्माण के लिए संकल्प लेना होगा जहां धर्म,जाति, लिंग,क्षेत्र या आय के आधार पर कोई भेदभाव न हो तभी ÷राष्ट्रीय युवा दिवस÷ मनाने की सार्थकता है।

राजीव खंडेलवाल

8 जनवरी 2026 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े चुनावी रणनीतिकार संगठन "आई-पैक" (इंडियन पॉलीटिकल एक्शन कमेटी) के कोलकाता स्थित कार्यालय, निदेशक एवं सह-संस्थापक प्रतीक जैन (संस्थापक प्रशांत किशोर) के आवास सहित कुल 10 परिसरों (जिनमें दिल्ली के 4 परिसर भी शामिल हैं) पर एक साथ छापेमारी की गई।

भारत संघ! क्या 'संघवाद' खतरे में है?

ममता बनर्जी! क्या 'हेमंत सोरेन' या 'केजरीवाल' बनने जा रही हैं?

क्या मात्र इस आधार पर कि आरोपित कंपनी किसी राजनीतिक दल के लिए ''सलाहकार कंपनी'' के रूप में काम कर रही थी, पर पड़े छापे को ''राजनीतिक प्रतिशोध की संज्ञा'' दी सकती है? जबकि वास्तव में यह कार्रवाई तथाकथित 1352 करोड़ रुपये के कोयला तस्करी घोटाले से जुड़े प्रतीक जैन के लगभग 10-12 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में की गई बतलाई जाती है। जवाब में ममता ने अमित शाह के विरूद्ध तथाकथित कोयला घोटाले के जहां जबकि वे छापे के तुरंत बाद प्रधानमंत्री से अमित शाह को नियंत्रण में रखने की बात कह रही थी। पैसे लेने के सबूत की कथित पेन ड्राइव होने के बावजूद जारी न करना ममता के ''तेवर'' से मेल नहीं खाता है। इसका साफमतलब पेन ड्राइव की ''वास्तविकता'' ही कोसो दूर है। अचानक पड़े ईडी के छापे के दौरान पश्चिम बंगाल की शेरनी कही जाने वाली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं कोलकाता पुलिस आयुक्त के साथ छापा स्थलों पर जिस तत्परता से पहुंचकर वहां से एक ÷हरी फाइल÷, हार्ड डिस्क, लैपटॉप और अन्य दस्तावेज ''जबरन'' अपने साथ ले गईं। गोया कि ''तुम्हारा शहर, तुम ही कातिल, तुम ही मुद्दई, तुम ही मुंसिफ....... ''।

''घटना का परिणाम?'' - हाल के वर्षों में केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई के दो अलग-अलग राजनीतिक परिणाम देश देख चुका है। एक, अरविंद केजरीवाल के विरूद्ध विधानसभा चुनाव से लगभग 65 दिन पूर्व कार्रवाई, गिरफ्तारी, जेल से शासन चलाने का केजरीवाल का ''हथेली पर सरसों जमाने जैसा'' अभूतपूर्व, दुस्साहसिक एवं अनैतिक प्रयोग।

दूसरा हेमंत सोरेन के विरूद्ध चुनाव से लगभग 290 दिन पूर्व कार्रवाई, परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा। स्पष्ट है कि शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप में ममता के विरुद्ध भी आपराधिक कार्रवाई की तलवार लटक रही है। तब ममता बनर्जी-कौन-सा रास्ता चुनेगी?

''राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और न्यायिक मोर्चा।''- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रतीक जैन को टीएमसी के ''आई.टी. सेल'' का प्रमुख बतलाते हुए ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया। वहीं ईडी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा ''जबरन'' दस्तावेज हटाना जांच में ''बाधा'' है। इसी आधार पर ईडी ने कोलकाता उच्च न्यायालय का रुख किया। दूसरी ओर, टीएमसी ने भी छापेमारी को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। प्रतीक जैन के परिजनों ने भी ईडी की छापा कार्रवाई के दौरान कीमती सामान की चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

जिस प्रकार एक सिक्के के दो पहलू होते हैं, उसी प्रकार इस घटना के भी स्पष्ट रूप से निम्न दो पहलू है। टीएमसी जहां इसे बीजेपी-नीति केंद्र द्वारा लक्षित उत्पीड़न के रूप में देख रही है, वहीं अन्य इसे वित्तीय अनियमितताओं की वैध जांच के रूप में देखते हैं। पूरा घटनाक्रम देश में एक बड़े राजनीतिक, संवैधानिक मर्यादा, संघीय ढांचे और लोकतांत्रिक संतुलन का विवाद का रूप ले चुका है। इस पर राजनीतिक जोड़-घटाना किए बिना गंभीरता से मनन किया जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

'''अभूतपूर्व चिंताजनक घटना''- स्वतंत्र भारत के इतिहास की संभवतः यह पहली ऐसी अवांछित घटना है, जहां किसी राज्य की निर्वाचित मुख्यमंत्री स्वयं केंद्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी के दौरान मौके पर पहुंचकर दस्तावेज ले जाकर जांच में बाधा डालते दिखाई दी हों, और जांच एजेंसी को ''अरध तजहिं बुध सरबस जाता'' की तर्ज पर ''आंसू पीकर बेबस रह जाना'' पड़ा हो।

यह घटना ''भारत संघ'' जो ''राज्यों के संघ'' से मिलकर बना है, की ÷अनेकता में एकता÷ की भावना पर गहरा आघात होकर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। यह केवल एक राजनीतिक टकराव नहीं, बल्कि संवैधानिक और कानूनी संकट का संकेत भी है। जिससे ''पार पाना तलवार की धार पर चलने जैसा'' है।

''संवैधानिक पद पर असंवैधानिक आचरण।''- ममता बनर्जी मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद पर आसीन हैं। ईडी की कार्रवाई में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप व बाधा निश्चित रूप से भारतीय न्याय संहिता की धारा 221 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। यदि ममता को आशंका थी कि ईडी के माध्यम से भाजपा द्वारा तथाकथित दस्तावेजों का दुरुपयोग होगा, तो संवैधानिक मर्यादा की रक्षा हेतु या तो वे पद से मुक्त होकर उक्त कार्य करती अथवा ''गांधारी'' होकर ''दुर्योधन'' को उक्त दस्तावेज लाने भेजती, ताकि संवैधानिक मुख्यमंत्री पद की मर्यादा बनी रहती। तथापि सड़क पर संघर्ष कर विरोध प्रकट करना ममता का संवैधानिक लोकतांत्रिक अधिकार है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ कुछ अलग चाहते हैं तो कुछ अलग करने की हैसियत भी रखिए। चाहते अलग हैं पर करना वही है तो ये तो गड़बड़ है, ये तो प्रवंचना है अपने साथ, ठगना है अपने आपको। कुछ अलग चाहिए तो कुछ अलग कर लीजिए और संतुष्ट हैं तो मस्त रहिए।

◆ कोई बुद्ध पुरुष या कल्याणकारी बुद्धि मिली हो तो फिर उसके

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2020 - भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। रक्षा सचिव अजय कुमार ने कोलकाता में दो भारतीय तटरक्षक जहाजों अर्थात् एनी बेसेंट और अमृत कौर को नियुक्त किया। 2018 - इसरो ने लॉन्च किया 100वाँ उपग्रह, एक साथ भेजे 31 सैटेलाइट्स। 2015 - कैमरून में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में आतंकवादी संगठन बोको हराम के 143 आतंकवादी मारे गये। 2010- भारत सरकार द्वारा नागर विमानन क्षेत्र पर आतंकी हमलो की आशंका के बीच विमान अपहरण रोधी क़ानून 1982 में मौत की सज़ा की धारा जोड़ी गई। कैरेबियाई देश हैती में आए भयंकर भूकंप में लाखों लोगों की मौत और राजधानी पोर्ट ओ प्रिंस का अधिकतर हिस्सा तबाह हो गया। 2009- प्रसिद्ध संगीतकार ए. आर. रहमान प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवार्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. जयन्त कुमार ने दुनिया का सबसे पुराना उल्का पिंड क्रेटर खोजा।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

धूप तीखी है बहुत

धूप तीखी है बहुत छांव छांव चलो। अजनबी भीड़ से बचके गाँव चलो।। हम बस मोहरे हैं समय के खेल में। हारना हमें ही है,अपना दांव चलो।। मुश्किलात हजारों हैं मगर फिर भी। ये सफर अपना,खुद के पाँव चलो।। उस पार ही बसी है,सारी बस्तियां। संग लेके उमर की टूटी नाव चलो।। कौन पूछता यहाँ, हाल किसी का। रखेगा याद कौन यहाँ,कमल चलो।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो। - **कमलकांत डोंगरे**

दर्द को दिल की

दर्द को दिल की तहों में ही ठहर जाने दो, ज़ख्म को मोहब्बत से थोड़ा सँवर जाने दो!! टूटे दिलों को भी एक नाम मिल जाए कहीं, अपनी धड़कन में उन्हें फिर से उतर जाने दो!! तुम हो तो हर रात भी रौशन-सी लगती है, तुम्हारी एक नज़र को सहर बन जाने दो!! ज़िंदगी बस एक सफ़र थी बे-मक़सद-सी, तुम मिले तो इसे इश्क़ समझ जाने दो!! - **अंजू डोकानिया**

मैं पाकर था जब खोता मैं गा कर था जब

मैं पाकर था जब खोता मैं गा कर था जब रोता तू देख नहीं क्यों ये पाई निष्ठुर क्या प्रेम ऐसा होता टूटे सपनो के दल नयनो में जाते घुल देख उर का मिलन मेला निष्ठुर क्या प्रेम है झमेला उर की पीड़ा जब रोकर कुछ कह कुछ चुप रहकर मेरे विह्वल वाणी का नाद निष्ठुर तू क्यों न सुन पाई। - **नीरज वर्मा नीर**

कुछ गहने कुछ पैसे हम संभाल कर रखते

कुछ गहने कुछ पैसे हम संभाल कर रखते हैं अजनबियों को अपने घर में नहीं घुसाते पर प्रेम में पड़ी पागल लड़किया पहले तो मां बाप की इज्जत फिर अपनी इज्जत और कभी-कभी तो जान भी दांव पर लगा देती हैं। - **सुनिता पुष्पराज पांडेय**

वाणी निर्धारित करे, तेरे सब

वाणी निर्धारित करे, तेरे सब संबंध। पल्लव पुष्पित हो रहे, या आयेगी गंध ॥ या आयेगी गंध, बोल निर्धारण करते। शब्द भरा रस कोष, हृदय खुशियों से भरते। सुमन मधुर-सी आस, रखे मन में हर प्राणी। मिसरी जैसे बोल, सधी-सी रखना वाणी॥ - **सुमन ओमानिया**

बहुत बार बहुत जगह बोलना

बहुत बार बहुत जगह बोलना जरूरी था..मगर चुप रहना चुना गया आज यह कैसी शिकायत कि लोगों ने विरोध नहीं किया... रीढ़ की हड्डी जब टूट ही जाए तो कहीं भी सीधे खडे नहीं हुआ जा सकता यह सत्य छुपा हुआ नहीं है। - **सरिता त्रिवेदी**

जब छा जाये निराशा के सघन मेघ

जब छा जाये निराशा के सघन मेघ, मेरे भविष्य के बीज को पोषित करती धरा पर , और इंकार कर दे भाग्य का आदित्य ऊष्मा देने से, तब तुम आना प्रिय एक ऊर्जापुंज की भाँति, और अपनी ऊर्जा से अँकुरित करना, मेरा भविष्य.....

- **नमन कुमार मिश्रा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन भी आपके लिये शुभ रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र पर आज विविध क्षेत्रों से लाभ के अवसर मिलेंगे लेकिन लापरवाही के चलते सफलता कुछएक में ही मिल पाएगी।

वृषः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में स्वभाव में जल्दबाजी रहने से कोई गलती होने की संभावना है धर्य से काम करें अन्यथा बाद में अपनी गलती का गुस्सा किसी और पर उतार कर अशांति फैलाएंगे।

मिथुनः बीते दिन की तुलना में आज का दिन राहत वाला रहेगा परन्तु स्वभाव में थोड़ी गरमी आज भी बनी रहेगी लोग आपसे बात करने में झिझकेंगे।

कर्कः आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा। दिन के आरंभ से मध्यान तक स्वभाव को नरम रखे अन्यथा पूर्व में बनाये व्यवहार खराब हो सकते है।

सिंहः आज का दिन आपके लिए कई नए अवसर लाएगा लेकिन भाग्य भरोसे बैठने की स्थिति में परिणाम विपरीत बीबी हो सकते है मेहनत करने में आज कसर ना छोड़े बेरोजगारों को रोजगार की उम्मीद जगेगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा। प्रातःकाल से ही किसी न किसी पारिवारिक अथवा सामाजिक कार्यो में व्यस्त रहने से कार्य क्षेत्र पर कम योगदान दे पाएंगे।

तुलाः आज के दिन का पहला हिस्सा आपके लिए उतार चढ़ाव वाला रहेगा। सेहत में थोड़ी नरमी रहेगी। रुके हुए काम पूर्ण करने में अधिक संघर्ष करना पड़ेगा।

वृश्चिकः आज दिन का आधा भाग आपके लिए विपरीत फलदायक रहेगा। आज मन दुविधा में रहने से निर्णय लेने की क्षमता न्यून रहेगी जिस कार्य को करने का प्रयास करें।

धनुः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। पूर्व में किये परिश्रम का आज फल धन लाभ अथवा किसी न किसी रूप में अवश्यके मिलेगा।

मकरः आज का दिन आपको शुभ फल प्रदान करने वाला रहेगा मध्यान तक किसी भी कार्य अथवा निर्णय लेने से पहले भविष्य में मिलने वाले परिणाम को देखकर ही कार्य करे सफलता की संभावना बढ़ेगी।

कुंभः आज का दिन आपको मिला-जुला फल प्रदान करेगा। दिन के आरम्भ में कई लाभ के अवसर आएंगे। परंतु अनिर्णय की स्थिति के कारण इनका समय पर लाभ नहीं ले पाएंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिए विषम फलदायी रहेगा। मध्यान तक का समय किसी कार्य को लेकर असमंजस में खराब होगा लेकिन आज आप जो भी निर्णय लेंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) खेलो इंडिया बीच गेम्स के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किस स्थान पर हुआ?

2) नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले 2026 का विषय क्या है?

3) भारत का पहला बायो-हैप्पी जिला कौन बना है?

4) विश्व हिंदी दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?

5) इफ्को साहित्य सम्मान 2025 किसे प्राप्त हुआ है?

उत्तरमाला- (1) दीव (2) भारतीय सैन्य इतिहासः शौर्य और ज्ञान (3) केयी पन्योर (4) 10 जनवरी (5) शिवमूर्ति

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 283

(भागवत साहू)

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 282 का हल

न्यूज गैलरीं

रायपुर में सनसनी: न्यू राजेंद्र नगर में युवक ने 8वीं मंजिल से कूदकर दी जान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आत्महत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है, जहाँ डॉल्फिन कॉलोनी स्थित एक बिल्डिंग की आठवीं मंजिल से छलांग लगाकर एक युवक ने खुदकुशी कर ली। इस हृदय विदारक घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान असलम अंसारी (27 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले का निवासी था। असलम ने इतना आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही राजेंद्र नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे मामले की हर पहलू से जांच कर रहे हैं। परिजनों से पूछताछ और मृतक के मोबाइल रिकॉर्ड्स खंगाले जा रहे हैं ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके। राजेंद्र नगर इलाके के लिए यह हफ्ता काफी भारी रहा है। गौरतलब है कि यह पिछले 7 दिनों के भीतर सुसाइड का दूसरा बड़ा मामला है। इससे पहले अमलीडीह स्थित मारुति रेजिडेंसी में 18 साल की युवती हनीफा उर्फ अनिमा पटेल ने भी मौत को गले लगा लिया था। एक ही इलाके में बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं ने स्थानीय प्रशासन और निवासियों की चिंता बढ़ा दी है।

37वीं फेडरेशन व्हालीवाल चेम्पियनशिप छग को आबंटित : महेश गागड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। 37वीं फेडरेशन व्हालीवाल चेम्पियनशिप महिला पुरुष छग को फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आबंटित की गई है। उक्त चैम्पियनशिप में 72वीं सीनियर नेशनल व्हालीवाल चैम्पियनशिप का आयोजन 4 से 11 जनवरी के मध्य आयोजित किया गया जिसमें सीनियर नेशनल में प्रथम आठ स्थान पाने वाली पुरुष वर्ग की टीमें व होस्ट छग राज्य की पुरुष टीम एवं कुल 9 टीमें महिला वर्ग में प्रथम चार स्थान प्राप्त करने वाली टीमें छग राज्य की ओर से भाग ली। फेडरेशन व्हालीवाल चेम्पियनशिप का आयोजन 3 से आठ फरवरी के मध्य बलवीर सिंह जूनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश गागड़ा एवं सचिव आयोजन समिति अकरम खान ने दी। पत्रकारवार्ता में अध्यक्ष ने बताया कि उक्त मैच में भारत वर्ष का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के खिलाड़ी शामिल होंगे। पुरुष वर्ग में 126 खिलाड़ी तथा महिला वर्ग में 70 कुल 196 खिलाड़ी भाग लेंगे तथा 56 कोच एवं मैनेजर शामिल होंगे।

लखपति दीदी राशोबाई ने मेहनत और समूह सहयोग से कायम की आत्मनिर्भरता की मिसाल

रायपुर/नवप्रदेश। जहाँ चाह वहां राह इस उक्ति को चरितार्थ कर दिखाया है,कोंडागांव जिले के विकासखंड फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत बानगांव की रहने वाली श्रीमती राशोबाई मरकाम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत स्व सहायता समूह से जुड़कर न केवल अपने जीवन को नई दिशा दी, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी कायम की है। राशोबाई आज विभिन्न आजीविका गतिविधियां शुरूकर 01 लाख रूपए से अधिक की आमदनी प्राप्त कर रही हैं। जय माता दी स्व सहायता समूह की सदस्य राशोबाई स्व सहायता समूह से जुड़ने से पहले कृषि मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं और घर के कार्यों तक ही सीमित थी। आय के सीमित साधन होने के कारण परिवार की वार्षिक आय केवल 48 हजार रुपये थी, जिससे दैनिक जरूरतों को पूरा करना काफी मुश्किल होता था और परिवार का पालन पोषण बेहतर ढंग से नहीं हो पाता था। स्व सहायता समूह से जुड़ने के पश्चात उन्हें समूह के माध्यम से आरएफ अनुदान राशि 15 हजार रुपये और सीआईएफ ऋण राशि 60 हजार रुपये प्राप्त हुई। इस सहयोग से उन्होंने कृषि कार्य के साथ-साथ किराना दुकान संचालन एवं मछली पालन जैसी विभिन्न आजीविका गतिविधियां शुरू कीं। जिला प्रशासन की एनआरएलएम टीम के मार्गदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उक्त आजीविका गतिविधियों के सफल संचालन से आज श्रीमती राशोबाई मरकाम की वार्षिक आय बढ़कर लगभग 1 लाख 67 हजार रुपये हो गई है। वर्तमान में वे पूर्व की तुलना में दोगुना आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है तथा जीवन स्तर में सुखद बदलाव आया है। आज श्रीमती राशोबाई मरकाम ने अपनी मेहनत, लगन और समूह के सहयोग से न केवल आत्मनिर्भर हुई हैं, बल्कि अपने परिवार के लिए एक मजबूत आर्थिक सहारा भी बनी है। उन्होंने शासन की योजनाओं से मिली सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

शनि मंदिर सहित विभिन्न संस्थाएं मकर संक्रांति उत्सव मनाएंगी 14 को

रायपुर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायन की ओर जाने वाले उत्सव मकर संक्रांति को 14 जनवरी को प्रदेश एवं राजधानी में धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रही हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार महाभारत युद्ध में अर्जुन के बाणों से निर्मित शर शय्या में गंगा पुत्र भीष्म दक्षिणायन से सूर्य के उत्तरायन होने का इंतजार करते रहे। ज्ञात हो कि गंगा पुत्र भीष्म को इच्छा मृत्यु का वरदान था।

ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा: अतिरिक्त अनुदान से किसानों की आय बढ़ाने की पहल

- अतिरिक्त अनुदान से किसानों की आय बढ़ाने की पहल
- खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता और कृषकों की दीर्घकालीन आय वृद्धि की दिशा में बड़ा कदम

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने तथा किसानों की आय में दीर्घकालीन और स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संयुक्त रूप से नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल पाम योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा विभिन्न घटकों में टॉप-अप अनुदान प्रदान किया जा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक संबल मिल सके।

सहायक संचालक उद्यानिकी मुंगेली ने बताया कि ऑयल पाम की खेती में प्रारंभिक लागत अधिक होने तथा 03 से 04 वर्षों की गेस्टेशन अवधि को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा विशेष सहायता का प्रावधान किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा देय न्यूनतम 1.30 लाख प्रति हेक्टेयर अनुदान के अतिरिक्त राज्य शासन किसानों को टॉप-अप अनुदान प्रदान कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक कृषक इस फसल की ओर आकर्षित हों।

ऑयल पाम एक दीर्घकालीन, कम श्रम वाली और उच्च उत्पादकता वाली फसल है। इसमें रोग प्रकोप की संभावना अत्यंत कम होती है। एक बार रोपण के पश्चात चौथे वर्ष से उत्पादन प्रारंभ हो जाता है और यह फसल 25 से 30 वर्षों तक निरंतर उपज देती है। पारंपरिक तिलहन फसलों की तुलना में ऑयल पाम प्रति हेक्टेयर 4 से 6 गुना अधिक तेल उत्पादन क्षमता रखती है, जिससे किसानों को स्थायी एवं सुनिश्चित आय का लाभ प्राप्त होता है।

विभिन्न मदों में अतिरिक्त अनुदान

राज्य शासन द्वारा ऑयल पाम रोपण करने वाले पात्र किसानों को निम्नानुसार अतिरिक्त अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, इनमें रखरखाव मद में पूर्व निर्धारित 05 हजार 250 प्रति हेक्टेयर की 01 हजार 500 रूपए की वृद्धि कर कुल 06 हजार 750 रूपए प्रति हेक्टेयर, अंतरवर्तीय फसलों हेतु वृद्धि के साथ कुल 10 हजार 250 रूपए प्रति हेक्टेयर, ड्रिप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाले किसानों को 08 हजार 635 रूपए की अतिरिक्त सहायता सहित कुल 22 हजार 765 रूपए प्रति हेक्टेयर, रोपित पौधों एवं अंतरवर्तीय फसलों को जानवरों से बचाने हेतु फेंसिंग के लिए 54 हजार 485 रूपए प्रति हेक्टेयर का अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। इस प्रकार राज्य शासन द्वारा रखरखाव, फेंसिंग, अंतरवर्तीय फसल एवं ड्रिप सिंचाई मद में कुल 69 हजार 620 रूपए तक का अतिरिक्त अनुदान ऑयल पाम रोपण करने वाले किसानों को प्रदान किया जा रहा है।

यह अनुदान केवल उन्हीं कृषकों को देय होगा, जो योजना के अंतर्गत ऑयल पाम का रोपण करेंगे। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं तकनीकी मार्गदर्शन के लिए किसान उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों अथवा अधिकृत प्रतिनिधि कंपनियों से संपर्क कर सकते हैं। ऑयल पाम की खेती न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाएगी, बल्कि देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को भी मजबूती प्रदान करेगी।

छत्तीसगढ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन विकासखंड पाटन का पुनर्गठन

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक पी-एम -शाला अखरा में पाटन विकासखंड क्षेत्र के छत्तीसगढ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन का पुनर्गठन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुंख्य अतिथि छ0ग0प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, विशिष्ट अतिथी द्वय उप प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेश चंद्राकर, विशेष अतिथि द्वय भानु प्रताप यादव जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं मीडिया प्रभारी कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन-दुर्ग, महेन्द्र कुमार साहू प्रांताध्यक्ष छ0ग0पंचायत सचिव संघ एवं अन्य विशेष अतिथि के रूप में के0के0बंछौर संरक्षक छ0ग0प्रदेश शिक्षक फेडरेशन, विकास खंड अध्यक्ष पवन कामड़े, महेन्द्र वर्मा जिला सचिव एवं मोरध्यज वर्मा प्राचार्य शासकीय उ00मा0विघालय भिलाई-3 पावन उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपेन्द्र कुमार साहू प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अखरा के द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन छ0ग0प्रदेश शिक्षक फेडरेशन दुर्ग संभाग महामंत्री चंचल कुंमार द्विवेदी के द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम मां शारदा पूजन से प्रारंभ हुआ इसके पश्चात् सर्व सम्मति से छ0ग0प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के विकासखंड स्तरीय पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें प्रदीप कुमार वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरीया को अध्यक्ष नियुक्ति किया गया

लोहड़ी केवल पर्व नहीं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक – मीनल चौबे

रायपुर/नवप्रदेश। लोहड़ी पर्व केवल समृद्ध परंपरा का प्रतीक नहीं अपितु यह हमारी सांस्कृतिक विरासत है। लोहड़ी पर्व के पावन अवसर पर आज खालसा स्कूल में आयोजित लोहड़ी उत्सव के दौरान उक्त उद्गार महापौर मीनल चौबे ने व्यक्त किए। मीनल ने कहा कि यह पर्व श्रम के सम्मान और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। नई फसल के स्वागत और अग्नि सूर्य उपासना के माध्यम से यह पर्व जीवन में ऊर्जा आशा और सकारात्मकता का संचार करता है। लोहड़ी के पवित्र अग्नि हमे यह संदेश देती है कि जैसे अग्नि अंधकार को दूर कर प्रकाश प्रदान करती है, वैसे ही हमे अपने समाज से नकारात्मकता को दूर कर भेदभाव और कुरूतियों को समाप्त करना चाहिए। लोहड़ी आपसी प्रेम भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करता है। यह पर्व सामूहिक एकता एवं सांस्कृतिक चेतना का सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने का उनका यह प्रयास सराहनीय है।

धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा, प्रभु श्री राम को अपमानित कर रही हैं

- कुत्ते के नाम को लेकर परीक्षा में सवाल पर राम का विकल्प करोड़ों हिन्दुओं की आस्था पर प्रहार है

रायपुर/नवप्रदेश। पहले महासमुंद जिला फिर गरियाबंद में चौथी कक्षा के तिमाही परीक्षा में कुत्ते के नाम के सवाल पर करोड़ों करोड़ हिंदु आस्था के मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के नाम का विकल्प शामिल करने को सनातन विरोधी षड्यंत्र करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि हिंदुत्व के नाम पर राजनीति करने वाले संघी भाजपाइयों का राम द्रोही चेहरा उजागर हुआ है। प्रदेश के शिक्षा मंत्री पूरे घटनाक्रम पर परदेदारी करने साज़िश का बहाना बना रहे हैं। सनातन आस्था पर चोट के इतने संवेदनशील मामले पर अब तक ना कोई एफआईआर दर्ज की गई है और ना ही किसी जिम्मेदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई है, इससे साफ है कि सत्ता का संरक्षण पापी और अधर्मियों को है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि गैर जिम्मेदार जिला शिक्षा अधिकारी खुद ही कह रहे हैं कि परीक्षा का प्रश्न पत्र प्रिंटर ने अपनी मर्जी से छाप दिया जबकि प्रश्न पत्र तैयार करने का एक प्रिसक्राइब्ड प्रोटोकॉल होता है जिसमें शिक्षकों की कमेटी प्रश्न पत्र तैयार करती है, उसके अप्रूवल के बाद ही छपाई के लिए जाता है।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में धान खरीदी की प्रक्रिया सुव्यस्थित रूप से हो रही संचालित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों में किसानों की निरंतर आवक बनी हुई है। शासन द्वारा लागू की गई किसान हितैषी नीतियों एवं प्रभावी प्रबंधन व्यवस्था का सकारात्मक प्रभाव अब ज़मीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

धान उपार्जन केंद्र महुआटोली, कुनकुरी में अपनी उपज विक्रय करने पहुँचे ग्राम लोधमा के कृषक श्री मोहम्मद अजीज ने बताया कि केंद्र पर धान विक्रय की प्रक्रिया अत्यंत सरल एवं सुविधाजनक रही। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली के माध्यम से उन्हें बिना किसी परेशानी के समय पर टोकन प्राप्त हुआ। पर्ची कटने से लेकर तौल प्रक्रिया तक सभी कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए। केंद्र पर स्वच्छ एवं पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराया गया तथा वजन कार्य पूर्णतः पारदर्शी तरीके से किया गया।

कृषक श्री अजीज ने बताया कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से किसानों को अब काफी सहूलियत मिल रही है, जिससे समय की बचत हो रही है और अनावश्यक प्रतीक्षा से भी राहत मिली है। उन्होंने शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उन्हें सम्मान और सुरक्षा की अनुभूति भी हो रही है।

ग्रीन आर्मी का जनआंदोलन बना मिसाल

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रीन आर्मी द्वारा संचालित महाराजबंध तालाब सफाई अभियान ने एक माह में स्वच्छता और जनसहभागिता की नई मिसाल कायम की है। 11 दिसंबर से प्रतिदिन सुबह 8 बजे नियमित श्रमदान के साथ संचालित इस अभियान को 1 माह पूर्ण हो चुका है। विगत 31 दिनों में महाराजबंध तालाब से 72 ट्रक कचरा बाहर निकाला गया, जिससे तालाब की स्वच्छता, सौंदर्य और पर्यावरणीय संतुलन में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। यह अभियान केवल सफाई तक सीमित न रहकर महाराजबंध तालाब के संरक्षण, पुनर्जीवन और दीर्घकालीन देखरेख को लक्ष्य बनाकर एक सशक्त जनआंदोलन के रूप में सामने आया है, जो आगे भी प्रेरणा देता रहेगा। अभियान के दौरान तालाब से धार्मिक झांकियों के अवशेष, घाटों पर वर्षों से जमी गंदगी, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री हटाई गई। घाटों की विशेष सफाई कर उन्हें पुनः उपयोग योग्य स्वरूप प्रदान किया गया। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता रही महिला सशक्तिकरण की प्रभावी भागीदारी। बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ-साथ स्थानीय नागरिक, युवा एवं सामाजिक संगठनों ने स्वेच्छा से श्रमदान कर अभियान को जन-जन से जोड़ा। स्वयंसेवकों के समर्पण, अनुशासन और निरंतर सहभागिता की सभी स्तरों पर सराहना हो रही है। इस जनहितकारी पहल को सफल बनाने में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। मीडिया के निरंतर सहयोग से आमजन में तालाब संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और सामाजिक उत्तरदायित्व को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

जितेन्द्र शर्मा को बिजली बिल से मिली राहत

रायपुर/नवप्रदेश। आम नागरिकों को स्वच्छ, सस्ती एवं टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अब जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना के माध्यम से जिले के अनेक घर सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे हैं और लोग बिजली खर्च से मुक्त होकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह योजना न केवल नागरिकों को आर्थिक राहत प्रदान कर रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित हो रही है। इसी क्रम में मुंगेली शहर के शिक्षक नगर निवासी श्री जितेन्द्र शर्मा ने अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कर योजना का लाभ लिया है। सोलर सिस्टम लगने के बाद उनका घर पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित हो रहा है, जिससे बिजली की खपत लगभग शून्य हो गई है। परिणामस्वरूप उन्हें अब मासिक बिजली बिल की चिंता नहीं करनी पड़ रही है। श्री शर्मा बताते हैं कि पहले हर महीने बिजली बिल एक बड़ा खर्च होता था, लेकिन सोलर सिस्टम लगने के बाद यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक राहत दे रही है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक भी कर रही है। उन्होंने इस जनहितकारी योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने पर योजना के तहत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने पर केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा आकर्षक सब्सिडी दी जा रही है। 01 किलोवाट रूफटॉप सोलर सिस्टम पर केंद्र से 30 हजार एवं राज्य से 15 हजार मिलाकर 45 हजार रुपए की सब्सिडी, वहीं 02 किलोवाट पर कुल 90 हजार और 03 से 04 किलोवाट तक की क्षमता पर 01 लाख 08 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही कम ब्याज दर पर आसान किश्तों में बैंक फायनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे मध्यम वर्ग और आम नागरिकों के लिए यह योजना और अधिक सुलभ बन गई है।

भाजपा मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को समाप्त किया : डॉ. महंत

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाव संग्राम के तहत छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने महासमुंद जिला कांग्रेस भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म करके श्रमिकों से काम का अधिकार छीना है। छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार 2 साल में 90 - हजार करोड़ कर्ज ले चुकी है, आर्थिक तंगी के चलते राज्य में विकास कार्य पूरी तरह ढप्प पड़े हैं, राज्य कर्मचारीयों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है, फिर भाजपा की डबल इंजिन सरकार 125 दिनों की मज़दूरी का भुगतान कहा से करेंगी।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, मनरेगा कानून में परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। यह महात्मा गांधी के आदर्शों पर कुठाराघात है. मजदूरों के अधिकारों को सीमित करने वाला निर्णय है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, मोदी सरकार ने 'सुधार' के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी स्कीम मनरेगा को खत्म कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और सबसे गरीब भारतीयो से काम का अधिकार छीनने की जान-बुझकर की गई कोशिश है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, अब तक मनरेगा संविधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी। नया फ्रेमवर्क ने इसे एक कंडीशनल केन्द्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, मनरेगा गांधीजी के ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट के सपने का जीता- जागता उदाहरण था, लेकिन इस सरकार ने ना सिर्फ उनका नाम हटा दिया है, बल्कि 12 करोड़ मनरेगा मजदूरों के अधिकारों को भी बेरहमी से कुचला है। दो दशको से, मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारो के लिए लाइफलाइन रहा है और कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक सुरक्षा के तौर पर जरूरी साबित हुआ है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, मनरेगा मजदूरों को काम देने का कानून था. श्रमिक अधिकार पूर्वक मांग करते थे. जिसे योजना में परिवर्तित कर दिया गया, अब इसे चलाना नहीं चलाना सरकार की मर्जी पर निर्भर होगा।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, मनरेगा के तहत, सरकारी ऑर्डर से कभी काम नहीं रोका गया। नया सिस्टम हर सास तय टाइम के लिए जबरदस्ती रोजगार बंद करने की इजाजत देता है जिससे राज्य यह तय कर सकता है कि गरीब कब कमा सकते है और कब उन्हें भूखा रहना होगा। एक बार फंड खत्म हो जाने पर या फसल के मौसम में, मज़दूरों को महीनों तक रोजगार से दूर रखा जा सकता है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, मनरेगा केंद्रीय कानून था, 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा भेजे जाते थे, अब केंद्र और राज्य का हिस्सा 60-40 का हो जाएगा, पहले मैचिंग ग्रांट 50 प्रतिशत राशि राज्य जमा करेगी तब केंद्र सरकार राशि जारी करेगा, राज्यों की वित्तीय स्थिति सर्वविदित है। इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा स्कीम खत्म हो जाएगी। जैसे ही बजट का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, वैसे ही धीरे-धीरे मनरेगा बंद होने लगेगी।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, मोदी सरकार अब राज्यों पर 'जी राम जी' का लगभग 50,000 करोड़ का बोझ डालना चाहती है, उन्हें 40 प्रतिशत खर्च उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

मानवता की मिसाल : सड़क हादसे में घायल एनएमडीसी कर्मचारी को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने समय पर पहुंचाया अस्पताल

किरंदुल/बचेली/भांसी । बचेली भांसी मार्ग के मध्य मोड़ पर एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एनएमडीसी में कार्यरत एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल कर्मचारी एनएमडीसी के एल 4 श्रेणी में कार्यरत है और ड्यूटी से अवकाश लेकर अपने पैतृक गांव जगदलपुर के लिए रवाना हुआ था। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया।

हादसे में कर्मचारी को गंभीर चोटें आईं और वह सड़क पर ही घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। संयोगवश उसी समय पूर्व किरंदुल नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह दंतेवाड़ा की ओर गमन कर रहे थे। उनकी नजर जैसे ही दुर्घटनास्थल पर पड़ी, उन्होंने बिना विलंब किए मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने तत्परता दिखाते हुए बचेली स्थित अपोलो हॉस्पिटल में तत्काल फोन कर एंबुलेंस की व्यवस्था करवाई और घायल कर्मचारी को शीघ्र अस्पताल पहुंचाया। साथ ही उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी भांसी पुलिस को भी दी, ताकि आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

शैलेंद्र सिंह की इस त्वरित पहल से घायल कर्मचारी को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी, जिससे उसकी स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों एवं एनएमडीसी कर्मचारियों ने शैलेंद्र सिंह के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए इसे ÷मानवता की सच्ची मिसाल÷ बताया है।

आज के समय में जब लोग अक्सर दुर्घटनाओं के दौरान मूकदर्शक बने रहते हैं, ऐसे में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता और जिम्मेदारी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

यादव समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न

कांकेर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज जिला कांकेर ने आज 11 जनवरी को पुराने कम्यूनिटी हाल में युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न हुआ पुजा अर्चना पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जहां समाजिक संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों को समाज के प्रति आस्था व समर्पण कि शपथ दिलाई गई साथ ही उनका सम्मान किया गया अध्यक्षीय उद्बोधन मे छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने कहा

कि समाज एक सुत्र में बंधकर रहे यादव समाज एक बड़ी संख्या में इस क्षेत्र में निवासरत रहते है सभी समाज को एक साथ सभी के साथ भाईचारे के साथ यादव समाज सदैव चलता रहा है हम आज इस मंच के माध्यम से हम मांग करते है कि छत्तीसगढ़ राज्य मे रावत जाति को पिछड़ा वर्ग मे शामिल किया गया है किन्तु केन्द्रीय सूची मे रावत जाति को पिछड़ा वर्ग मे नही लिया गया है इसी त्रुटी को सुधार करने मे पहले करे समाजिक सामुदायिक भवन व कांकेर के चौक चौराहे मे एक चौक का नाम यादव समाज के प्रतीक पर हो इस मांग के समाज को शिक्षित व संगठित रहने कि अपील कि। मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम ने कार्यक्रम कि सराहना करते हुए समाज को एक सुत्र मे बांधने कि बात कही।

13 जनवरी से तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन

अंतागढ़ / नवप्रदेश। आज 13 जनवरी से 15 जनवरी तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन आनाबुदीन शीतला माता मंदिर में आयोजित किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मानसगान टीमों द्वारा अपनी खूबसूरती प्रस्तुति दी जाएगी तीन दिनों चलने वाला मानसगान प्रतियोगिता में नगर सहित क्षेत्र के सैकड़ों भक्तजन राम नाम की डुबकी लगाते हुए अपने जीवन को सार्थक करेंगे वही समिति द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने सबका सहयोग कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है । यह आयोजन का दसवां साल है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन अंतागढ़ के पावन धरा में 13 जनवरी से 15 जनवरी तक तीन दिवसीय आयोजित की गई है जहां छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध मानसगान मंडलियों का आगमन होगा जहां अपनी रामायण की चौपाई सहित भक्ति गानों से सभी श्रद्धालुओ का मन मोह लेंगे भक्ति गानों में श्रद्धालु अपने को रोक नहीं पाते है और झूमते हुए नजर आते है तीन दिवसीय होने वाले मानसगान प्रतियोगिता में अंतागढ़ भक्तिमय हो जाता है जहां श्रद्धालु राम नाम की भीड़ में खो कर अपने जीवन को सार्थक करता है वही मानसगान प्रतियोगिता का यह दसवां साल है ।

एसडीएम मैनपुर को कारण बताओ नोटिस, प्रशासनिक व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन

गरियाबंद / नवप्रदेश। कलेक्टर जिला गरियाबंद श्री बी.एस. उईके द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनपुर श्री तुलसीदास मरकाम के विरुद्ध शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर उदासीनता एवं प्रशासनिक अनुशासन के उल्लंघन के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तहसील देवभोग अंतर्गत ग्राम उरमाल स्थित शासकीय भूमि पर बिना विधिसम्मत अनुमति के नृत्य, नाटक एवं संगीत से संबंधित कार्यक्रमों का सतत आयोजन किया गया। उक्त अवधि में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी द्वारा न तो प्रभावी पर्यवेक्षण किया गया और न ही विधिसम्मत नियंत्रणात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की गई, जबकि वे कार्यपालिक दंडाधिकारी के दायित्वों से भी आबद्ध हैं।कलेक्टर द्वारा यह प्रतिपादित किया गया है कि उक्त घटनाक्रम से प्रशासनिक मर्यादा, लोक व्यवस्था तथा शासकीय प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के प्रावधानों के प्रतिकूल है।

अंतागढ़ में महिला बाल विकास विभाग का विकास मॉडल

बिना पानीङ्कबिजली के वाटर प्यूरीफायर, जर्जर आंगनबाड़ी में टीवी – लाखों की खरीदी या खुला भ्रष्टाचार?

अंतागढ / नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग का नाम आते ही यदि भ्रष्टाचार की तस्वीर सामने आ जाए तो इसमें अब किसी को हैरानी नहीं होती। अंतागढ़ परियोजना के अंतर्गत हाल के दिनों में जो कुछ हुआ है, वह केवल विभागीय लापरवाही नहीं बल्कि पूर्व नियोजित आर्थिक अनियमितता की ओर साफ़ इशारा करता है। सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में रंग-रोगन और चित्रकारी के नाम पर पहले ही लाखों रुपये फूंके जा चुके हैं। अब उसी सिलसिले में जल शुद्धिकरण मशीन और एलईडी टेलीविजन की सप्लाई कर दी गई, जो ज़मीन पर न तो बच्चों के काम आ रही है और न ही आंगनबाड़ी व्यवस्था को मजबूत कर रही है।

बिना पानी की मशीन, बिना बिजली का टीवी – किसके लिए खरीदी?

अंतागढ़ परियोजना के अंतर्गत लगभग सभी सक्षम आंगनबाड़ी और अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों में डब्बा नुमा वाटर प्यूरीफायर भेज दिए गए। जमीनी

हकीकत यह है कि अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों में न स्थायी जल व्यवस्था है और न बिजली कनेक्शन। ऐसे में सवाल यह नहीं है कि मशीनें क्यों नहीं चल रहीं, सवाल यह है कि बिना पानी और बिजली के उपकरण आखिर किस उद्देश्य से खरीदे गए? क्या बच्चों के लिए या फिर सिर्फ़ भुगतान निकालने के लिए?

कबाड़ में तब्दील हो रहे लाखों रुपये

स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि मशीनें शुरू से ही अनुपयोगी पड़ी हैं। कुछ केंद्रों में तो इन्हें खोले बिना ही कोने में रख दिया गया है। कुछ महीनों के भीतर ही ये वाटर प्यूरीफायर जंग खा रहे हैं और कबाड़ बनते जा रहे हैं। एलईडी टीवी की हालत भी अलग नहीं है। जिन केंद्रों में बिजली नहीं, वहां टीवी महज दीवार की शोभा बनकर रह गए हैं।

पहले मोबाइल घोटाला, अब प्यूरीफायर खेल

यह पहला मौका नहीं है जब महिला बाल विकास विभाग पर इस तरह के आरोप लगे हों। वर्ष 2022 में पोषण ट्रैकर योजना के तहत राज्यभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सैमसंग मोबाइल फोन वितरित किए गए थे।

कुछ ही महीनों में मोबाइल खराब हो गए और करोड़ों की खरीदी पर सवाल खड़े हुए।

आज तक न जांच पूरी हुई, न दोषियों पर कार्रवाई।

अब वही कहानी वाटर प्यूरीफायर और टीवी सप्लाई के रूप में दोहराई जा रही है।

जर्जर भवनों की अनदेखी, गैर-जरूरी सामग्री की बाढ़

ग्राम पंचायत चारगांव, सिकसोड़, आमाबेड़ा सहित कोयलीबेडा परियोजना क्षेत्र के दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्रों की इमारतें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं।

कई जगह छत टपक रही है, दीवारें दरक चुकी हैं और कुछ केंद्र तो किराये या अस्थायी स्थानों पर चलाए जा रहे हैं। लेकिन हैरत की बात यह है कि भवन मरम्मत नहीं पानी की व्यवस्था नहीं बिजली कनेक्शन नहीं फिर भी लाखों रुपये के प्यूरीफायर और टीवी भेज दिए गए। यह स्थिति साफ़ संकेत देती है कि जरूरत नहीं, बल्कि कमीशन के हिसाब से खरीदी की गई।

हमें कुछ पता नहीं – जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते अधिकारी

जब इस मामले में महिला बाल विकास अधिकारी और जिला अधिकारियों से सवाल किए गए तो जवाब मिला–

बस्तर पण्डुम के आयोजन को लेकर समाज प्रमुखों से की गई रायशुमारी

■ **एक दिवसीय जिला स्तरीय आयोजन 28 जनवरी को भीरावाही में बैठक लेकर सुझाव आमंत्रित किए गए**

कांकेर / नवप्रदेश। बस्तर संभाग की जनजातीय संस्कृति, स्थानीय कला, पारंपरिक लोक गीत, लोक नृत्य, व्यंजन, परिधान, पेय पदार्थों के मूल संरक्षण एवं संवर्धन करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर पण्डुम - 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसके सफल क्रियान्वयन एवं सामाजिक जनों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने आज जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी द्वारा समाज प्रमुखों की बैठक ली गई। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय सामाजिक प्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित किए गए तथा मार्गदर्शन प्राप्त किए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बस्तर पण्डुम का एक दिवसीय जिला स्तरीय आयोजन आगामी 28 जनवरी को ग्राम भीरावाही के गोंडवाना भवन में किया जाएगा।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज शाम 4.30 बजे आहूत बैठक में कार्यक्रम स्थल, आयोजन समितियों का गठन, प्रतिभागियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था, अधिकाधिक कलाकारों की सहभागिता तथा सिलसिलेवार विधाओं की बेहतर प्रस्तुति पर द्विपक्षीय चर्चा की गई। इसके अलावा आयोजन के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए बस्तर की जनजातीय पारंपरिक विरासत व संस्कृति को सहेजने तथा लुप्तप्राय आदिवासी सभ्यता को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया गया। साथ ही जिला पंचायत के सीईओ एवं बस्तर पण्डुम के नोडल अधिकारी श्री मंडावी ने उपस्थित सभी समाज प्रमुखों को आवश्यक सहयोग करने की अपील की। बैठक में यह भी तय किया गया कि पारंपरिक पूजा पद्धति से जुड़े गायता, पटेल, पुजारी आदि के माध्यम से आयोजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

बुजुर्ग का पैर टूटने से हुआ लाचार, समाजसेवी संस्था ने सुध लेकर बदल दी जिंदगी....

काँकेर / नवप्रदेश। शहर के उदय नगर वार्ड के पार्षद द्वारा जन सहयोग समाजसेवी संस्था÷ को सूचना दी गई कि उनके वार्ड मे एक टूटे-फूटे घर में एक बेसहारा बुजुर्ग रहते हैं, जो सड़क दुर्घटना में पैर टूटने के कारण कहीं आने-जाने से मजबूर हो गए हैं और कोई खाना देता है तो खा लेते हैं अन्यथा कई दिनों से बिना खाए- पिए पड़े हैं। लगातार पड़े रहने के कारण उनकी पीठ में घाव भी हो गया है और टूटे हुए पैर में भी बड़ा ज़ख्म बन गया है।जिसके फौरन इलाज की ज़रूरत है।यह सूचना पाते ही जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने फौरन क़दम उठाते हुए अपने साथियों सहित उक्त बुजुर्ग घनश्याम चंद्रवंशी के घर जाकर पूरा विवरण प्राप्त किया। मालूम हुआ कि वह 25 वर्ष पूर्व बिहार से काँकेर आए थे और मज़दूरी करते थे। तब से अकेले ही रह रहे हैं। कुछ समय पूर्व किसी अज्ञात लापरवाह ड्राइवर ने उन्हें टक्कर मार दी और भाग गया तब से उनकी हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है।जन-सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने विभिन्न सूत्रों से बुजुर्ग

के बिहार के किसी रिश्तेदार का फोन नंबर हासिल किया और उसे सूचित किया कि घायल व्यक्ति घनश्याम चंद्रवंशी का इलाज हमारी संस्था तथा यहां के सरकारी तथा गैर सरकारी सहयोगी मिलकर अच्छी तरह कर देंगे और यदि आप उन्हें ले जाना चाहे तो ले जा सकते हैं।यदि इसमें कोई आर्थिक समस्या है तो हम लोग वह भी मदद कर देंगे।

सरोना कोरर कांकेर में तीन अवैध शराब कोचियों की गिरफ्तारी

23 हज़ार लीटर व्हिस्की महुआ शराब जब्त

कांकेर/ नवप्रदेश। कांकेर जिले के नवनियुक्त पुलिस कप्तान के आते ही अवैध शराब जुआ सट्टा पर कार्यवाही के निर्देश के बाद कांकेर जिला पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालो पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए चारामा सरोना कोरर में तीन आरोपियों से कुल 23640 लीटर गोवा व्हिस्की महुआ शराब जिसकी अनुमानित कीमत 10 हज़ार रुपए सहित एक स्कूटी को जब्त किया गया है। कांकेर का शराब सप्लायर प्रशांत चैनानी को शराब का मेन सप्लायर बताया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार कांकेर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध

विशेष अभियान 'उजियारा को लेकर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री श्रीमाल भानुप्रतापपुर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना चारामा कोरर सरोना में अवैध शराब नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पादन करने वाले असामाजिक तत्वों पर सतत् निगरानी रखना आवश्यक कार्यवाही कर असामाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस थाना चारामा,कोरर, सरोना द्वारा लगातार पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम तरियापारा कोकानपुर में आरोपी हीरालाल नेताम पिता स्व. नंदलाल नेताम उम्र 59 साल ग्राम तरियापारा कोकानपुर थाना कोरर के द्वारा 07 लीटर देशी महुआ शराब रकम 600/- रूपये, बिक्री रकम 100/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह ग्राम गिधाली में आरोपी कमल कुमार धुर्वा पिता स्वर्गीय श्याम सिंह धुर्वा ग्राम गिधाली थाना चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा 9.500 लीटर कीमती 1140/- रूपये को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट तहत गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही किया गया।

तीसरे प्रकरण में कांकेर निवासी कंक नाला पुल के पास ग्राम मुड़पार में शराब सप्लायर आरोपी प्रशांत नैनानी पिता विजय नैनानी उम्र 31 वर्ष जाति सिंधी साकिन सुभाष वार्ड थाना के पीछे कांकेर थाना कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा 73 नग अंग्रेजी गोल्ड गोवा सुपीरिया व्हिस्की 13.140 लीटर कीमती 8760/- रूपये,और एक नग स्कूटी, एक नग मोबाइल को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही किया गया संपूर्ण कार्यवाही में सरोना कोरर कांकेर के थाना प्रभारी सहित पुलिस के स्टॉफकी कार्यवाही सराहनीय रही।

पेज 1 का शेष

एनटीपीसी करने जा रही...

तलाईपल्ली में लगभग 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएगी। सालाना पांच लाख टन क्षमता वाली यह एसएनजी परियोजना 150 एकड़ में फैली होगी और इसमें एनटीपीसी की तलाईपल्ली खदानों से प्राप्त 25 लाख टन कोयले की खपत होगी। अधिकारी ने बताया कि परियोजना के तकनीकी पक्ष को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही तक अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।

पीएम मोदी ने वाइब्रेंट ...

हम यह भी चाहते थे कि दुनिया भर के निवेशकों को भी फायदा हो. लेकिन आज, यह समिट सिर्फ निवेश से आगे बढ़कर ग्लोबल ग्रोथ, इंटरनेशनल सहयोग और पार्टनरशिप के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म बन गया है. पिछले कुछ सालों में, ग्लोबल पार्टनर्स की संख्या लगातार बढ़ी है, और समय के साथ, यह समिट समावेश का एक बेहतरीन उदाहरण भी बन गया है. वाइब्रेंट गुजरात में कॉर्पोरेट ग्रुप, कोऑपरेटिव, स्स्स्थ्ह्य, स्टार्टअप, मल्टीलेटरल और बाइलेटरल संगठन, और इंटरनेशनल फाइनेंशियल संस्थान, सभी एक साथ बातचीत और चर्चा करते हैं. वे गुजरात के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं. पिछले दो दशकों में, वाइब्रेंट गुजरात समिट ने लगातार कुछ नया, कुछ खास किया है.

ट्रंप के अमेरिका में नया ..

लगता है। यही वजह है कि हर बैच अलग होता है। कोई हल्का लगता है, तो कोई सीधे जान ले लेता है। ओवरडोज होने पर सांस रुक सकती है, दिल की धड़कन बिगड़ सकती है, और शरीर में ऑक्सीजन की कमी से नीला पड़ना जैसी स्थिति आ सकती है।

यह ड्रग नहीं, जहर है

दरअसल, हाल के महीनों में अमेरिका के कई बड़े शहरों जैसे लॉस एंजिल्स, मियामी, न्यूयॉर्क और कोलोराडो स्प्रिंग्स में पिंक कोकीन से जुड़े छापे और चेतावनियां जारी हुई हैं। 2025 में न्यूयॉर्क में एक तस्करी केस में पिंक कोकीन के साथ दर्जनों हथियार जब्त किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2020 से जुलाई 2024 तक कई मौतें इससे जुड़ी पाई गईं। बताया जा रहा है कि 2024 की शुरुआत से अब तक चार राज्यों में कम से कम 18 मामले सामने आए, जिनमें ज्यादातर लोगों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था।

कहां से शुरुआत?

अब सवाल उठता है कि इसकी शुरुआत कहां से हुई? बताया जाता है कि इसकी शुरुआत कोलंबिया से मानी जाती है, जहां इसे क्लब और पार्टी ड्रग के तौर पर पेश किया गया। वहां इसे 2सी (एक साइकेडेलिक ड्रग) से प्रेरित होकर 'तुसी' नाम दिया गया और गुलाबी रंग को ब्रांडिंग बना दिया। धीरे-धीरे यह लैटिन अमेरिका से अमेरिका और यूरोप तक फैल गया। एक्सपर्ट का कहना है कि पिंक कोकीन अब सिर्फएक ड्रग नहीं, बल्कि एक 'कॉन्सेप्ट' बन चुका है। तस्करों को किसी फिक्स सप्लाई की जरूरत नहीं है, जो भी नशे उपलब्ध हों, उन्हें मिलाकर नया बैच तैयार कर देते हैं।

यह कैसे बन जाता है जानलेवा?

रिपोर्ट के अनुसार, सबसे बड़ा खतरा यह है कि पिंक कोकीन का कोई सीधा इलाज या एंटीडोट नहीं है। डॉक्टर और फर्स्ट रिस्पॉन्डर सिर्फसपोर्टिव केयर दे सकते हैं, जब तक नशा शरीर से बाहर न निकल जाए। कई बार जान बचाना मुश्किल हो जाता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब यह ड्रग सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा। ग्रामीण इलाकों में भी इसके मामले सामने आ रहे हैं।

राजधानी एक्सप्रेस रोकी...

के दौरान राजधानी एक्सप्रेस को रोका गया, जिससे यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ी। यह एसईसीआर के लिए गर्व की बात है।

रेल मदद 139 के जरिए यात्रियों की मेडिकल, सुरक्षा और सुविधा से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान हुआ है। चार साल पहले हम 11वें स्थान पर थे, आज पहले स्थान पर हैं। यह सफलता पूरे स्टाफ, कमर्शियल टीम और आरपीएफ की मेहनत का परिणाम है। हालांकि अधिकारियों के अनुसार यह सम्मान यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के प्रयासों का नतीजा है, लेकिन राजधानी एक्सप्रेस को रोके जाने से नाराज़ यात्रियों ने सवाल उठाए कि क्या पुरस्कार का जश्न यात्रियों की सुविधा से ऊपर है।सम्मान की खुशी में हुआ यह स्वागत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए उपलब्धि हो सकता है, लेकिन यात्रियों की परेशानी ने व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

2 साल बाद भी शुरू नहीं ...

दिखाई नहीं दे रही है।

बजट की कमी की वहज से अटका काम

विधायक की मांग पर जब झंडा पार्क निर्माण की घोषणा की गई तब इसका अंदाजा नहीं था कि इसके निर्माण में 300 करोड़ रुपए का बजट लग सकता है और यही वजह रहा कि इसकी घोषणा भी कर दी गई लेकिन दूसरी तरफअब जिम्मेदारी से लेकर कोई ठोस जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

माना जा रहा है कि एक बार फिर से झंडा पार्क का मामला सुर्खियों में आ सकता है क्योंकि फरवरी महीने में मैनपाट में मैनपाट कार्निवाल का आयोजन प्रस्तावित है ऐसे में जिम्मेदारों से झंडा पार्क निर्माण को लेकर सवाल भी पूछे जा सकते हैं तो दूसरी तरफ इसे लेकर राजनीति भी शुरू हो सकती है। हालांकि विधायक रामकुमार टोप्पो ने पहले भी कई बार कहा है कि झंडा पार्क निर्माण के लिए उनके द्वारा सतत पहल की जा रही है और उसी के तहत जमीन आरक्षित हुई है।

केरल में भाजपा सरकार...

ताकतों से बचाना और केरल में सदियों से मौजूद आस्था की शक्ति की रक्षा करना है।' उन्होंने कहा कि केरल के लोग भी मानते हैं कि यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट ये तीन काम नहीं कर सकते; केवल नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला एनडीए ही ऐसा कर सकता है।

एलडीफ और एलडीफ पर खूब बरसे अमित शाह एलडीफ

भाजपा नेता ने सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले ख्ख्स्र और कांग्रेस-नीत ष्ठस्न की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी मिलीभगत ने केरल की प्रगति को रोक रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य का विकास, सुरक्षा और आस्था की रक्षा केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एनडीए के अधीन ही संभव है। उन्होंने कहा, 'ख्ख्स्र और ष्ठस्न के बीच की मिलीभगत ने इस राज्य को उसकी अपार संभावनाओं के बावजूद अजीब तरह की स्थिरता में डाल रखा है। लेकिन मैं आज कार्यकर्ताओं की इस सभा में केरल के लोगों से अपील करने आया हूं, केरल के भविष्य का रास्ता - चाहे विकास हो, सुरक्षा हो या हमारी आस्था की रक्षा - ख्ख्स्र या ष्ठस्न के माध्यम से नहीं मिल सकता।'

मनरेगा से महात्मा गाँधी के नाम को हटाये जाने पर गाँधी वादी तरीके से हुआ प्रदर्शन

कवर्धा / नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा मनरेगा बचाओ महासंग्राम के तहत एकदिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कीया गई

इसके पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नवीन जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस भवन, सिग्नल चौक, कवर्धा में कांग्रेसजनों ने एकदिवसीय उपवास रखकर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

इस अवसर पर श्री नवीन जायसवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) देश के गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इसे लगातार कमजोर करने का प्रयास कर रही है। बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और जटिल नियम थोपकर योजना को निष्प्रभावी बनाया जा रहा है।

युवा नेता मनीष शर्मा ने कहा कि केंद्र की सरकार उद्योग पतियों के इशारे से काम कर रही है इससे पंचायत का अधिकार व मजदूरों के अधिकार को खत्म किया जा रहा है।

मनरेगा कानून में सुधार के नाम पर मोदी सरकार ने खत्म कर दी रोजगार की गारंटी:कांग्रेस

■ ग्रामीण श्रमिकों से छीना काम का अधिकार, फायदा कुछ नहीं, सिर्फ झांसा : कुंवर सिंह निषाद

■ तीन काले कृषि कानूनों की तरह मनरेगा में बदलाव से ग्रामीणों को नहीं मिलेगा लाभ

दुर्ग/ नवप्रदेश। मनरेगा कानून में परिवर्तन को श्रमिक विरोधी कदम बताते हुए कांग्रेस ने अगले डेढ़ माह तक लगातार आंदोलन का ऐलान किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर दुर्ग में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, मनरेगा आंदोलन प्रभारी राजेंद्र साहू, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किये। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश भर के 12 करोड़ मनरेगा मजदूरों के अधिकारों को कुचल कर रख दिया है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दुर्ग शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकीवाल, भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नीता लोधी, पूर्व सभापति राजेश यादव, अय्यूब खान सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि मनरेगा योजना में किया गया बदलाव महात्मा गांधी के आदर्शों पर कुठाराघात है, मजदूरों के अधिकारों को सीमित करने वाला निर्णय है। मोदी सरकार ने लोकसभा में बिल पास कर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी स्कीम मनरेगा को खत्म कर दिया

है। गरीब मजदूरों से काम का अधिकार छीनने की जान-बूझकर की गई कोशिश है। मनरेगा योजना संविधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी।

मनरेगा बचाओ संग्राम प्रभारी प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि मनरेगा योजना दो दशकों से करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए लाइफलाइन रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान यह ग्रामीणों के आर्थिक आधार को मजबूती देता रहा। इसे खत्म कर नया बीवी जीरामजी लागू कर ग्रामीण श्रमिकों के काम के अधिकार को समाप्त कर दिया गया है। मोदी सरकार के काले कृषि कानूनों की तरह इस योजना से भी ग्रामीण मजदूरों को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि अभी तक मनरेगा के तहत रोजगार की गारंटी थी। अब इस योजना को चलाना या न चलाना सरकार की मर्जी पर निर्भर होगा। राकेश ने दुर्ग जिले के आंकड़े बताते हुए कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार के दौरान मनरेगा के तहत 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य था। पिछले साल इसे घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया गया। इस साल सिर्फ 18 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य दिया गया है। जिले में सक्रिय मनरेगा मजदूरों की संख्या डेढ़ लाख है। वर्तमान में मनरेगा के तहत जिले के मात्र 10 हजार मनरेगा मजदूरों को काम मिल रहा है। पूर्व के वर्षों में इस सीजन में 40 से 50 हजार मजदूरों को काम मिलता था। काम न मिलने पर ग्रामीण मजदूर काम की तलाश में छत्तीसगढ़ से पलायन करने पर मजबूर होंगे।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल और जिला कांग्रेस भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि मनरेगा के तहत 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देती थी।

अब केंद्र सिर्फ 60 प्रतिशत राशि देगी। राज्यों की वित्तीय स्थिति खराब है। जैसे ही बजट का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, वैसे ही मनरेगा योजना बंद होती जाएगी। 100 दिन से 125 दिन का रोजगार केवल सरकार की चालाकी है। छत्तीसगढ़ के 70 प्रतिशत गांव में भाजपा की सरकार आने के बाद से अघोषित तौर पर काम नहीं दिया जा रहा है। मोदी सरकार बनने के बाद पिछले 11 सालो में मनरेगा में काम देने का राष्ट्रीय औसत मात्र 38 दिनों का है। मोदी सरकार के कार्यकाल में कभी भी 100 दिन काम नहीं दिया गया।इसी तारतम्य में 11 जनवरी से मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू होगा। रविवार को गांधी प्रतिमा के सामने कांग्रेसी एक दिवसीय उपवास रखकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। प्रेस कांफ्रेंस में अल्ताफअहमद, नासिर खोखर, हरीश ठाकुर, पालेश्वर ठाकुर, सुशील भारद्वाज, मोहित वाल्दे, करीम खान, पोषण साहू, भोला महोबिया, विजेंद्र भारद्वाज, प्रेमलता साहू, निकिता मिलिंद, लोचन यादव, धर्मेंद्र साहू, घनश्याम साहू सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे ।

कदम संस्था का महापौर बीजारोपण महोत्सव आज

दुर्ग/ नवप्रदेश। सामाजिक संस्था कदम द्वारा महापौर बीजारोपण महोत्सव का आयोजन 11 जनवरी को बीआईटी कॉलेज में किया जाएगा। कदम संस्था के सदस्यों ने आज महापौर अल्का बाघमार से मुलाकात कर अंस रोपण को लेकर जानकारी दी। इस दौरान एमआईसी देवनारायण चंद्राकर, लीना देवांगन, नीलेश अग्रवाल, सरिता साहू, ललिता ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर व कदम संस्था के सदस्यगण मौजूद रहे।

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि (अंस) बीज रोपण निःशुल्क है। स्कूल के टीचर व बच्चों के संपर्क में रहते हुए उनसे वर्तमान में बीज से बनते पौधे की स्थिति का जायजा लिया जाता है। जिन बच्चों को बीज की आवश्यकता है उन्हें फिर से बीज के पैकेट्स दिये गये हैं। ताकि बीजारोपण महोत्सव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले सकें और अपने पौधे के माध्यम से पुरस्कार प्राप्त कर सकें। विकसित पौधों का छात्रवार पंजीयन किया जाएगा और बीजरोपण महोत्सव एक ऐतिहासिक व अभिनव नवाचार के रूप में याद रखा जाएगा।

अंस बीजारोपण का उद्देश्य का यह है कि बाल अवस्था से ही बच्चों के स्वभाव में प्रकृति के प्रति लगाव हो। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि बच्चों के द्वारा रोपे गए बीज से 15-20 दिनों बाद पौधा अंकुरित होता है, जिसे बच्चा पालता-पोसता और बड़ा करता है। इस दरम्यान विद्यार्थी में बीजारोपण के माध्यम से सृजन, धैर्य और देखरेख के साथ जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।इस अभियान में सभी बच्चों, शिक्षको और पालकों से सहयोग की अपील की गई है। बीजारोपण अभियान में अपने विकसित पौधों को लेकर आने वाले बच्चों को सम्मान पत्र, उपहार से सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान लक्की ड्रॉ के माध्यम से विशेष पुरस्कार दिया जायेगा।

रूआबांधा मैदान पर आवास निर्माण के विरोध में पांचवे दिन भी धरना

■ यहां की बस्ती के निवासी लगातार आवास योजना को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

भिलाई/ नवप्रदेश।। रिसाली नगर निगम क्षेत्र में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा तालपुरी ब्लॉक-3 के तहत आवासीय व व्यावसायिक परिसर निर्माण की योजना का विरोध पांचवे दिन भी जारी रहा। यहां की बस्ती के निवासी लगातार आवास योजना को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। निवासियों का कहना है कि सरकारी योजना की आड़ में उनके वर्षों पुराने घरों को तोड़ा जा रहा है। उनकी बसाहट उजाडऩे की तैयारी की जा रही है।

बस्तीवासियों ने कहा कि उन्होंने अपने संसाधनों से मकान बनाए हैं। राजेंद्र प्रसाद चंदन, राजेंद्र रजक सहित अन्य प्रभावितों का कहना है कि अधिकांश लोग गरीब तबके से हैं। उन्हें वर्ष 1998 में आवासीय पट्टा दिया गया था, जिसके बाद कई परिवारों ने अपने सीमित संसाधनों से मकान बनाए थे। यहां 57 घरों को तोडऩे की तैयारी की जा रही है।

वर्ष 2015 में यहां 25 से 30 सीटर सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया था, जिसे अब निर्माण कार्य के लिए तोड़ा जा रहा है। रुआंबांधा का मैदान बस्ती के बच्चों के खेलने का एकमात्र स्थान है। यहीं पर साप्ताहिक बाजार लगता है और मंदिर भी स्थित हैं। सर्व समाज संस्था रूआबांधा व समस्त महिला संगठन की ओर से प्रभावित परिवारों ने मांग करते हुए कहा कि सरकार अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे। नोटिस वापस लेकर यथास्थिति बनाए रखे। आंदोलनकारियों का कहना है कि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।इधर, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल वृत्त के उपायुक्त आरके राठौर ने बस्तीवासियों के आरोपों को भ्रामक बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएसपी से गृह निर्माण मंडल ने यह जमीन खरीदी थी। यहां पर तालपुरी भिलाई में ब्लॉक-सी का निर्माण विधिवत लेआउट प्लान, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की स्वीकृति, भवन अनुज्ञा और रेरा पंजीकरण के बाद नियमानुसार शुरू किया गया है। परियोजना के तहत करीब 150 से 200 परिवारों ने घर खरीदने के लिए पंजीयन कराया है, जिन्हें समय सीमा के भीतर मकान उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इस योजना में कमजोर एवं निम्न आय वर्ग से लेकर मध्यम आय वर्ग तक के हितग्राहियों के लिए आवास शामिल हैं।

राठौर का कहना है कि प्रस्तावित आवासीय निर्माण की जमीन पर सिर्फ 18 घर अतिक्रमण की जद में आते हैं। 57 घर तोड़े जाने की बात सही नहीं है। सीमांकन के बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया गया है। फिलहाल सामने की खाली जमीन पर ही काम किया जाएगा। 18 घरों को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है। कोर्ट के आदेश के बिना किसी भी प्रकार की तोडफ़ोड़ नहीं की जाएगी। न्यायालय के निर्देशों के अनुसार ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

गृह निर्माण मंडल के अनुसार, रूआबांधा मैदान में प्रस्तावित योजना के तहत 3.75 एकड़ भूमि पर कुल 321 यूनिट का निर्माण किया जाना है। इसमें 280 आवासीय और 41 व्यावसायिक परिसर शामिल हैं। इस परियोजना को 2 से 3 सालों के अंदर पूर्ण कर हितग्राहियों को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल बैरिकेडिंग कर निर्माण कार्य की तैयारी शुरू कर दी गई है।

भिलाई इस्पात संयंत्र में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

भिलाई / नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के राजभाषा विभाग द्वारा 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार और विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन) जेएन ठाकुर उपस्थित रहे। समारोह में ऑनलाइन माध्यम से संयंत्र के कार्यपालक निदेशकगण, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, मुख्य महाप्रबंधकगण, समस्त विभाग प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारीगण, विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारीगण सहित हिंदी प्रेमी व हिंदी सेवी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ राज्य रेपिड एंड ब्लिट्ज फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 24 से

भिलाई / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य रैपिड एंड ब्लिट्ज फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 24 व 25 जनवरी को अग्रसेन भवन सेक्टर-6 भिलाई में किया जाएगा। प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा अग्रसेन जनकल्याण समिति के सहयोग से किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे और जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि प्रतियोगिता में आकर्षक नगद पुरस्कार, ट्रॉफी और शतरंज साहित्य प्रदान किए जाएंगे। रैपिड शतरंज स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 15,000 नगद व ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 11,000 नगद और ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 7,000 नगद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। चतुर्थ पुरस्कार 5000 नगद और ट्रॉफी, पंचम पुरस्कार 3000 नगद व शतरंज साहित्य, षष्ठम पुरस्कार 2000 नगद व शतरंज साहित्य, सप्तम से दशम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडिय़ों को 1500 - 1500 रुपए नगद पुरस्कार के साथ शतरंज साहित्य देकर सम्मानित किया जाएगा।

गुरुदेव सोहनलाल बापजी का 12 जनवरी को समाधि दिवस

दुर्ग / नवप्रदेश। चालीसगांव महाराष्ट्र के संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी के 25 वें समाधि दिवस पर 12 जनवरी को श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर सुबह 10.30 बजे महाआरती की जाएगी। गुरुदेव के जीवन पर आधारित कथा और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। समस्त धार्मिक कार्यक्रम भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किए गए हैं। समाधि दिवस पर दुर्ग जिले के अलावा प्रदेश भर से श्रद्धालु जुटते हैं। श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव के प्रमुख रमेश कुमार जैन व पायल जैन ने यह जानकारी देते हुए गुरुदेव के समाधि दिवस पर श्रद्धालुओं से शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

सेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर सेल 24 को

भिलाई / नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा सेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'रन फॉर सेल' 24 जनवरी को सुबह 8 बजे से जयंती स्टेडियम इंदिरा प्लेस, भिलाई में 5 किलोमीटर पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य सेल परिवार के सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, फिटनेस व खेल भावना को प्रोत्साहित करना है।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली श्रेणियों को सेल प्रशासनिक कार्यालय द्वारा निर्धारित मार्गदर्शक के अनुसार बालिका/महिला एवं बालक/पुरुष वर्ग में विभाजित किया गया है। बालिका/महिला वर्ग में कक्षा छठवीं तक, कक्षा सातवीं से बारहवीं तक, बारहवीं से 45 वर्ष तक, 46 वर्ष से 60 वर्ष तक और भूतपूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) श्रेणियाँ शामिल हैं। बालक/पुरुष वर्ग में भी कक्षा छठवीं तक, कक्षा सातवीं से बारहवीं तक, बारहवीं से 45 वर्ष तक, 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा भूतपूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं।

सड़क पर कटार लेकर बर्थडे-सेलिब्रेशन, नाबालिग निकले आरोपी, केस दर्ज

भिलाई / नवप्रदेश। सड़क के बीच कटार से केक काटकर बर्थडे सेलिब्रेशन करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छावनी थाना इलाके के कैम्प 2 भिलाई स्थित बैकुण्ठ धाम तालाब के पास कुछ युवक हाथों में धारदार कटार लेकर सड़क पर केक काट रहे थे। हाथों में पटाखे लेकर आतिशबाजी कर रहे थे। इसका वीडियो वायरल हुआ।छावनी थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक विनय रजक ने बताया कि वीडियो 9 जनवरी को पुलिस के संज्ञान में आया। घटना रात करीब 1 बजे से 2 बजे के बीच की है। वीडियो के अनुसार सार्वजनिक मार्ग पर वाहन खड़ा कर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान हथियारों का प्रदर्शन और पटाखों की आतिशबाजी की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर छावनी थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सड़क पर चाकू और कटार के साथ केक काटने और आतिशबाजी करने वाले ज्यादातर युवक नाबालिग हैं। छावनी सीएसपी प्रशांत कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई है। वे नाबालिग पाए गए हैं। मामला दर्ज कर सभी के सामाजिक पृष्ठभूमि की जानकारी जुटाई जा रही है। नाबालिग होने के कारण कानून के तहत विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

फिल्टर प्लांट में लगेगा नया मोटर पंप

- गर्मी से पहले दुर्ग की वाटर सप्लाई व्यवस्था होगी मजबूत

दुर्ग/ नवप्रदेश। आगामी गर्मी के सीजन में शहरवासियों को जलसंकट से राहत दिलाने नगर निगम ने वाटर सप्लाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने की ठोस योजना तैयार कर ली है। इस बार गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत न होने देने इंटकवेल और फिल्टर प्लांट में नए मोटर पंप लगाए जाएंगे।

नगर निगम के जल विभाग के अफसरों ने बताया कि इंटकवेल में 120-120 एचपी क्षमता के दो नए मोटर पंप स्थापित किए जाएंगे, जिससे कच्चे पानी की आपूर्ति क्षमता में वृद्धि होगी। फिल्टर प्लांट में 97.33 लाख रुपये की लागत से एक अतिरिक्त मोटर पंप लगाया जाएगा, ताकि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे।

मोटर पंपों की खरीदी के लिए शासन से 29 अगस्त 2025 को स्वीकृति मिल चुकी है। तकनीकी परीक्षण व निविदा प्रक्रिया के दौरान प्राप्त सुझावों के आधार पर तकनीकी विशिष्टताओं में आवश्यक सुधार किए गए हैं। सक्षम स्वीकृति में विलंब के कारण निविदा प्रक्रिया को दोबारा प्रारंभ किया गया है, जिसे जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। सभी प्रक्रियाएं पूरी होते ही मोटर पंपों की स्थापना का कार्य तेज़ी से किया जाएगा। निगम के इन प्रयासों से नागरिकों को इस वर्ष जल संकट से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

महापौर अलका बाघमार ने आगामी गर्मी के सीजन से लोगों को जलसंकट की समस्या से निजात दिलाने के लिए मोटर पंप खरीदी का प्रस्ताव शासन को भेजा। शासन ने 3 पंप के लिए राशि स्वीकृत की। 1.94 करोड़ की लागत से इंटकवेल में 120-120 एचपी के दो मोटर पंप लगाए जाएंगे। फिल्टर प्लांट में 97.33 लाख की लागत से एक मोटर पंप लगाया जाएगा।

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि इंटकवेल और फिल्टर प्लांट के लिए तीन मोटर पंप खरीदे जाने है। निविदा शर्तों की स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है।

बीएसपी में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारी पुरस्कृत

'शाबाश' श्रेणी -2 के अर्धवार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

भिलाई / नवप्रदेश। सेल-बीएसपी में कर्मचारियों के सकारात्मक योगदान, नवाचारपूर्ण कार्य संस्कृति और सुरक्षित कार्य व्यवहार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'शाबाश' श्रेणी - 2 अर्धवार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संयंत्र भवन में किया गया। समारोह के माध्यम से संयंत्र की उत्पादकता, सुरक्षा और उत्कृष्ट कार्य करने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र व उपहार प्रदान कर उनके समर्पण, प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन की सराहना की। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने संयंत्र में सुरक्षित कार्य परिस्थितियों के महत्व पर विशेष बल दिया। सभी कर्मचारियों से सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और यह सतत व स्थायी उत्पादकता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उतई में नशीली दवाओं की खरीदी-बिक्री करने वाले 3 गिरफ्तार

उतई / नवप्रदेश।। पुलिस ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार का खुलासा करते हुए उतई में 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से ट्रामाडोल युक्त प्रतिबंधित नशीली टैबलेट की बड़ी खेप बरामद की गई है। ग्राम सेलुद स्थित धान मंडी के पास आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उतई थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नीले रंग की बाइक पर सवार कुछ युवक धान मंडी के पास नशीली टैबलेट बेचने की फिराक में खड़े हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। जिसमें त्रिलोकी यादव (27), निवासी ग्राम सेलुद सतनामी पारा, थाना उतई जिला दुर्ग, चेमन विश्वकर्मा (20) और हकीम खान (24), दोनों निवासी इंदिरा नगर कुरूद, थाना कुरूद जिला धमतरी शामिल हैं।

केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने भाजपा संगठन चलाएगा जनजागरण अभियान

दुर्ग/ नवप्रदेश। जिला भाजपा की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने जनजागरण का आव्हान किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में अनुशासन के साथ पार्टी संगठन के कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोड़ा उपस्थित रहे। बैठक में विगत वर्ष संपन्न हुए कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी दिनों में संगठनात्मक कार्यों के संपादन को लेकर रूपरेखा तय की गई। बैठक में संगठन पदाधिकारीयों ने 1 साल की उपलब्धि भरे कार्यकाल

पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर कौशिक ने कहा कि भाजपा सदैव राष्ट्रवादी विचारधारा के आधार पर कार्य करती है। जनमानस को बताना है कि सामाजिक-आर्थिक विकास 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के मंत्र पर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार कार्य कर रही है। विश्व की चौथी अर्थ व्यवस्था बनने के साथ ही चंद्रयान जैसी सफलता, मेक इन इंडिया जैसे कार्यों की जानकारी आम जन को देना है। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए 'आत्मनिर्भरता और जन-भागीदारी' के लिए हमें समय-समय पर जन जागरण करना होगा

जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि संगठन में हमेशा समन्वय अनुशासन में रहकर कार्य आवश्यक है। यह साल चुनौतियों भरा रहा। सभी कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से कई मील के पत्थर हासिल किए गए हैं। सभी कार्यकर्ता चरैवेति-चरैवेति मूल मंत्र के आधार पर कार्य करते हुए संगठन के समस्त कार्य को संपादन करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, हर्षा चंद्राकर, राजीव पांडेय, गायत्री वर्मा, गिरेश साहू, नवीन पवार, शैलेंद्र शेंडे, हिमा साहू, शैलेंद्री मंडावी, ओमप्रकाश सेन, ध्रुव सचदेव, सैयद आसिफ अली, राहुल पंडित, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह राजपूत, मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, कमलेश फेकर, मनमोहन शर्मा, हरीश चौहान, कौशल साहू, ब्रह्म भट्ट, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अरविंदर खुराना, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष खेमलाल देशलहरे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहित राजपूत, मोर्चा महामंत्रीगण उपस्थित रहे ।

स्कूल नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में विवाद

दुर्ग / नवप्रदेश। । स्कूल नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में विवाद के बाद राजस्थान की टीम वापस लौट गई है। प्रतियोगिता के दौरान राजस्थान की टीम ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ की टीम में ओवरएज खिलाडिय़ों को मैच खिलाया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 14 वर्ष के आयु वर्ग की थी। छत्तीसगढ़ की टीम में 21 वर्ष तक के खिलाड़ी खेल रहे थे।राजस्थान की टीम ने लिखित में शिकायत की है। इसके बाद भी उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। खिलाडिय़ों के आधार और पहचान पत्र की जांच भी नहीं की गई। आरोप लगाया गया है कि छत्तीसगढ़ की ऑफिशियल टीम ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

महिला कांग्रेस ने हर्षोल्लास के साथ मनाया फुलो देवी नेताम का जन्मदिन

राजनांदगांव /नव प्रदेश । महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदरणीय फुलो देवी नेताम जी के राजनांदगांव आगमन पर महिला कांग्रेस द्वारा उनका जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमा देशमुख के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष माया शर्मा जी, पूर्व हज कमेटी अध्यक्ष रुबीना अल्वी जी, प्रदेश सचिव कुसुम दुबे जी, प्रदेश सचिव खैरून निशा जी, प्रदेश सचिव प्रज्ञा गुप्ता जी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिमा बंजारे, रीना पटेल, मीडिया प्रभारी निखत परवीन सहित पूर्णिमा नागदेव, फरहा खान, साहिना बेगम, दुर्गा देवांगन उपस्थित रहीं। साथ ही महिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष पायल बामाटे जी, रंजना, पूर्व पार्षद दुलारी साहू, ललिता साहू, पायल प्यारे, उत्तरा सिन्हा, रानी शर्मा जी एवं महिला कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने फुलो देवी नेताम जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर संगठन की एकजुटता और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश भी दिया गया।

शाकंभरी जयंती महोत्सव - मरार पटेल समाज मेहनतकस किसान - रोहित साहू

गरियाद / नवप्रदेश ।। जिले के ग्राम बोड़की में तहसील स्तरीय शाकंभरी जयंती महोत्सव धूमधाम मनाया गया। आज शाकंभरी जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए।विधायक रोहित साहू ने समाज के बारे में बहुत ही बढ़िया बात बताई मरार पटेल समाज मेंहनत कस किसान है,जो बंजर जमीन में भी फसल उगा सकता है। और हर समाज को हरा भरा शुद्ध शाकाहारी सांग सब्जी प्रदान कर सकता है ऐसा ही मरार समाज जिसकी आराध्य देवी मां शाकंभरी माता है।आज ग्राम बोड़की में मुझे मरार पटेल समाज के द्वारा मां शाकंभरी जयंती महोत्सव में शामिल होने का शौभाग्य प्राप्त हुआ इसके लिए मैं आभारी हूं, और मरार पटेल समाज बोड़की के द्वारा भवन की मांग की है, तो सामुदायिक भवन के लिए 7 लाख का घोषणा करता हूं। श्रीसाहू ने आभार व्यक्त कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के योजनाओं को सहराना करते हुए सरकार की योजनाएं को गिनाई माहिलाओं को हर महीने 1000 महतारी वंदन सीधे महिलाओं के खाते में और किसानों का धान खरीदी 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रूपये दर से और भूमिहीन मजदूर किसान को सलाना 10000 रूपये, तेंदु पत्ता 5500 प्रति मानक के दर से और हर गरीब को पक्का पीएम आवास मकान दिलाने का वादा जो पुरा होने जा रहा है। तहसील स्तरीय शाकंभरी जयंती महोत्सव में मरार पटेल समाज एवं बोड़की के समस्त ग्रामवासियों को भी धन्यवाद करता हूं।मरार पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा शिक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है, शिक्षा के क्षेत्र में जहां तक हो हमारे समाज के गरीब वर्ग के लोगों को मरार पटेल समाज सही दिशा में ले जानें का प्रयास कर रही है। आज ग्राम बोड़की में मां शाकंभरी जयंती महोत्सव में शामिल होने का शौभाग्य प्राप्त हुआ इसके लिए तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत माहाडिक , जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी नेहरू साहू, प्रदेश कार्यकारी एंव राजिम राज अध्यक्ष तेजराम पटेल, सलाहकार फिरंगी पटेल, तहसील अध्यक्ष नंदकुमार पटेल,जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल, राज महामंत्री बिष्णु पटेल, विनोद पटेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, भूखन पटेल, सुखराम पटेल, अजय पटेल, के पी पटेल, बोड़की सरपंच, जनपद सदस्य, समस्त मरार पटेल राजिम राज, तहसील, जिला पदाधिकारी एवं ग्राम बोड़की के समस्त उपस्थित थे।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी में अर्शवीर सिंह भाटिया का शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन

राजनांदगांव / नव प्रदेश। बीसीसीआई की अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से खेलते हुए अर्शवीर सिंह भाटिया ने गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावशाली प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। ग्वालियर एवं बड़ौदा में आयोजित पूरे टूर्नामेंट के दौरान अर्शवीर ने निरंतरता के साथ खेलते हुए टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

गौरतलब है कि पहली बार छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम ने अपने पूल लीग मुकाबलों में दूसरा स्थान प्राप्त कर नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में अर्शवीर सिंह भाटिया का योगदान उल्लेखनीय रहा।

गेंदबाज़ी में कमाल, देश के टॉप-10 में स्थान

लेफ्ट आर्म चाइनामैन स्पिनर अर्शवीर ने 6 मैचों में 27 विकेट झटककर अपनी गेंदबाज़ी की धार दिखाई। उनकी सटीक लाइन-लेंथ, शानदार फ्लाइट और विविधताओं ने विरोधी बल्लेबाज़ों को लगातार परेशान किया। अपने इस प्रदर्शन के दम पर वे पूरे देश में टॉप-10 विकेट टेकर्स में शामिल रहे।

निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाज़ी

गेंदबाज़ी के साथ-साथ अर्शवीर ने बल्लेबाज़ी में भी अहम योगदान दिया। निचले क्रम में उतरकर उन्होंने 73, 47, 37 और 29 रन की उपयोगी पारियाँ खेलीं, जिससे टीम को कई निर्णायक मौकों पर मजबूती मिली और महत्वपूर्ण साझेदारियाँ बनीं।

एनसीए कैंप की दौड़ में शामिल

इस शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के आधार पर अर्शवीर सिंह भाटिया को आने वाले समय में नेशनल क्रिकेट अकादमी (ह्ष्ट) के कैंप के लिए चयन का अवसर मिल सकता है। चयन होने की स्थिति में उन्हें बीसीसीआई द्वारा नियुक्त एनसीए प्रमुख एवं महान टेस्ट क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जो उनके क्रिकेट करियर के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो सकता है।

आगामी मुकाबला

अर्शवीर भाटिया अब अंतर जिला अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में 12 जनवरी से दल्ली राजहरा में राजनांदगांव जिले की ओर से बिलासपुर के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।

इसी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम में राजनांदगांव के ही एक अन्य खिलाड़ी उपेंद्र मरकाम ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं पर अपनी छाप छोड़ी है। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

कलेक्टर ने स्वामित्व योजना और डिजिटल फसल सर्वेक्षण रबी के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

लघु सिंचाई एवं जल निकाय गणना कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों की ली बैठक

कवर्धा / नवप्रदेश । कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में स्वामित्व योजना, डिजिटल फसल सर्वेक्षण रबी 2026, पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना तथा लघु सिंचाई संगणना एवं द्वितीय जल निकायों गणना की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख श्री आर.बी.देवागंन, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री गजेन्द्र साहू सभी तहसीलदार और राजस्व निरक्षक उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण नागरिकों को उनके मकान और भूमि का कानूनी अधिकार दिलाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए और प्रत्येक तहसील में कम से कम 1500 अधिकार अभिलेख 20 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से तैयार किए जाएं। कलेक्टर ने बताया कि जिले में आगामी समय में अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जाना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर श्री वर्मा ने डिजिटल फसल सर्वेक्षण रबी वर्ष 2026 के तहत एग्रीस्टेक परियोजना की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 973 ग्रामों में जियो-रेफरेंसिंग के माध्यम से डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाना है। यह कार्य 14 फरवरी 2026 तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। समीक्षा में बताया गया कि तहसील पिपरिया में अब तक 693 सर्वे कार्य और तहसील सहसपुर लोहारा में 192 सर्वे कार्य पूरे हो चुके हैं। कलेक्टर ने शेष तहसीलों में कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डिजिटल फसल सर्वेक्षण रबी के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वेक्षण का कार्य तत्काल प्रारंभ कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत पंजीयन, सत्यापन और लाभ वितरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने योजना के तहत चल रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को शेष बचे हितग्राहियों का सत्यापन तथा संबंधित डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह योजना भूमिहीन कृषि मजदूरों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़ी है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने लघु सिंचाई संगणना एवं द्वितीय जल निकायों गणना की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने पाया कि इस कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। इस पर कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में राजस्व निरीक्षकों के माध्यम से सभी पटवारियों को लघु सिंचाई संगणना एवं द्वितीय जल निकायों से संबंधित मोबाइल एप का प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के बाद इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से करते हुए शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाए।

सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन

■ **सूर्य नमस्कार ऋषि मुनियों की विशेष देन - लुकेश्वरी निषाद**

छुरा /नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद जी के जयंती युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष पर पतंजलि युवा भारत के तत्वाधान में भव्य सूर्य नमस्कार का आयोजन नगर के मिनी स्टेडियम में किया गया ।जिसमें योगाचार्य मिथलेश सिन्हा के द्वारा समस्त लोगों को सूर्य नमस्कार कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लुकेश्वरी निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत,अध्यक्षता भोले शंकर जायसवाल सभापति ,गरिमा ध्रुव सभापति नगर पंचायत ,विशेष अतिथि के तौर पर पवन सिंह हेल्थ वेलनेस कोच ,नगर सेठ शंकर सचदेव एवं कृष्णा यादव ,समाजसेवी शीतल ध्रुव उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्व प्रथम मां भारती के छाया चित्र पर पूजन अर्चन कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।सूर्य नमस्कार के फायदे को बताते हुए योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव, शारीरिक निष्क्रियता और रोगों के बीच सूर्य नमस्कार एक ऐसा योग अभ्यास है, जिसे विज्ञान भी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए प्रभावी मानता है। 12 योगासनों से मिलकर बना सूर्य नमस्कार शरीर, मन और मस्तिष्क—तीनों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है ।नियमित सूर्य नमस्कार से तंत्रिका तंत्र सुदृढ़ होता है, जिससे तनाव, चिंता और अवसाद में कमी आती है। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि सूर्य नमस्कार भारतीय योग परंपरा में सूर्य नमस्कार का विशेष और प्राचीन स्थान रहा है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से चली आ रही एक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक साधना है, जिसे हमारे ऋषि-मुनियों ने मानव जीवन को स्वस्थ, संतुलित और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए विकसित किया। वेलनेस कोच पवन सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति, वेदांत और योग दर्शन को विश्व मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई। 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में उनके ऐतिहासिक उद्बोधन ने संपूर्ण विश्व को भारत की आध्यात्मिक शक्ति से परिचित कराया। 卐उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो卐 जैसे उनके प्रेरक वाक्य आज भी युवाओं को कर्मपथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

गरियाबंद में साप्ताहिक सब्जी बाजार की स्थाई व्यवस्था नहीं, एनएच किनारे रावणभाठा मैदान में शिफ्ट

यातायात हो रही प्रभावित

गरियाबंद / नवप्रदेश ।। गरियाबंद में साप्ताहिक सब्जी बाजार के लिए अब तक कोई स्थाई स्थान निर्धारित नहीं किया जा सका है। हाल ही में प्रशासन द्वारा बाजार को मंडी परिसर से हटाकर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) से लगे रावणभाठा मैदान में स्थानांतरित किया गया है। शुक्रवार को लगने वाले इस साप्ताहिक बाजार में भारी संख्या में खरीदारों और विक्रेताओं की भीड़ उमड़ने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बाजार के दौरान एनएच पर वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ जाती है। सब्जी खरीदने आने वाले लोग अपने दोपहिया वाहन सड़क के किनारे खड़े करने को मजबूर हैं, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग को देखते हुए पुलिस प्रशासन को मौके पर जवानों की ड्यूटी लगानी पड़ी है, ताकि यातायात सुचारू रखा जा सके।

मालूम हो कि साप्ताहिक सब्जी बाजार हालही के दिनों में मंडी परिसर में लगता था, लेकिन धान खरीदी प्रभावित न हो, इसे देखते हुए एक बार फिर साप्ताहिक सब्जी बाजार को अन्यत्र भेजा गया है। इसके पहले सब्जी बाजार गांधी मैदान और जनपद पंचायत के सामने अटल बाजार के पीछे की जगह में भी भेजा गया था, जिसके बाद पर्याप्त जगह और किसी तरह से यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए मंडी परिसर में कई महीनों से साप्ताहिक सब्जी बाजार संचालित हो रहा था, जिसे एक बार फिर हटा दिया गया है।

स्थाई व सुव्यवस्थित जगह चिन्हित किया जाए

स्थानीय लोगों का कहना है कि साप्ताहिक बाजार शहर की जरूरत है, लेकिन इसके लिए स्थाई और सुव्यवस्थित स्थान नहीं होने से आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सब्जी बाजार के लिए जल्द एक स्थाई स्थल चिन्हित किया जाए, जहां पार्किंग और यातायात की समुचित व्यवस्था हो, ताकि सड़क पर लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

भगवान शिव की मूर्ति चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया उग्र प्रदर्शन

की कड़ी कार्यवाही की मांग

कवर्धा / नवप्रदेश । जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कवर्धा के काली गार्डन स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग को चोरी कर लिया गया इस घृणित घटना ने न केवल धार्मिक आस्था पर सीधा हमला किया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। इस शर्मनाक घटना से पूरे जिले में भारी आक्रोश व्याप्त है। शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष अशोक सिंह ने इस निंदनीय कृत्य के खिलाफ तथा जिले में व्याप्त अराजकता, अपराध और प्रशासनिक विफलता के विरोध में आक्रामक रुख अपनाते हुए पुतला दहन कर सरकार को चेतावनी दी है

कांग्रेस पार्टी ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस उग्र एवं आक्रामक आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के समस्त पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता साथी एवं कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और एक स्वर में अन्याय के खिलाफ संघर्ष का संकल्प लिया।

कांग्रेस अन्याय, अराजकता और धार्मिक आस्था पर हमलों के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी।

इंडोर स्टेडियम बना बैडमिंटन का रणक्षेत्र

■ **छत्तीसगढ़ आंध्र-ओडिशा की टीमों की दमदार एंट्री अंतरराज्यीय मुकाबलों से गूंजा शहर**

गरियाबंद / नव प्रदेश। खेल और उत्साह से सराबोर गरियाबंद शहर में शनिवार को श्शटल उत्सव दृ गरियाबंदश् का भव्य आगाज हुआ। गरियाबंद बैडमिंटन क्लब के तत्वावधान में आयोजित पुरुष डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ 10 जनवरीए शनिवार को दोपहर 12 बजे शहर के इंडोर स्टेडियम में विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा.अर्चना के साथ हुईए जिसके बाद खेल प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उप पुलिस अधीक्षक धीरेंद्र पटेलए भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा एवं सुनील यादव मंचासीन रहे। उद्घाटन समारोह को खास बनाते हुए पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने स्वयं एक मैत्री मैच खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कियाए जिस पर दर्शकों ने तालियों से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन गिरीश शर्मा ने प्रभावशाली ढंग से किया।

दो दिवसीय यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 10 और 11 जनवरी 2026 को आयोजित किया जा रहा है ।

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जिले में एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन होगा

एन0एस0एस0 करेगा जिला स्तरीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। राजनांदगॉव जिला अंतर्गत पहली बार 12 जनवरी को राजनांदगॉव के रानीसागर चौपाटी स्थित ऊर्जा पार्क में भारत के विश्वगुरू स्वामी विवेकानंद जी की जयंती (युवा दिवस) के उपलक्ष्य में एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होकर लगभग शाम 4 बजे तक आयोजनकर्ता जिला राष्ट्रीय सेवा योजना राजनांदगॉव के द्वारा एवं सहयोगी संस्था छात्र युवा मंच के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। आयोजन एन0एस0एस0 के वर्ष 2026 के ध्येय वाक्य ''उठो, जागो और अपनी शक्ति को पहचानो'' यह वक्तव्य स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा अपने देश के युवाओं के लिये किये गये आव्हान ''अराईज, अवेक एण्ड स्टाप नॉट, टिल दी गोल इस रीच्ड'' पर आधारित है, जिसका अर्थ है कि ''उठो, जागो और अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रूको'' । इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे जो मुख्य वक्ता की आसंदी से बौद्धिक सत्र में सभा को संबोधित करेंगे। अध्यक्षता श्रीमती मोनिका दास, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना राज0 करेंगी, जबकि कार्यक्रम प्रभारी एवं सहयोगी के रूप में छात्र युवा मंच के प्रदेश कोषाध्यक्ष भागवत वर्मा उपस्थित रहेंगे । आयोजन में जिले के समस्त विद्यालय एवं महाविद्यालय के एन0एस0एस0 अधिकारी एवं स्वयंसेवकगण उपस्थित रहेंगे। सहयोगकर्ता के रूप में छात्र युवा मंच के रक्तवीर नागेश यदु सहित पूरी टीम उपस्थित रहेगी। इस एक दिवसीय आयोजन में मुख्य रूप से युवाओं का पंजीयन, दल गठन प्रयोजन कार्य, स्वयंसेवकों का परिचय सत्र, बौद्धिक सत्र -उठो जागो और अपनी शक्ति को पहचानो विषय पर आयोजित होगा, जिसमें मुख्य वक्ता की आंसदी से राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव युवाओं को संबोधित कर उनका मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन करेंगे।

इस शिविर में भाग ले सकते है एन0एस0एस0 इकाई के वर्तमान व पूर्व समस्त स्वयंसेवक, छात्र युवा मंच संगठन के सदस्य, जिनके पंजीयन हेतु पंजीयन प्रभारी भागवत वर्मा (प्रदेश कोषाध्यक्ष छात्र युवा मंच), बालकृष्ण कोमरे दिग्विजय कॉलेज अध्यक्ष एवं मुरली साहू अध्यक्ष अर्जुनी महाविद्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

भरत चरित्र की मार्मिक प्रस्तुति से भक्तिमय हुआ ग्राम बामपारा

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बैकुंठधाम बामपारा में अखंड नवधा रामायण एवं मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजन 5 जनवरी से प्रारंभ होकर 14 जनवरी को हवन पूजन सहस्त्र धारा के साथ समापन एवं सायं 3 बजे से मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम के आचार्य पंडित गुणेश्वर प्रसाद शर्मा, मुख्य यजमान गोकुल यादव, सूडन यादव को बनाया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपए एवं शील्ड जानकी डॉ. रामकुमार साहू पूर्व जनपद सदस्य एवं महेंद्र साहू छग पुलिस द्वारा द्वितीय 8001 रूपये एवं शिल्ड राजेश्वरी रामकुमार मोहले सरपंच द्वारा तृतीय 6001 रूपये एवं शिल्ड ठाकुर अंकुश सिंह एवं गणेश जायसवाल मुंगेली द्वारा इसी तरह अष्टम पुरस्कार 2501 रूपये रखा गया है इसके अलावा बेस्ट गायक 1001 रूपये बेस्ट गायिका 1001 रूपये बेस्ट टीकाकार 1001 रुपए सहित अच्छे प्रदर्शन करने वाले सभी वाद्य पक्ष के कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। इस साल भी अधिक से अधिक मानस मण्डली को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं उक्त जानकारी पूर्व जनपद सदस्य डॉ. रामकुमार साहू ने दी।

व्याख्याताओं का पाँच दिवसीय ब्लू प्रिंट प्रशिक्षण संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। पथरिया-बी आर सी केंद्र में व्याख्याताओ का ब्लू प्रिंट प्रशिक्षण सह प्रश्न पत्र निर्माण का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में शासकीय हाई स्कूल हायर सेकण्डरी विद्यालयों के व्याख्याताओं का ब्लू प्रिंट निर्माण एवं शिक्षण शास्त्र पर विकास खण्ड स्तर में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विकास खण्ड स्तर पर होने वाले इस प्रशिक्षण में विज्ञान समूह (गणित, जीवविज्ञान, भैतिक, रसायन, विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान) का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। और कला समूह (राजनीति, इतिहास, भूगोल, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत) के व्याख्याताओं का ब्लू प्रिंट प्रशिक्षण सह प्रश्न पत्र प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें व्यख्याताओ को प्रश्न निर्माण अंकों के आबंटन हेतु स्पष्ट योजना का निर्माण तथा आसानी से स्पष्ट एवं सरल प्रश्नों भाषा में किसी प्रकार की अस्पष्टता के साथ विषय वस्तु अभ्यास पाठ्य योजना मूल्यांकन तकनीकी के बारे में बताया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, ब्लूम टेक्सॉनामी के 6 डोमेन, विद्यालयीन संस्कृति, लर्निंग आउटकम, तथा ब्लू प्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्र निर्माण करने के तरीका, का विस्तार से समझाया गया।

मुंगेली में सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्नता की ओर

धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सेवा का संगम बना माता परमेश्वरी

मुंगेली/नवप्रदेश। देवांगन समाज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव को लेकर नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। महोत्सव के छठवें दिन माता परमेश्वरी की विधिविधान से भव्य आरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

महोत्सव के छठवें दिन पंडाल परिसर में डॉ. शुभम देवांगन के नेतृत्व में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के लगभग 80 से 90 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। डॉ. शुभम देवांगन ने बताया कि बढ़ती मोबाइल लत के कारण हो रही नेत्र संबंधी समस्याओं से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शिविर में नेत्र जांच के साथ-साथ अन्य बीमारियों की भी जांच कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उनके सहयोगी चिकित्साकर्मी भी उपस्थित रहे। उन्होंने समाज के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों के लिए पार्षद निधि से 1 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर सत्येंद्र सत्तू देवांगन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव के दौरान श्रीनिधि देवांगन ने ÷शंकर चौड़ा रे÷ गीत की सुमधुर प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीनिधि, देवांगन समाज के

सचिव सुदामा देवांगन की सुपुत्री हैं। समाज के जिला अध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्ता ने कहा कि इतनी कम उम्र में मंच पर निर्भीक होकर उत्कृष्ट प्रस्तुति देना गर्व की बात है। वहीं सुदामा देवांगन ने बताया कि श्रीनिधि संगीत के साथ-साथ पढ़ाई में भी अव्वल हैं और अपने विद्यालय की टॉपर छात्रा हैं। महोत्सव के दौरान व्यापार मेला समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी माता के दर्शन के लिए पहुँचे और नगर की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। व्यापार मेला से रामशरण यादव, रवि साहू सहित उनकी टीम उपस्थित रही। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ताकेश्वर साहू, पृथ्वीराज ठाकुर सहित संघ के अन्य कार्यकर्ताओं ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सुबह युवाओं की टोली द्वारा भव्य बाइक रैली एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु देवांगन, युवा टीम अध्यक्ष दुर्गेश देवांगन, प्रदेश मीडिया प्रभारी कोमल देवांगन, पार्षद निमेश देवांगन, रामकिशोर देवांगन, सुदामा देवांगन, अजय देवांगन, शत्रुघ्न देवांगन, जगदीश देवांगन, अनिल देवांगन, ददुआ देवांगन, अमन देवांगन, बलराम देवांगन, भूपेंद्र देवांगन, रजत देवांगन, गोलू देवांगन, धनराज देवांगन, नानू देवांगन, भोलू, गज्जू, तशु, विकास, महिला टीम से विवेकानंद वार्ड के पार्षद श्रीमती अर्चना सत्तू देवांगन, पूर्व पार्षद गायत्री आनंद देवांगन, सुनीता देवांगन, रिया, मेघा, सिया, मनीषा, खुशी, श्रेया, व्हाट्सएप प्राची प्रियंका काजल भूमि, सुरभि, वादी, मुस्कान, मोनिका, संतोषी, सुनीता, सुमन, गायत्री सहित बड़ी संख्या में समाजजनों की सराहनीय सहभागिता रही।

अवैध निर्माण व राष्ट्रीय प्रतीक स्तंभों पर अतिक्रमण को लेकर नपा की राजनीति गरमाई

स्वर्ण जयंती स्तंभ से सटी जमीन पर अवैध निर्माण, शिकायत

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के व्यस्ततम क्षेत्र मेन चौक, पुराना बस स्टैंड, मेन रोड स्थित एक भू-खंड पर अवैध निर्माण को लेकर हलचल मची हुई है। इस संबंध में सरदार पटेल वार्ड निवासी किशोर बैरागी ने कलेक्टर, जिला मुंगेली को जनदर्शन के माध्यम से लिखित शिकायत प्रस्तुत कर विधिसंगत जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है। नगर पालिका में इन दिनों भाजपा कांग्रेस के बीच इन दिनों तीखी बयान बाजी तेज होने लगी है। कभी के पालिका में भाजपा के उपाध्यक्ष द्वारा कराये गये कार्य पर कांग्रेस के अध्यक्ष द्वारा आलोचात्मक बयान दिया जाता है। तो कभी पलट वार स्परूप कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा कराये गये कार्यों में भाजपा से नगर पालिका पहुचे उपाध्यक्ष द्वारा सवालिया निशान उठाया जा रहा है। कडाके के ठंड में इन दिनों नगर पालिका की राजनीति ने गर्माहट घोल दिया है, जिसको लेकर आने वाले दिनों दोनो पक्षो में तीखी प्रतिक्रिया के आसार बढने लगे है। मामला शहर के सबसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र पुराना बस स्टैंड के पास स्थित एक भू-खण्ड पर हुए कथित अवैध निर्माण को लेकर शहर में हड़कंप मचा हुआ है।

व्यावसायिक क्षेत्र पुराना बस स्टैंड के पास स्थित एक भू-खण्ड पर अवैध निर्माण को लेकर है कि सीट नं. 38/सी, भू-खण्ड क्रमांक 45/1 में से लगभग 937 वर्गफुट भूमि पर दुकान एवं मकान का निर्माण कराया गया है। मौके पर कुल 732 वर्ग फीट जमीन है, नगर पालिका ने 592 वर्ग्र फीट पर मानचित्र बनाकर आदेश दिया है जबकि मौके पर 937 का निर्माण हुआ। यह भूमि नगर के पुराना बस स्टैंड के पास स्वर्ण जयंती स्तंभ से लगी हुई बताई गई है, जो कि नगर की महत्वपूर्ण सार्वजनिक लोकेशन में आती है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि निर्माण के लिए आवश्यक अनुमति, नक्शा स्वीकृति एवं भूमि की वैधानिक स्थिति की ठोस जांच नहीं की गई या नियमों की अनदेखी कर निर्माण कराया गया।शिकायत सामने आने के बाद यह मामला नगरवासियों में चर्चा का विषय बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सार्वजनिक एवं शासकीय भूमि पर इस प्रकार के निर्माणों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो इससे भविष्य में अवैध कब्जों को बढ़ावा मिलेगा। वही नगर पालिका परिषद के अंतर्गत सरदार पटेल वार्ड क्रमांक 02 में स्थित आजादी के प्रतीक रजत जयंती स्तंभ एवं स्वर्ण जयंती स्तंभ इन दिनों बदहाली और अतिक्रमण की चपेट में हैं। राष्ट्रीय गौरव से जुड़े इन ऐतिहासिक स्मारकों की उपेक्षा को लेकर नगर में असंतोष गहराता जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता संदीप सिंह ठाकुर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गणतंत्र दिवस से पूर्व कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इन स्तंभों का निर्माण देश की आजादी की स्मृति और शहीदों के सम्मान के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन वर्तमान में

उनकी स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। स्तंभ परिसर के आसपास होटल, ठेले, गुमटी, जूता-चप्पल की दुकानें और अव्यवस्थित वाहन पार्किंग के कारण न केवल अवैध अतिक्रमण बढ़ गया है, बल्कि राष्ट्रीय प्रतीकों की गरिमा भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह दृश्य स्वतंत्रता और संविधान के मूल्यों के विपरीत है।ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 49 एवं अनुच्छेद 51 (ए) (एफ) का हवाला देते हुए कहा है कि राष्ट्रीय धरोहरों, स्मारकों और प्रतीकों की रक्षा करना शासन और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा इन स्तंभों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि स्थल का तत्काल निरीक्षण कर स्तंभ परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

अनशन पर बैठने की चेतावनी

सामाजिक कार्यकर्ता ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे गांधीवादी विचारधारा के अनुरूप अनशन पर बैठने को विवश होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नपा प्रशासन की होगी। वहीं ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रदेश के सीएम साय, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल तथा कलेक्टर मुंगेली को भी भेजी गई है। अब निगाहें नगर पालिका प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस विषय को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या आजादी के प्रतीकों को उनका खोया हुआ सम्मान और संरक्षण मिल पाता है या नहीं।

पुराना बस स्टैण्ड स्थित उक्त स्थल पर अनुज्ञा से निर्माण किया गया जो कब्जा की श्रेणी में आता है पूरी रिपोर्ट नपा को सौंप दी जाएगी। कार्यवाही नगर पालिका करेगी।
रेखा चन्द्रा, नजूल अधिकारी मुंगेली

इस संबंध में नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि उक्त स्थल पर अनुज्ञा से ज्यादा स्थल पर निर्माण किया गया हैं जो नियम विरुद्ध हैं, इसमें नोटिस जारी किया गया है, नजूल मे जांच के लिए भेजा गया है, जांच पश्चात् कार्यवाही की जाएगी।

गणतंत्र दिवस पर परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए चयन समिति गठित

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में आयोजित होने वाली परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। समिति का गठन प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन करने हेतु किया गया है। परेड प्रतियोगिता के लिए गठित समिति में डिप्टी कलेक्टर इंदिरा मिश्रा को अध्यक्ष तथा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एमसीबी तरशिला टोप्पो को सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मूल्यांकन हेतु डिप्टी कलेक्टर इंदिरा मिश्रा को अध्यक्ष तथा सहायक आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग अंकिता मरकाम को सदस्य नियुक्त किया गया है। समिति द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान आयोजित परेड एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले दलों और प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाएगा तथा निर्धारित मापदंडों के अनुसार विजेताओं का चयन किया जाएगा।

आस्था की पहाड़ी पर शिव का वास मकर संक्रांति पर श्रद्धा का संगम

एमसीबी/नवप्रदेश। घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्ध बाबा धाम आज आस्था, परंपरा और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। मकर संक्रांति के अवसर पर यह स्थल हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का संगम बन जाता है और पूरा क्षेत्र मेले व भक्ति के रंग में रंग जाता है। इतिहासकारों के अनुसार सिद्ध बाबा धाम की आस्था की शुरुआत वर्ष 1928 में हुई, जब कारीमाटी क्षेत्र में कोयला खनन के दौरान श्रमिकों ने पहाड़ी पर स्थित खुले शिवलिंग की पूजा प्रारंभ की। समय के साथ साधु-संतों का यहां आगमन हुआ और

यह स्थल धीरे-धीरे आस्था का केंद्र बन गया। कुछ वर्ष पहले तक उपेक्षित रहे इस प्राचीन शिव स्थल का जनसहयोग और प्रशासनिक प्रयासों से कायाकल्प हुआ। केदारनाथ धाम की तर्ज पर निर्मित भव्य मंदिर, बिजली, पानी और सीढ़ियों जैसी सुविधाओं ने इसकी पहचान बदल दी है। रात्रि में रोशनी से सजा मंदिर श्रद्धालुओं को विशेष आकर्षित करता है। मकर संक्रांति पर यहां विशाल मेला लगता है। श्रद्धालु तिल-गुड़ अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मंदिर समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। मध्यप्रदेश सीमा से सटे होने के कारण दोनों राज्यों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। सिद्ध बाबा धाम अब जिले की धार्मिक पहचान और पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है।

तम्बाकू नही दिया तो देवर ने भाभी को पीटा, केस दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। एक रिस्ते के देवर ने तम्बाकू नही देने पर अपने भाभी को जमकर पीटा। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थीया कदमबाई पति रूपनारायण ग्राम चैनपुर थाना लखनपुर ने अपने देवर के ख़िलाफ़ शिकायत दर्ज कराई है। देवर को खाना खिलाई। खाना खाने के बाद देवर तम्बाकू की मांग करने लगा भाभी ने कहा तम्बाकू नही है इस बात से देवर भड़क गया। बार-बार मांगने पर नहीं दे रही हो कहते अश्लील गालियां बकते बांस के डंडे से बेदम पिटाई कर दिया जिससे महिला जमीन पर गिर पड़ी। मारपीट और हल्ला सुन कर पति रूप नारायण एवं पड़ोसी भूवनेश्वर, मनीषा, मौके वारदात पर आये महिला अचेत जमीन पर पड़ी थी आनन फानन में युवती को उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल लाया गया।

28 वर्षों की सेवा, फिर भी 2 हजार मानदेय

रेलवे इंस्टिट्यूट कर्मी की अनसुनी कहानी

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। खैर माता मंदिर वार्ड क्रमांक 02 निवासी पी. रामना राव (58 वर्ष), पिता पी. जगन्नाथ राव, ने अपनी जिंदगी के 28 वर्ष रेलवे इंस्टिट्यूट को समर्पित कर दिए, लेकिन आज भी उन्हें मात्र 2000 रुपये मासिक मानदेय पर काम करना पड़ रहा है। पी. रामना राव का जन्म 14 अगस्त 1967 को हुआ। उन्होंने 21 सितंबर 1997 को रेलवे इंस्टिट्यूट में चौकीदार के पद पर कार्य प्रारंभ किया था। उस समय उन्हें 450 रुपये मासिक वेतन मिलता था। तत्कालीन स्टेशन मास्टर डी. गाँगोली, जो उस समय स्टेशन इंचार्ज थे, द्वारा उनकी नियुक्ति करवाई गई थी। सन

2000 में मेंस यूनियन के माध्यम से वेतन में 500 रुपये की वृद्धि हुई। इसके बाद 2002 में पुनः 500 रुपये बढ़े और वेतन 1500 रुपये हुआ। वर्ष 2005 में एक बार फिर 500 रुपये बढ़ाकर कुल मानदेय 2000 रुपये किया गया। इसके बाद पिछले लगभग 20 वर्षों से आज तक उनके वेतन में कोई वृद्धि नहीं हुई है। पी. रामना राव रेलवे इंस्टिट्यूट की साफ-सफाई, रख-रखाव के साथ-साथ रेलवे स्कूल की देखरेख की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने पोलियो अभियान, चुनाव कार्य, खेलकूद आयोजनों, स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के ध्वजारोहण तथा कोविड टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। परिवार में उनकी धर्मपत्नी पी. कल्याणी, बड़े पुत्र पी. परमेश्वर राव (24 वर्ष) एवं छोटे पुत्र पी. संमुख राव (18 वर्ष) हैं। सीमित आय में पूरे परिवार का भरण-पोषण करना उनके लिए चुनौती बना हुआ है। 28 वर्षों की निष्ठावान सेवा के बावजूद आज भी सम्मानजनक वेतन से वंचित यह कहानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

जिले में आरक्षण रोस्टर तैयार करने समिति का गठन

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में शासकीय नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियाओं में आरक्षण संबंधी प्रावधानों के सुचारु क्रियान्वयन के लिए आरक्षण रोस्टर तैयार करने हेतु पदेन समिति का गठन किया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार की गई है। गठित समिति में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि अपर कलेक्टर (स्थापना शाखा) को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह समिति जिले में विभिन्न विभागों में होने वाली नियुक्तियों एवं चयन प्रक्रियाओं के लिए आरक्षण रोस्टर तैयार करेगी, जिससे आरक्षण नियमों का पारदर्शी और नियमसम्मत पालन सुनिश्चित हो सके। समिति के गठन से भविष्य में भर्ती प्रक्रियाओं में स्पष्टता आएगी और आरक्षित वर्गों को उनके अधिकारों के अनुरूप लाभ मिल सकेगा।

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मनेंद्रगढ़ में एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह

मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)/नवप्रदेश। काम के अधिकार की रक्षा को लेकर चल रहे राष्ट्रीय अभियान मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी द्वारा ग्राम चैनपुर स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ। उपवास सत्याग्रह में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस

पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्य, अहिंसा और संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ हुई। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा गरीबों, किसानों और मजदूरों के लिए रोजगार की महत्वपूर्ण योजना है, लेकिन केंद्र सरकार की नीतियों के कारण मजदूरों को न तो पर्याप्त काम मिल पा रहा है और न ही समय पर मजदूरी का भुगतान हो रहा है। बजट में कटौती और काम के दिनों में कमी से योजना कमजोर हो रही है। उपवास सत्याग्रह के माध्यम से मजदूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए मनरेगा को उसकी मूल भावना के साथ पूरी तरह लागू करने की मांग की गई।

पत्रकारवार्ता

पत्रकारवार्ता में कांग्रेस का आरोप, नए कानून को बताया मजदूर विरोधी

मनरेगा की मूल आत्मा खत्म कर मोदी सरकार ने श्रमिकों से छीना काम का अधिकार: अरुण वोरा

मुंगेली/नवप्रदेश। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने शनिवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में केंद्र की मोदी सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने और श्रमिकों से उनका कानूनी काम का अधिकार छीनने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा में किया गया बदलाव महात्मा गांधी के आदर्शों, ग्राम स्वराज की अवधारणा और गरीब मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला है।

अरुण वोरा ने कहा कि 'सुधार के नाम पर' लोकसभा में पारित नया कानून दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम है। अब तक मनरेगा संविधान के अनुच्छेद 21 से जुड़े अधिकारों पर आधारित था, लेकिन नए फ्रेमवर्क में इसे कंडीशनल और केंद्र-नियंत्रित योजना में बदल दिया गया है।

अब सरकार की मर्जी से मिलेगा काम- पूर्व विधायक ने कहा कि पहले मनरेगा में काम देना सरकार की कानूनी बाध्यता थी, मजदूर अधिकारपूर्वक काम की मांग करते थे। अब इसे एक ऐसी योजना में बदल दिया गया है, जिसे चलाना या न चलाना पूरी तरह सरकार की इच्छा पर निर्भर होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नया सिस्टम सरकार को यह अधिकार देता है कि वह हर साल तय

समय के लिए रोजगार बंद कर सके। इससे राज्य यह तय करेंगे कि गरीब कब कमाएंगे और कब भूखे रहेंगे। राज्यों पर डाला जा रहा 50 हजार करोड़ का बोझ-अरुण वोरा ने बताया कि पहले मनरेगा में 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देती थी, लेकिन अब इसे 60.40 के अनुपात में बदल दिया गया है। इसके तहत पहले राज्य सरकार को 50 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी, तभी केंद्र फंड जारी करेगा। 100 से 125 दिन का दावा छलावा-पूर्व विधायक ने 100 से 125 दिन रोजगार बढ़ाने के दावे को भी झूठा बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद 70 प्रतिशत गांवों में अघोषित रूप से काम बंद है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार के दौरान मनरेगा में राष्ट्रीय औसत रोजगार मात्र 38 दिन रहा है, यानी किसी भी साल 100 दिन का रोजगार नहीं दिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, पिछड़ा वर्ग आयोग पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू, पूर्व विधायक चन्द्रभान बारमते, चुरावन मंगेशकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी, संजीत बनर्जी, संजय यादव, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दशरंगपुर नहर के पास पिकअप की टक्कर, बाइक सवार एक की मौत

मुंगेली/नवप्रदेश। दशरंगपुर नहर के पास शनिवार शाम करीब 7.30 बजे पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए।

हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल मुंगेली में भर्ती कराया गया, जहां जिला अस्पताल में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार पिकअप सी.जी. 28 पी. 7375 जिसमें धान की बोरी रखा हुआ था। पीकअप ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। मौके पर वाहन चालक फरार हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को जब्त कर थाने में रखा है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों का सहारा इसके साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी: कांग्रेस

मनरेगा बचाओ संग्रामः बिलासपुर में एक दिवसीय उपवास, मजदूरों के हक के लिए कांग्रेस ने जताया विरोध

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में आज 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत एक दिवसीय उपवास/अनशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह विरोध कार्यक्रम देश-प्रदेश में मनरेगा का नाम बदलने की कथित साजिश और मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा को लेकर किया गया। गांधी चौक बिलासपुर में आयोजित इस एक दिवसीय उपवास में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में ऊर्जावान कार्यकर्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा देश के गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा है और इसके साथ किसी भी तरह का छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मनरेगा को कमजोर करने और मजदूरों के अधिकार छीनने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा के नाम और अधिकारों से छेड़छाड़ बंद नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से उपवास कर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया और मनरेगा मजदूरों के हित में एकजुट रहने का संकल्प लिया गया। जिला अध्यक्ष सुधांशु मिश्र ने कहा कि मनरेगा योजना गरीब और मजदूर वर्ग के लिए सबसे मजबूत सहारा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार इस योजना को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी और मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। ग्रामीण जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आजीविका का आधार है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने और इसके स्वरूप से छेड़छाड़ की कोशिशें मजदूर विरोधी हैं। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक में हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगी।

भाजपा के इशारे पर निगम गरीबों का आशियाना उजाड़ने में आमादाः रविंद्र

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से अन्याय अत्याचार करने में लगी हुई है। जिला व नगर निगम प्रशासन भाजपा सरकार के इशारे में गरीबों के आशियाना उजड़ने में लगा हैं। ज्ञात हो कि पूर्व में कांग्रेस सरकार गरीबों को बसाकर उन्हे आवासीय पट्टा देने का काम किया। पर वर्तमान भाजपा सरकार इन गरीबों के आवास उजाड़ने का काम कर रही है। शहर के कई हिस्सों को चुन चुन कर शासकीय जमीन बताकर उनके आवास पर बुलडोजर चला रहे हैं। जो गरीबों के साथ सरासर अन्याय है।आज का धरना आंदोलन में बैठे सैकड़ो महिलाएं अपने हक, घर बचाने का काम कर रही है । इस आंदोलन में बैठे महिलाओं का हाय भाजपा को जरूर लगेगा और 3 साल बाद भाजपा सत्ता से निश्चित ही बाहर चली जाएंगी। यही माता बहने भाजपा के नेताओं को सत्ता से उतार कर अपना बदला जरूर लेगी। पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सखन दर्वे ने कहा कि 50 दिन अनवरत आंदोलन भाजपा को सबक सिखाएंगे।

न्यूज गैलरी

डीईओ ने अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 3 आवेदकों के आवेदन के छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफे में या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दे सकते है। डीईओ ने आगे बताया कि तखतपुर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला खरकेना में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. रामकुमार साहू के परिवार से उनके पुत्र मंयक साहू ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। इसी प्रकार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मंगला में शिक्षक एल.बी. के पद पर कार्यरत स्व. अनिल कुमार सूर्यवंशी के पुत्र शुभांशु सूर्यवंशी एवं शासकीय प्राथमिक शाला बालक भरनी में कार्यरत स्व. रामकुमार कौशिक के पुत्र हेमंत कुमार कौशिक ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आवेदकों के संबंध में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कक्ष क्रमांक 25 पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग में निर्धारित अवधि में दिया जा सकता है। विलंब से प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

ऑनलाइन सट्टा मामलाः एएसआई की विभागीय जांच पर रोक

आपराधिक मामला और विभागीय जांच एक साथ नहीं चल सकतीः हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने महादेव ऑनलाइन सट्टा के मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि आपराधिक केस और विभागीय जांच एक साथ नहीं चल सकती। इस आधार पर हाईकोर्ट ने रायपुर में पदस्थ एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के खिलाफ चल रही विभागीय जांच पर रोक लगा दी है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की सिंगल बेंच में हुई।

दरअसल संतोषी नगर रायपुर निवासी चंद्रभूषण वर्मा पुलिस विभाग में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उनके खिलाफ शिकायत मिलने के बाद रायपुर में आपराधिक केस दर्ज किया गया और कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई। इसके बावजूद 26 सितंबर 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर ने उसी मामले में विभागीय आरोप पत्र जारी कर जांच शुरू कर दी। इससे क्षुब्ध होकर एएसआई चंद्रभूषण वर्मा ने हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय और ऋषभदेव साहू के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। इस मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के तर्कों से सहमति जताते हुए कहा कि, जब तक आपराधिक मामला लंबित है, तब तक समान आरोपों पर विभागीय जांच नहीं चल सकती। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के खिलाफ चल रही विभागीय जांच पर स्थगन (स्टे) का आदेश दे दिया। ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में ईडी की प्रतिवेदन पर ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज की है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि एएसआई चंद्रभूषण वर्मा छत्तीसगढ़ में मुख्य लाइजनर का काम कर रहा था। चंद्रभूषण दुबई के प्रमोटर्स से हवाला के जरिए हर महीने मोटी रकम लेता था। चंद्रभूषण हवाला के जरिए मिलने वाली रकम को सीनियर पुलिस अफसरों को भी बांट रहा था। ईडी के मुताबिक राजनीतिक रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े लोगों को 'संरक्षण राशि' भी दी जा रही थी। यही वजह है कि केस में ईओडब्ल्यू ने एएसआई चंद्रभूषण वर्मा को भी आरोपी बनाया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का दिया हवाला

याचिकाकर्ता के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के कई महत्वपूर्ण फैसलों का हवाला दिया। जिसमें कैप्टन एम. पॉल एन्थनी बनाम भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड, स्टेन्जेन टोयोटेस्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बनाम गिरीश, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बनाम नीलम नाग के केस में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जब आपराधिक मामला कोर्ट में लंबित हो, तब समान आरोपों और समान गवाहों के आधार पर विभागीय जांच नहीं की जा सकती। वकीलों ने यह भी तर्क रखा कि अगर विभागीय जांच में पहले गवाहों के बयान दर्ज कर लिए जाते हैं, तो यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है और पूरी जांच प्रक्रिया दूषित हो जाती है।

संविदा लाइन कर्मचारियों की हड़ताल प्रतिबंधित

■ हड़ताली कर्मियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ द्वारा 12 से 14 जनवरी तक तीन दिवसीय सांकेतिक काम बंद हड़ताल को प्रतिबंधित किया गया है। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन राजेंद्र प्रसाद ने हड़ताल को लेकर पत्र जारी कर सांकेतिक हड़ताल को प्रतिबंधित किया है। पत्र में कहा गया है कि संविदा कर्मचारी अपनी सेवा शर्तों के अनुसार छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 से शासित एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1968 के अंतर्गत नियंत्रित हैं। उक्त नियमों के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत प्रदर्शन तथा हड़ताल और स्वीकृत होने के पूर्व अवकाश पर प्रस्थान करना कर्मचारियों के लिए प्रतिबंधित है और ऐसे कृत कदाचरण की श्रेणी में आते हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि कर्मचारियों द्वारा ऐसे कृत किए जाने पर वे अनुशासनात्मक कार्रवाई के पात्र होंगे। पॉवर कंपनी द्वारा जारी पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्युत सेवा अत्यावश्यक सेवा में शामिल है और कार्य की निरंतरता को बनाए रखने एवं अपने कार्य क्षेत्र के अधीन शांति व सुरक्षा बनाए रखने हेतु प्रस्तावित सांकेतिक हड़ताल की तिथियां में कार्य पर अनुपस्थित होने वाले कर्मियों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

पेड़ काटने से मना करने भाई को मारा चाकू, मौत

■ बम्हनीडीह में चाकू से हमला करने की बात हुई आम

जांजगीर-चांपा/बम्हनीडीह/नवप्रदेश। नगर पंचायत बम्हनीडीह के वार्ड नंबर 3 मुसलमान मोहल्ले में मामूली बात पर पारिवारिक विवाद ने गंभीर आपराधिक घटना का रूप ले लिया लकड़ी काटने से मना करने पर छोटे भाई ने गुस्से में आकर बड़े भाई पर चाकू से हमला कर दिया गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई ।घटना उस समय हुई जब छोटा भाई साहिल खान लकड़ी लेने जा रहा था बड़े भाई सफर खान उम्र 22 साल ने उसे लकड़ी काटने से मना किया इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में कहासुनी शुरू हो गई देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि साहिल खान ने पास रखे चाकू से सफर खान के सीने पर वार कर दिया अचानक हुए हमले से सफर वहीं गिर पड़ा और परिजनों में चीख-पुकार मच गई । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी छोटे भाई साहिल खान को हिरासत में ले लिया मामले की जांच की जा रही है ।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

जिला अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों की टीम ने सफर खान को बचाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन चाकू के गहरे घाव और अधिक रक्तस्राव के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया और लोग इस घटना को लेकर स्तब्ध नजर आए।

> आरोपी से घटना के संबंध पूछताछ की जा रही है प्रथम दृष्टि दोनों भाई के बीच विवाद होने की बात सामने आ रही है
>
> **के पी सिंह थाना प्रभारी बम्हनीडीह**

नर्सरी कक्षाओं में वैकल्पिक व्यवस्था

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के 4 सेजेस विद्यालयों में नर्सरी कक्षाओं के बच्चों के देखभाल और अध्यापन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। सत्रांत तक प्रत्येक विद्यालय में 1-1 प्राथमिक शिक्षिका नर्सरी से के.जी.2 तक के बच्चों का प्रभार संभालेंगी। डीईओ ने बताया कि चंचल चंद्रा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल तारबाहर, खुश्बू जायसवाल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम तिलकनगर, श्वेता साहू स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम लाला लाजपत राय और समीक्षा केसरी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी स्कूल लाल बहादुर शास्त्री बच्चों का प्रभार संभालेंगी।

रतनपुर बनेगा कॉरिडोर पर्यटन की बढ़ेगी संभावनाः पर्यटन मंत्री

बिलासपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ भवन में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने राज्य में पर्यटन को लेकर बनाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन और धार्मिक स्थलों को बेहतर तरीके से विकसित करने के लिए सरकार सुनियोजित रणनीति पर काम कर रही है। वर्तमान में रायपुर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और

इसके बाद बिलासपुर, सरगुजा और दुर्ग संभाग में पर्यटन विकास को लेकर नई दिशा में काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस तरह से सिरपुर, भोरमदेव और बस्तर क्षेत्र में पर्यटन के लिए बेहतर व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं, उसी तर्ज पर आने वाले समय में बिलासपुर के रतनपुर को भी एक पर्यटन कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। पर्यटन मंत्री ने कहा कि बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार से निश्चित रूप से इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। इसके साथ ही भविष्य में अंबिकापुर एयरपोर्ट के विस्तार की योजना भी है, जिससे सरगुजा अंचल में पर्यटन की संभावनाएं और मजबूत होंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पर्यटन को लेकर पूरी तरह सजग है और लगातार इस दिशा में काम किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल हो सके। इस दौरान मंत्री अग्रवाल ने कांग्रेस द्वारा मनरेगा को लेकर किए जा रहे विरोध पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि सरकार जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रही है।

नए वार्डों में अवैध प्लाटिंग पर निगम आयुक्त सख्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अब सख्त रुख अपनाया गया है। खासकर नए शामिल किए गए वार्डों में बिना अनुमति जमीनों की खरीद-फरोख्त और अवैध कॉलोनियों के मामलों ने निगम प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। अवैध प्लाटिंग न केवल शहर के मास्टर प्लान को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि आम लोगों को भविष्य में कानूनी विवादों और बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसी गंभीर समस्याओं में भी फंसा रही है। इन हालात को देखते हुए निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने शहरव्यापी विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्वयं कई वार्डों और जोनों का निरीक्षण किया, जहां बिना लेआउट स्वीकृति के प्लाटिंग और नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आए। इसके बाद सभी जोन कमिश्नरों को नियमित जांच कर रिपोर्ट निगम मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए गए हैं। निगम प्रशासन के अनुसार कार्रवाई तीन चरणों में होगी। पहले चरण में अवैध प्लाटिंग की पहचान की जाएगी, दूसरे चरण में संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए जाएंगे और इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं करने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।कार्रवाई के तहत अवैध प्लाटिंग को सील करना, सड़क, नाली और अन्य सुविधाएं रोकना, साथ ही जरूरत पड़ने पर एफआईआर दर्ज कराना भी शामिल है। नए वार्डों में ड्रोन सर्वे, फील्ड निरीक्षण और शिकायतों के आधार पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। निगम आयुक्त ने साफ कहा है कि अवैध प्लाटिंग किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी

सीलिंग और एफआईआर की चेतावनी

स्वामी विवेकानन्द चेतना महोत्सव पुलिस ग्राऊण्ड में आज

बिलासपुर/नवप्रदेश।उपमुख यमंत्री तथा भारसाधक मंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग और संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण के निर्देशानुसार कल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'स्वामी विवेकानन्द चेतना महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में 1500 बालक स्वामी विवेकानन्द के परिधान में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में 75×75 फीट आकार में स्वामी विवेकानन्द की रंगोली बनाई जाएगी। इस संपूर्ण कार्यक्रम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में सम्मिलित करने हेतु भी प्रस्ताव भेजा जाना हैं। कार्यक्रम निम्नानुसार आयोजित होंगे पुलिस ग्राऊण्ड - स्वामी विवेकानन्द की वेशभूषा में 15 किशोरों का वन्दे मात्रम गायन एवं विवेकानन्द उद्यान (कम्पनी गार्डन) तक पदयात्रा, समय प्रातः 07:30 बजे विवेकानन्द उद्यान (कम्पनी गार्डन)- स्वामी विवेकानन्द की प्रदर्शनी, समय प्रातः 8:30 बजे उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने कहा गया है।

जायजा प्रमुख चौक और मार्गों का किया मुआयना, अनावश्यक डिवाइडर बंद किए जाएंगे, हटाए जाएंगे अतिक्रमण और पोल

ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने निगम कमिश्नर, ट्रैफिक की टीम के साथ उतरे सड़क पर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर शहर की सड़कों को व्यवस्थित करने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और ट्रैफिक एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने अधिकारियों के साथ सड़कों पर पैदल चलकर जायजा लिया।

इस दौरान फूटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसके लिए ट्रैफिक विभाग और निगम दोनों मिलकर अभियान चालाएंगे। इसके अलावा सड़कों पर गाड़ियां खड़ी कर जाम करने वालों के खिलाफ भी एएसपी ने लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर और एएसपी ने पुराना बस स्टैंड,महाराणा प्रताप चौक,मंगला चौक, मां महामाया चौक, उस्लापुर रोड समेत अन्य स्थानों पर पहुंचकर चौराहे और सड़क का मुआयना किया। इस दौरान सड़कों के बीच के ऐसे डिवाइडर जिनसे ट्रैफिक जाम और दुर्घटना होती है,उसे बंद करने और सड़क किनारे तथा चौक के आसपास अतिक्रमण हटाने को लेकर योजना बनाई गई। इसके अलावा बिजली और स्ट्रीट लाइट के कुछ ऐसे भी पोल को चिन्हित किया गया है जिसे शिफ्ट करने से यातायात में सुधार होगा,ऐसे सभी पोल को भी शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा लेफ्ट फ्री रखने के निर्देश देते हुए हर चौक के लेफ्ट एरिया में किसी भी प्रकार के ठेले गुमटी,अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। साथ ही दुकानदारों को भी दुकान के बाहर पार्किंग को व्यवस्थित रखने समझाइश दिया जाएगा। निरीक्षण में निगम और ट्रैफिक विभाग का अमला मौजूद रहा।

न्यूज गैलरी

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सख्त सजा

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में नाबालिग से दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। आरोपी चंद्रभूषण उर्फ चुन्नू बरैठ (22 वर्ष) को 20 साल के कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यह मामला जून 2024 का है और जूटमिल थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 8 जून 2024 की रात उनकी 16 वर्षीय बेटी को एक युवक बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया। संदेह ग्राम बड़े सीपत निवासी चंद्रभूषण बरैठ पर जताया गया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की और पीड़िता व आरोपी की तलाश तेज की। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी पीड़िता को लेकर तेलंगाना के सिकंदराबाद (बशीराबाद क्षेत्र) में है। स्थानीय पुलिस की मदद से पीड़िता को सुरक्षित बरामद किया गया और 1 जुलाई 2024 को दोनों को रायगढ़ लाया गया। महिला पुलिस अधिकारी ने पीड़िता का बयान दर्ज किया, जिसमें उसने आरोपी द्वारा शारीरिक संबंध बनाए जाने की पुष्टि की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफ्टीएससी पॉक्सो) देवेन्द्र साहू ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषी ठहराया। अदालत ने आरोपी को 20 साल का कठोर कारावास और 5,500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न देने की स्थिति में चार माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। इस प्रकरण में अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने प्रभावी पैरवी की।

जिले में अब तक किसानों से 1644752 क्विंटल धान की हुई खरीदी

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में धान खरीदी की शुरुआत से अब तक 1644752.00 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है। कोरबा जिले में अब तक 66.27 प्रतिशत, कुल 1089936 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिला प्रशासन द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रो से प्राथमिकता से धान का उठाव किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो। साथ ही किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संग्रहण केंद्रों की व्यवस्था एवं समितियों में धान की स्टैकिंग कराकर स्थान बनाया गया है।

स्कूल से लौट रही शिक्षिका को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचीं

कोरबा/नवप्रदेश। दीपका थाना क्षेत्र के आजाद चैक के पास शुक्रवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। स्कूल से ड्यूटी कर घर लौट रही एक शिक्षिका को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि शिक्षिका कार के पहिए के नीचे आने से बाल-बाल बच गई, हालांकि इस हादसे में उनके पैर में गंभीर चोटें आई हैं। यह पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल ऊर्जा नगर कॉलोनी की निवासी रीना सिंह दीपका के एक प्राथमिक शाला में शिक्षिका हैं। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे वह स्कूल से छुट्टी होने के बाद अपनी स्कूटी से घर लौट रही थीं। जैसे ही वह आजाद चैक के पास पहुँचीं, सामने से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिक्षिका स्कूटी समेत सड़क पर दूर जा गिरीं। हादसे को अंजाम देने के बाद कार चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। वहां मौजूद राहगीरों ने तुरंत घायल शिक्षिका की मदद की और उन्हें एसईसीएल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। उनके पैर में चोट आई है, लेकिन उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि शिक्षिका रीना सिंह ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कुसमुंडा खदान में युवक की मिली लाश, हत्या की आशंका

कोरबा/नवप्रदेश। जिले की कुसमुंडा कोयला खदान में एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिला है। मृतक की पहचान 36 वर्षीय टेकराम उर्फलखेश्वर सतनामी के रूप में की गयी है। पुलिस ने जांच-पड़ताल उपरांत कहा की उक्त युवक की मृत्यु केबल चोरी के दौरान बिजली की चपेट में आने से हुई है। मृतक के पिता ने बताया कि एक व्यक्ति उनके बेटे को पिछले शनिवार को पिकनिक के बहाने घर से ले गया था, जिसके बाद वह लापता हो गया था। पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर चिकित्सालय पहुंचने पर उन्होंने अपने बेटे का शव देखा। उनका आरोप है कि उसके साथियों ने उसके बेटे को केबल चोरी के लिए उकसाया और उसे केबल पर धकेल दिया। उन्होंने आशंका जताई है कि उनके बेटे के साथ कोई साजिश हुई है। मृतक के छोटे भाई ने भी घटना की गहन जांच की मांग करी है। मृतक के पिता ने आरोप लगाते हुए कहा की उसकी मोटरसाइकिल भी लापता है। मृतक का पिता मानिकपुर क्षेत्र के डिपरापारा में रहते हैं, जबकि मृतक अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ राताखार डैम के पास किराए के मकान में रहता था। इस मामले में कोरबा सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि कुसमुंडा खदान में केबल चोरी करने गए व्यक्ति की मृत्यु बिजली की चपेट में आने से हुई है। पुलिस ने मामले में चार संदेही लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लगभग 10 लोग खदान में चोरी करने गए थे। पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है।

जुराली का मुआवजा हल होने पर बन सकेगा हाईवे का बाईपास

कोरबा/नवप्रदेश। क्या सिर्फतीन किलोमीटर की दूरी का बाईपास बनाने का काम कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र के जर्ली में वर्ष 2026 में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफइंडिया करा सकेगा? यह अपने आप में एक अहम सवाल है जिसका जवाब क्षेत्र के लोग चाहते हैं। नेशनल हाईवे पर बाईपास निर्माण का काम जुराली में जमीन के मुआवजा को लेकर अटका हुआ है और इसके चक्कर में मुख्य शहर में ट्रैफिक का तमाम बढने से लोग परेशान है।

नियानार धान खरीदी केंद्र में रखा धान हुआ खराब, जांच समिति गठित

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नियानार स्थित धान खरीदी केंद्र में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान किसानों से खरीदा गया धान समय पर उठाव न होने के कारण खराब हो गया। लंबे समय तक खुले में रखे रहने, बारिश और मौसम की मार के चलते धान की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। बताया जा रहा है कि धान की मात्रा लाखों क्विंटल में है, जिससे बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, खरीफ सीजन के दौरान नियानार केंद्र में बड़ी मात्रा में धान का संग्रहण किया गया था। शुरुआती चरण में धान के एक हिस्से का उठाव हुआ, लेकिन शेष धान लंबे समय तक केंद्र परिसर में पड़ा रहा। उचित भंडारण और समय पर परिवहन नहीं हो पाने के कारण धान खराब होने की स्थिति में पहुंच गया।

इस मामले को लेकर कांग्रेस संगठन ने स्थिति की समीक्षा और तथ्यों की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य और ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि बस्तर जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में उठाव की स्थिति की जांच की जाएगी।

पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर शुक्ल को जांच समिति का संयोजक बनाया गया है। समिति में जनपद सदस्य अनिता पोयाम, प्रदेश कांग्रेस सचिव संतोष यादव, जिला उपाध्यक्ष बालेश दुबे, जिला महामंत्री अल्ताफ उल्ला खान, नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, नानगुर ब्लॉक अध्यक्ष फूलसिंह बघेल, बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष शेरसिंह सेठिया, बस्तर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बघेल और भानपुरी ब्लॉक अध्यक्ष श्याम दीवान को शामिल किया गया है।

इसके अतिरिक्त महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष चंपा ठाकुर, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, शहर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष निकेत राज झा, ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक डेविड तथा किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष दयाराम कश्यप भी जांच प्रक्रिया में शामिल रहेंगे।

जांच समिति द्वारा धान के संग्रहण, उठाव और खराब होने के कारणों का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई को लेकर निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल संबंधित विभागों की ओर से इस विषय में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी 2026

बालोद में रात्रिकालीन नाइट हाइक बना साहस और एकता का प्रतीक

बालोद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बालोद के समीप ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी 2026 के उद्घाटन दिवस पर रात्रिकालीन नाइट हाइक कार्यक्रम का भव्य और सफल आयोजन किया गया। इस रोमांचक गतिविधि ने जंबूरी में शामिल रोवर-रेंजरों को साहस, अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता से ओत-प्रोत किया।

नाइट हाइक कार्यक्रम की संचालक सुरेखा श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रात्रिकालीन पदयात्रा में देश के विभिन्न राज्यों से आए कुल 485 रोवर-रेंजर एवं सीनियर स्काउट-गाइड्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने निर्धारित रात्रि मार्ग को टीम भावना के साथ पूर्ण करते हुए सहयोग, अनुशासन और नेतृत्व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कुकुर मंदिर भ्रमण से सांस्कृतिक अनुभव में वृद्धि

नाइट हाइक के दौरान प्रतिभागियों ने कुकुर मंदिर का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्हें क्षेत्र की स्थानीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य को नजदीक से समझने का अवसर मिला, जिससे उनका समग्र अनुभव और अधिक समृद्ध हुआ।

आठ राज्यों की सहभागिता, 'एक भारतश्रेष्ठ भारत' का संदेश

इस गतिविधि में झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश से आए रोवर-रेंजर एवं सीनियर स्काउट-गाइड्स ने भाग लिया। विभिन्न राज्यों के युवाओं की सहभागिता ने राष्ट्रीय एकता और आपसी भाईचारे का सशक्त संदेश दिया।

वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दिखाई हरी झंडी

नाइट हाइक का शुभारंभ एम.एम. जोशी (विंग कमांडर, सेवानिवृत्त), राजकुमार कौशिक (पूर्व निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स) तथा मधुसूदन (एडिशनल इंटरनेशनल कमिश्नर, स्काउट) द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए सुरक्षित और अनुशासित ढंग से कार्यक्रम संपन्न करने की शुभकामनाएँ दीं।

युवाओं में नेतृत्व और आत्मनिर्भरता का विकास

नाइट हाइक जैसी गतिविधियाँ रोवर-रेंजरों में साहस, आत्मनिर्भरता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों में निर्णय लेने, मार्गदर्शन और सामूहिक उत्तरदायित्व का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

जंबूरी के उद्देश्यों को मिला सशक्त स्वरूप

प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी 2026 के अंतर्गत आयोजित यह नाइट हाइक युवाओं में सेवा, साहस और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुई। कार्यक्रम ने जंबूरी के मूल उद्देश्यों–युवा सशक्तिकरण, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व–को प्रभावी रूप से साकार किया।

एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन, नेचुरल थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन 12 से

कोरबा/नवप्रदेश। जैन मिलन समिति एवं सकल जैन समाज कोरबा के सौजन्य से बुधवारी बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में एक एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन, नेचुरल थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 से 17 जनवरी तक आयोजित है। जिसमें एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर (राजस्थान) के थैरेपिस्ट डॉक्टर मुकेश चैधरी एवं थैरेपिस्ट डॉक्टर गुरप्रीत सिंह विशेषज्ञ एवं उनकी टीम रहेगी। जिनके द्वारा बिना औषधि के घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लडप्रेशर, शुगर, गैस, कब्ज, सर्वाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, पुराना सिरदर्द, साइटिका, आंख, कान, नाक, गले का रोग, लंबाई बढ़ाना, लकवा, मस्सा, बवासीर, डिप्रेशन, मानसिक तनाव हाथ पैरों में झुनझुनी होना आदि अनेक रोगों का इलाज बिना दवाई के द्वारा एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन थेरेपी से किया जाएगा। चिकित्सा शिविर का समय सुबह 8.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं शाम को 4.00 बजे से 8रू00 बजे तक रहेगा। जिसमें मरीज पर रोज 15 से 20 मिनट इलाज किया जाएगा।

कोयला कारोबारी से 1.45 करोड़ की ठगी, मुनाफे के लालच में डूबी उम्रभर की कमाई

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा के कोयला कारोबारी से 1.45 करोड़ से ज्यादा की ठगी का मामला सामने आया है। कोयला कारोबारी को रायपुर के व्यवसायियों ने एग्रीकल्चर कमोडिटी की ट्रेडिंग में पैसा लगाकर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। जब कोयला कारोबारी इसके लिए तैयार नहीं हुए तो उन्होंने उधार में रुपए मांगे। डेढ़ साल बाद भी कारोबारियों ने पैसे नहीं लौटाए। मामले में कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

एग्री कमोडिटी ट्रेडिंग में मुनाफे का दिया झांसा: जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर निवासी कोयला कारोबारी बिजेंद्र गुप्ता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बरेजपारा के ट्रांसपोर्टर शनि गोयल के माध्यम से उनका परिचय रायपुर के थोक गल्ला कारोबारी हेमंत कुमार जैन से हुआ था। वे रायपुर में भिक्षु ट्रेडर्स के नाम से थोक में गल्ला का कारोबार करता है। बिजेंद्र गुप्ता ने बताया कि हेमंत कुमार जैन, उसकी पत्नी कविता जैन और साले नवदीप दलाल तीनों मिलकर भिक्षु ट्रेडर्स के नाम से कारोबार करते हैं।

फिर 1.45 करोड़ की कर ली ठगी: हेमंत जैन की पत्नी कविता जैन और उसका साला नवदीप दलाल भी फोन करते थे। उन्होंने चना और हल्दी के खरीदी में पूंजी लगाने पर अच्छा लाभ मिलने का झांसा दिया।

आज कुरूद नगर पालिका में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात देंगे डिप्टी सीएम अरुण साव

कुरूद/नवप्रदेश। राष्ट्र नायक स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कुरूद नगर पालिका का विधिवत शुभारंभ करने के साथ 17 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास करेंगे डिप्टी सीएम अरुण साव 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद मंगल भवन परिसर में। महासमुद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक अजय चंद्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर समेत अनेक जनप्रतिनिधि बतौर अतिथि शामिल होंगे। जोरदार तैवारी नगर पालिका प्रशासन ने की है।नगर पालिका कुरुद द्वारा अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर को अनुमति से नगर के हृदय स्थल

केनाल रोड में बने लगभग 1 करोड़ के लागत से स्वामी विवेकानंद मंगल भवन सहित स्वामी जी की प्रतिमा का लोकार्पण समेत नगरपालिका कुरूद का विधिवत शुभारंभ करेंगे। कुरूद नगर पालिका को विकास कार्यों की सौगात देने आ रहे डिप्टी सीएम अरुण साव इस अवसर पर नगर के विभिन्न जगहों में 10 करोड़ से अधिक विकास कार्यों का शिलान्यास और 7 करोड़ से अधिक कार्यों का लोकार्पण कर विकास की सौगात देंगे। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री अरूण साव काआगमन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अजय चन्द्राकर करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, नगरपालिका कुरूद की अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, पूर्व अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, रविकांत चन्द्राकर, गणमान्य नागरिकों में एल. पी. गोस्वामी, कृष्णकांत साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, सहित नगरपालिका के समस्त पार्षद बतौर अतिथि शामिल होंगे। इस गरिमामयी महोत्सव सोमवार को सुबह 11 बजे केनाल रोड कुरूद के स्वामी विवेकानंद मंगल भवन परिसर में आयोजित किया गया है। जिसको जोर शोर से तैयारी नगर पालिका प्रशासन ने की है। इन कार्यों का होगा लोकार्पण वार्ड क्र. 15 केनाल रोड के पास स्वामी विवेकानंद मंगल भवन एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य लागत राशि 100.32 लाख, वार्ड क्र. 15 अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम में 6 लागत राशि 14.74 लाख, खेल मैदान कुरूद में ऑक्टेंगल पोल हैलोजन लाइट स्थापना कार्य वार्ड क्र. 12 में लागत राशि 12.77 लाख शामिल है।

टीबी से घबराने की जरूरत नहीं, इलाज संभव : मंत्री लखनलाल देवांगन

- **मंत्री देवांगन ने टीबी मरीजों को निक्षय मित्र अंतर्गत वितरित किए पोषण आहार**

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में टीबी उन्मूलन अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उद्योग,वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम विभाग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने टीबी मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण किया। उन्होंने मरीजों से आत्मीय बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उपचार संबंधी आवश्यक सुझाव भी देते हुए कहा कि टीबी का उपचार पूरी तरह संभव है। अनुपयोगी खानपान और अस्वास्थ्यकर आदतों के कारण यह बीमारी किसी को भी हो सकती है, लेकिन समय पर जांच और उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार छह माह तक की नियमित दवा का सेवन आवश्यक है। इसलिए पीड़ित को उपचार अवधि में पूरक पोषण आहार, स्वच्छता और सावधानियों का पालन करना चाहिए ताकि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और इलाज अधिक प्रभावी हो सके। मंत्री ने सभी के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना भी की।

मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीबी जैसे रोग को जड़ से मिटाने का अभियान स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निरन्तर प्रयास से प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक टीबी सहित अन्य बीमारियों के रोकथाम और उपचार के लिए सतत प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वाजनिक उपक्रमों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में एक सशक्त अभियान चलाया जा रहा है।

सरगुजा में हेड मास्टर समेत 11 पर गिरी गाज

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी ने युक्तियुक्तकरण के आदेश का पालन नहीं करने वाले एक हेड मास्टर सहित 11 सहायक शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों को उन स्कूलों में भेजा गया था। जहां शिक्षकों की संख्या बेहद कम थी, लेकिन इन शिक्षकों ने वहां ज्वाइन करने से इनकार कर दिया और कई शिक्षक हाई कोर्ट चले गए, जहां हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि आप एक बार जिला स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति के पास जाकर अपनी बात रखें, इसके बाद शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण समिति के पास अपनी बातें रखी लेकिन शिक्षकों के तर्क को मानने से समिति ने इनकार कर दिया और उन्हें युक्तियुक्तकरण के तहत जारी किए गए।

डीईओ ने हेड मास्टर सहित 11 सहायक शिक्षकों को किया सस्पेंड: आदेश के मुताबिक स्कूलों में ज्वाइन करने के लिए कहा लेकिन शिक्षक इसके बावजूद दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में पढ़ाने के लिए नहीं गए और फिर 6 महीने का वक्त गुजर जाने के बावजूद जब आदेश का पालन नहीं हुआ तब जाकर जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित करने का आदेश जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार झा ने सभी शिक्षकों को निलंबित करने का आदेश जारी किया है।

न्यूज गैलरी

पहले भगवान के सामने हाथ जोड़े, फिर की चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां भिलाई के मछली मार्केट क्षेत्र में स्थित गणेश मंदिर में

चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। जिसका वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, चोरी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफसाफ कैद हो गई है। वीडियो में दिख रहा है कि मंदिर के दरवाजे खुले हुए हैं। इस दौरान एक पुरुष व्यक्ति मंदिर के बाहर खड़ा नजर आता है, जबकि एक महिला मंदिर के अंदर प्रवेश करती है। महिला पहले भगवान गणेश के सामने हाथ जोड़कर श्रद्धा भाव से प्रणाम करती है। माथा टेकती है और दर्शन करती है। इसके बाद वह बिना मंदिर में रखे बर्तन, पूजा सामग्री और अन्य सामान को एक एक करके अपने झोले में डालने लगती है। वह पूरी आराम से यह काम करती है।

हाइवा की टक्कर से युवक की मौत

भिलाईनगर/नवप्रदेश। दुर्ग-पाटन मुख्य मार्ग पर स्थित राजू ढाबा के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे हाइवा ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। हादसा 8 जनवरी की रात को है। मिली जानकारी के अनुसार, अंकित सिंह मोटरसाइकिल से शंकराचार्य अस्पताल दुर्ग में भर्ती अपनी दादी को देखकर पाटन स्थित अपने निवास लौट रहा था। इसी दौरान राजू ढाबा के पास पीछे से आ रहे हाइवा चालक ने तेज व खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में अंकित सिंह सड़क पर गिर पड़ा। इससे उसके सिर, चेहरे एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। सूचना पर मौके पर पहुंची पाटन पुलिस द्वारा युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पाटन में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान 9 जनवरी की रात उसकी मौत हो गई।

हाइवा की चपेट में आने से शिक्षिका की मौत

रानीतराई/नवप्रदेश। रानीतराई से भखरा (कछूर) जाने वाले मार्ग में ग्राम कोही के पुल के पास शनिवार शाम हाइवा की चपेट में आने से एक महिला शिक्षिका की मौत हो गई। इस मामले में रानीतराई पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि शिक्षिका मधुबाला चंद्राकर पति भवेंद्र चंद्राकर (48 वर्ष) ग्राम कोही (कछूर) की रहने वाली है। वह अपने मायके से (पाटन) अपने वाहन स्कूटी से जा रही थी, इसी ग्राम कोही के पुल के पास रानीतराई की ओर से जा रही हाइवा की चपेट में आ गई। इसकी सूचना उसके पति भवेंद्र चंद्राकर को मिलते ही वे तुरंत घटनास्थल पहुंचे। इसके बाद घायल महिला को पाटन अस्पताल के माध्यम से ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शिक्षिका के दो बच्चे हैं। रानीतराई पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। इधर हाइवा ड्राइवर वाहन के साथ थाना पहुंच गया। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

वाहन चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया

भिलाईनगर/नवप्रदेश। उतई और रायपुर के विभिन्न स्थानों से वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह के दो नाबालिग समेत तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पांच वाहनों को जब्त किया है। ग्रामीण एसपी मनीषकर चंद्रा ने बताया कि रवि कुमार देशलहरे (25 वर्ष) निवासी राइस मिल के पास, ग्राम तिलोदा, थाना रनचिरई जिला बालोद ने रिपोर्ट दर्ज कराया था। उसने बताया कि 4 जनवरी को सिकोलाभाठा से अपने गांव जा रहा था। रात 9.30 बजे के आसपास उमरपोटी तालाब के पास अपनी मोटर साइकिल को खड़ा कर टॉयलेट करने चला गया। जब वापस आकर देखा तो उसकी मोटर साइकिल गायब थी। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना किया। प्रकरण की विवेचना दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बाजार चौक उतई में कुछ लड़के मोटर साइकिल को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना पर तत्काल थाना उतई पुलिस ने बाजार चौक उतई पहुंचकर संदेही को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर 4 जनवरी को 1 मोटर साइकिल को उमरपोटी तालाब के पास से और 3 स्कूटी व एक होंडा साइन मोटर साइकिल को रायपुर के विभिन्न स्थानों से चोरी करना स्वीकार किया। मामले में आरोपी आशीष चतुर्वेदी (20 वर्ष) निवासी शक्ति नगर, थाना मोहन नगर, दुर्ग एवं दो नाबालिग को गिरफ्तार कर चोरी की मोटर साइकिल तथा स्कूटर को बरामद किया गया है।

सेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर सेल 24 जनवरी को

भिलाईनगर/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा सेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर सेल 24 जनवरी को प्रातः 08 बजे से जयंती स्टेडियम, सेक्टर-6 में 5 किलोमीटर पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य सेल परिवार के सदस्यों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, फिटनेस एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। बालिका/महिला वर्ग में कक्षा छठवीं तक, कक्षा सातवीं से बारहवीं तक, बारहवीं से 45 वर्ष तक, 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा भूतपूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) श्रेणियां शामिल होंगी। वहीं, बालक/पुरुष वर्ग में भी कक्षा छठवीं तक, कक्षा सातवीं से बारहवीं तक, बारहवीं से 45 वर्ष तक, 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा भूतपूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। सभी प्रतिभागियों को 24 जनवरी को प्रातः 7 बजे जयंती स्टेडियम, सेक्टर-6 में रिपोर्ट करना होगा, जहां पैदल चाल हेतु कृत्रिम ढांचे एवं सुरक्षा मार्ग की जानकारी दी जाएगी। दौड़ प्रातः 8 बजे प्रारंभ होगी तथा समापन कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक बालक एवं एक बालिका को 5,000 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा एवं कक्षा छठवीं तक के विद्यार्थियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बालक एवं बालिका को 3,000 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीकरण 12 जनवरी से 22 जनवरी तक क्रीड़ा कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तथा अपराह्न 4 बजे से 6 बजे तक जयंती स्टेडियम में किया जाएगा। पंजीकरण के समय सभी प्रतिभागियों को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। छात्र-छात्राओं को पंजीकरण के समय अपने विद्यालय प्रमुख से कक्षा एवं आयु प्रमाणन कराना आवश्यक होगा, जिसके आधार पर अलग-अलग सूचियां तैयार की जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी, प्रशिक्षण (एथलेटिक्स) अनिरुद्ध के मोबाइल नंबर 9928116160 पर संपर्क कर सकते हैं।

दो पुलिस कर्मी लाइन अटैच, एसडीएम पर कोई कार्रवाई नहीं

अश्लील डांस पर नोट उड़ाते रहे एसडीएम, वीडियो वायरल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के देवभोग इलाके में संस्कृति के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है. ओपेरा के नाम पर अश्लील डांस का आयोजन करने वाले चार युवकों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है. वहीं, इस पूरे मामले ने तब तूल पकड़ लिया जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें इलाके के एसडीएम खुद नोट उड़ाते और वीडियो बनाते नजर आए. इस लापरवाही के चलते दो पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है, जिन्हें लाइन अटैच कर दिया गया है.

क्या है पूरा मामला?

मिली जानकारी के मुताबिक देवभोग क्षेत्र में एक ओपेरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. इस आयोजन के लिए मैनपुर एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने अनुमति दी थी. कार्यक्रम शुरू होने के बाद ओपेरा की आड़ में जमकर अश्लील डांस का प्रदर्शन किया गया. कार्यक्रम के दौरान न केवल मर्यादाओं की धज्जियां उड़ीं, बल्कि कानून व्यवस्था की भी जमकर धज्जियां उड़ाई गईं.

एसडीएम का वीडियो वायरल, जिला प्रशासन ने साधी चुप्पी: इस पूरे घटनाक्रम का सबसे चौंकाने वाला पहलू वह वीडियो है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में मैनपुर एसडीएम तुलसीदास मरकाम खुद मंच के पास मौजूद रहकर अश्लील डांस का आनंद लेते और अपने मोबाइल से वीडियो बनाते दिख रहे हैं. इतना ही नहीं, वीडियो में साहब कलाकारों पर पैसे लुटाते हुए भी नजर आ रहे हैं. हैरानी की बात यह है कि जिस अधिकारी के कंधों पर कानून का पालन कराने की जिम्मेदारी है, वह खुद नियमों की धज्जियां उड़ते हुए देख रहे थे. इस मामले में कलेक्टर भगवान सिंह के नेतृत्व वाले जिला प्रशासन ने अब तक चुप्पी साधे रखी है, जिससे लोगों में काफी नाराजगी है.

पुलिस की कार्रवाई, लेकिन प्रशासन पर सवाल: वीडियो वायरल होने और मामला गरमाने के बाद पुलिस हरकत में आई. देवभोग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्यक्रम को निर्धारित समय से एक दिन पहले ही बंद करवा दिया और वहां लगे टेंट को हटवा दिया. पुलिस ने अश्लील डांस का आयोजन कराने वाले 4 युवकों के खिलाफमामला दर्ज किया है. वहीं, ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने तो अपने कर्मियों पर कार्रवाई कर दी मगर प्रशासन ने अब तक इस मामले में चुप्पी साध रखी है इन मामले में दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। लोगों का सवाल है कि जब आयोजन की अनुमति एसडीएम ने दी थी और उनकी मौजूदगी में ही सब कुछ होता रहा, तो फिर उन पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

सोशल मीडिया पर हो रही किरकिरी

यह वीडियो अब गरियाबंद सहित पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है. लोग प्रशासन और एसडीएम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं. फिलहाल, देखना यह होगा कि इस वीडियो के सामने आने के बाद शासन-प्रशासन एसडीएम तुलसीदास मरकाम के खिलाफक्या कदम उठाता है?

प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ 4 गिरफ्तार

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास के तहत उतई पुलिस ने थाना खरीदी केंद्र में नशे की टैबलेट और गोलियों की सप्लाई करने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 412 नग प्रतिबंधित नशीली टैबलेट, 03 मोबाइल, नगद रकम एवं मोटरसाइकिल सहित कुल 137200 रुपये का सामान जब्त किया है। एसएसपी मनीषकर चंद्रा ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि ग्राम सलोई धान मंडी के पास 02 लड़के और 01 लड़की चोरी के माल के साथ मोटरसाइकिल में बैठ अपने पास नशीली दवाएं रखकर बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल उतई पुलिस द्वारा ग्राम सलोई धान मंडी के पास पहुंचकर मुखबिर के कथन के अनुसार 03 व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

नाम पता पूछने पर (1) विनोदनी चौधरी निवासी ग्राम सलोई थाना उतई (2) चेन्ना विश्वकर्मा पति इंद्रा नगर कुम्हारी थाना भिलाई (3) हकीम खान पता इंद्रा नगर कुम्हारी थाना भिलाई का होना बताया गया। संदिग्धों तथा उनकी मोटर साइकिल की तलाशी लेने पर आरोपी विनोदनी चौधरी एवं चेन्ना विश्वकर्मा एवं हकीम खान के कब्जे से बाइक में रखे प्लास्टिक बोरी के अंदर से कुल 364 नग टैबलेट बरामद की।

बलौदा बाजार आगजनी मामला, संगठन मंत्री दिनेश वर्मा भी हिरासत में

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजय गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। बलौदा बाजार आगजनी और हिंसा मामले में पुलिस ने करीब दो साल बाद एक बार फिर कार्रवाई शुरू कर दी है। 10 जून 2024 को हुई इस घटना में अब तक 200 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। शनिवार रात हुई ताजा कार्रवाई के बाद यह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष गिरफ्तार: सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने क्रांति सेना के दो बड़े पदाधिकारियों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजय यादव, जो संगठन के जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के करीबी माने जाते हैं, को गिरफ्तार किया गया है। उनके साथ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री दिनेश वर्मा को भी हिरासत में लिया गया है।

कोतवाली थाना के सामने बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद: हालांकि पुलिस ने अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन पुलिस लाइन स्थित आजाक थाने और कोतवाली थाना के सामने पुलिस की सुरक्षा मौजूदगी यह स्पष्ट कर रही है कि पुलिस कार्रवाई चल रही है। इधर, कोतवाली थाना के सामने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद हैं।

बलौदा बाजार में तोड़फोड़ व आगजनी की हुई थी घटनाएं: दरअसल, सतनामी समाज के सबसे बड़े आस्था के केंद्र गिरौदपुरी से लगे महकोनी के अमर गुफा में जोड़ा जैतखाम काटे जाने और उस मामले में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से नाराज होकर सतनामी समाज ने बलौदा बाजार के दशहरा मैदान में 10 जून 2024 को प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान हालात बिगड़ गए और जमकर तोड़फोड़ व आगजनी की घटनाएं हुईं थीं।

13 एफआईआर दर्ज: आगजनी के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आग लगा दी गई थी। इसके अलावा संयुक्त कार्यालय, तहसील कार्यालय में तोड़फोड़ की गई और कई सरकारी व निजी वाहनों को भी जला दिया गया था। इस मामले में बलौदा बाजार सिटी कोतवाली थाना में कुल 13 एफआईआर दर्ज की गई हैं। कांग्रेस, भीम आर्मी और क्रांति सेना से जुड़े कई पदाधिकारियों की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। ज्यादातर मामलों में पुलिस चालान पेश कर चुकी है और कई मामलों में गवाही की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान तेज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने के लक्ष्य के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ एवं ÷बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़÷ अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाइयों के माध्यम से विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में लगातार जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

अभियान के तहत विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा इसकी रोकथाम में समाज की भूमिका के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रमों के दौरान ऑनलाइन लिंक एवं क्यूआर कोड के माध्यम से लोगों को ÷बाल विवाह मुक्त÷ रहने की शपथ दिलाई जा रही है तथा सहभागियों को डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जा रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में सहभागिता निभाई है।

जागरूकता सत्रों में बताया गया कि वर्तमान में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है। कम उम्र में विवाह कराने पर दो वर्ष तक का कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। शासन द्वारा 17 जनवरी 2025 से ग्राम पंचायत सचिवों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा पंचायतों में विवाह पंजीयन को अनिवार्य किया गया है। कार्यक्रमों में यह भी स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह कराना कानूनन अपराध है और इसे क्रूरता की श्रेणी में रखा गया है, जिसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने निर्णय में स्पष्ट किया है। यदि कहीं बाल विवाह की सूचना मिले, तो इसकी तत्काल जानकारी पंचायत सचिव, संबंधित विभाग अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं 181 पर देने की अपील की गई।

गर्मियों से पहले मजबूत होगी दुर्ग की जल व्यवस्था

दुर्ग/नवप्रदेश। आगामी गर्मियों में शहरवासियों को जलसंकट से राहत दिलाने के लिए ननि ने जल आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूत करने की ठोस योजना तैयार कर ली है। इस बार गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए इंटकवेल और फिल्टर प्लांट में हाई कैपेसिटी मोटर पंप लगाए जाएंगे। नगर निगम के जल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इंटकवेल में 120-120 एचपी क्षमता के दो मोटर पंप स्थापित किए जाएंगे, जिससे कच्चे पानी की आपूर्ति क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके साथ ही फिल्टर प्लांट में 97.33 लाख रुपये की लागत से एक अतिरिक्त मोटर पंप लगाया जाएगा, ताकि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। तकनीकी परीक्षण एवं निविदा प्रक्रिया के दौरान प्राप्त सुझावों के आधार पर कुछ तकनीकी विशिष्टताओं में आवश्यक सुधार किए गए हैं।

क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 3.80 करोड़ की ठगी

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नेहरू नगर सुपेला में कार्यालय खोलकर फाइनेंस अप इन्वेस्टमेंट कंसल्टेंसी की आड़ में क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 3.80 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी निवेशकों को हर माह 6 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर लोगों को झांसे में लिया और निवेश कराकर एक ऐप के माध्यम से इंडियन करेंसी को डॉलर में कन्वर्ट करता था।

कुछ माह तक निवेशकों को मुनाफा दिया और मूलधन अपने पास ही रखा। इसके बाद अपना दफ्तर बंद कर भाग गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नोट गिनने की मशीन भी बरामद की है। ग्रामीण एसपी मनीषकर चंद्रा ने बताया कि 9 अक्टूबर को सुपेला थाने में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि शांति नगर निवासी हार्दिक कुड़ेलिया से मार्च 2025 में मिला था। उस दौरान स्वयं को ट्रेडिंग करना एवं अपने निवेशकों को 6 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज दिलाना बताया था तथा प्रार्थी को भी अच्छा मुनाफा मिलने का प्रलोभन देकर रकम निवेश करने कहने पर प्रार्थी ने 20 लाख रुपए विभिन्न माध्यम अपने तथा अपने पिता अनुराग के खाता में ऑनलाइन व नगद दिया।इसके बाद अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक ब्याज की राशि मिलती रही और उसके बाद ब्याज मिलना बंद हो गया।

प्रार्थी जब नेहरू नगर दफ्तर पहुंचा तो वह बंद मिला। आसपास के लोगों ने बताया कि हार्दिक कुड़ेलिया लोगों से पैसा निवेश कराकर भाग गया है। रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318 (2), 318 (4), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

जूनियर मिस इंडिया: पंक्ति ने जीता 'मिस फोटोजनिक' का खिताब

बस्तर की बेटी ने किया छत्तीसगढ़ का नाम किया रौशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर की बेटी पंक्ति बेदरकर ने बस्तर और पूरे छत्तीसगढ़ का देश में नाम रोशन किया है। पंक्ति ने बच्चों की प्रतिभा का सबसे बड़ा मंच मानी जाने वाली जूनियर मिस इंडिया प्रतियोगिता 2026 में 'मिस फोटोजनिक' का खिताब अपने नाम करने के साथ प्रतियोगिता के टॉप-5 में जगह बनाई।

प्रतियोगिता में पंक्ति की प्रभावी प्रस्तुति: प्रतियोगिता के दौरान पंक्ति ने अपने प्रस्तुतीकरण में बस्तर की संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को प्रभावशाली तरीके से जूनियर मिस इंडिया के मंच पर प्रस्तुत किया। पंक्ति की प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया कि उनकी आधुनिक सोच की जड़ें अपनी सांस्कृतिक पहचान से गहराई से जुड़ी हैं।

कक्षा 9 की स्टूडेंट हैं पंक्ति

चौहद साल की पंक्ति कक्षा नौ की स्टूडेंट हैं। पंक्ति ने लगातार राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित कर वह मुकाम हासिल किया है, जिसकी कामना बड़े-बड़े लोग वर्षों तक करते हैं।

पंक्ति की सफलता निरंतर प्रयास का परिणाम

पंक्ति की यह उपलब्धि इस बात का उदाहरण है कि सफलता किसी सुविधा या बड़े शहर की मोहताज नहीं होती, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास ही असली ताकत होते हैं।

पंक्ति जल्द जगदलपुर लौटेंगी

जानकारी के अनुसार, पंक्ति शीघ्र ही अपने गृह नगर जगदलपुर लौटने वाली हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय मां दंतेश्वरी की कृपा और बस्तर और समस्त छत्तीसगढ़वासियों के आशीर्वाद और स्नेह को दिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com